3 राजधानी प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला आज
6 अभिमत भारत के लिए महत्वपूर्ण अवसर
10 कारोबार सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट
11 राष्ट्रीय दुराचार के मामले में नेताम को अदालत से मिली राहत

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 35
नई दिल्ली, बुधवार, 7 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



खराब फॉर्म में चल रहे धवन की निगाह स्वीप शॉट पर
स्पोर्ट्स-12

# महंगाई, बेरोजगारी, चीन मुद्दे पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

- सर्वदलीय बैठक में कालेजियम व केंद्र-राज्य संबंधों जैसे मसले भी उठाने की मांग
- बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, बीजद, आप सहित 31 दलों के सदन के नेताओं ने लिया हिस्सा

## संसद का शीतकालीन सत्र आज से

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**संसद** के शीतकालीन सत्र में विपक्षी दलों ने महंगाई, बेरोजगारी, चीन सीमा पर स्थिति, कॉलेजियम के विषय व केंद्र राज्य संबंध जैसे मुद्दों को उठाने व चर्चा के लिए पर्याप्त समय देने की मांग की है। संसद सत्र से पहले सरकार ने मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें विपक्ष ने यह मांग की। बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, बीजद, आप सहित 31 दलों के सदन के नेताओं ने हिस्सा लिया। सरकार ने बैठक में आश्वस्त किया कि वह लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की अनुमति से नियमों के तहत विपक्ष के उठाए मुद्दों पर चर्चा कराने को तैयार है।

बीजू जनता दल ने सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की मांग की जबकि शिवसेना का शिंदे गुट चाहता है कि जनसंख्या नियंत्रण विधेयक पारित कराया जाए। सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए रक्षा मंत्री एवं लोकसभा के उपनेता राजनाथ सिंह ने सदन के सुचारू कामकाज संचालित होने के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा। बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, देश में आज मुद्दे ही मुद्दे हैं और विपक्ष सदन में चर्चा और सिर्फ चर्चा करना चाहता है। ऐसे में चर्चा के लिए पर्याप्त समय देकर सरकार को सदन में कामकाज का माहौल तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में मुद्दों की लंबी सूची है जिसमें महंगाई और बेरोजगारी प्रमुख हैं। इसके साथ ही कॉलेजियम के विषय पर सरकार और न्यायपालिका के बीच जो स्थिति पैदा हुई है, वह भी एक विषय है। चौधरी ने कहा कि सरकारी प्रतिष्ठानों का कथित दुरूपयोग, केंद्र राज्य संबंध एवं संघीय ढांचे पर आघात से जुड़ा भी विषय है, जिसे हम उठाना चाहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि चीन से लगी सीमा पर क्या स्थिति है, इसके बारे में हमें सही ढंग से जानकारी नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हम (विपक्ष) चाहते हैं कि सत्र के दौरान इस विषय पर भी चर्चा हो। चौधरी ने आरोप लगाया कि कश्मीर से हिन्दुओं का पलायन हो रहा है, यह भी महत्वपूर्ण विषय है।



नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। साथ में अन्य वरिष्ठ मंत्री व नेतागण

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर जो वादा किया था, और भूल सुधार करने की बात कही थी, उसे पूरा नहीं किया गया। इस विषय को भी वह सदन में उठाएंगे। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हमने विभिन्न दलों के सदन के नेताओं के साथ सत्र में उठाए जाने वाले विषयों के बारे में विस्तृत चर्चा की और उन्हें प्रारंभ में ही बता दिया कि लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की अनुमति से नियमों के तहत उनके उठाए मुद्दों पर चर्चा कराने को सरकार तैयार है। उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार नियमों के तहत चर्चा कराने को पूरी तरह तैयार हैं। बैठक के दौरान जोशी ने सत्र के दौरान सरकार के विधाई कामकाज का ब्यौरा रखा और विधेयक पारित कराने में विपक्ष का सहयोग मांगा। कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि विपक्ष सदन में चर्चा करना चाहता है, ऐसे में सरकार को चर्चा के लिए पर्याप्त समय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सत्र में 17 दिन बैठक होगी और इसमें 24 विषय रखे जाएंगे, ऐसे में चर्चा के लिए पूरा मौका देना चाहिए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा कि हम सत्र के दौरान महंगाई, बेरोजगारी तथा सरकारी एजेंसियों के कथित दुरूपयोग के साथ केंद्र राज्य संबंध के विषय को भी उठाना चाहते हैं और बैठक में हमने इस बारे में अपनी बात रखी है।

बीजद के डॉ. सस्मित पात्रा ने कहा कि उनकी पार्टी ने सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने की मांग की है और यह विषय ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कॉलेजियम के मुद्दे से जुड़ा विषय भी उठाएंगे, जिसका प्रभाव देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी केंद्र राज्य संबंध से जुड़ा विषय भी उठाना चाहती है। वहीं, कांग्रेस नेता नासीर हुसैन ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए कोटा के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने पुरानी पेंशन योजना पर चर्चा कराने और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने की मांग की। बैठक में कांग्रेस से अधीर रंजन चौधरी, तृणमूल कांग्रेस से सुदीप बंदोपाध्याय, डेरेक ओ ब्रायन, द्रमुक से टी.आर. बालू, आम आदमी पार्टी से संजय सिंह आदि ने हिस्सा लिया। इसमें रक्षा ( शेष पेज 8 )

# भारत का रूस से तेल खरीदना अनुचितः यूक्रेन

- यूक्रेनी विदेश मंत्री ने जताई नाखुशी, उनके भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर ने हाल ही में भारत के फैसले का किया था बचाव
- कहा- जंग खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं पीएम नरेंद्र मोदी



**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर द्वारा यूक्रेन से जंग के दौरान रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले का बचाव करने के एक दिन बाद मंगलवार को यूक्रेन के विदेश मंत्री ने कहा कि यह 'नैतिक रूप से अनुचित है। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमत्रो कुलेबा ने यह भी कहा भारत को रूस से सस्ता तेल खरीदने का अवसर तब मिला वस्तुतः जब यूक्रेनी नागरिक रूस के आक्रमण को झेल रहे हैं और प्रति दिन मौत का निवाला बन रहे हैं।

एक निजी टीवी चैनल को दिए गए साक्षात्कार में यूक्रेनी मंत्री ने कहा अगर हमारी परेशानियों से आपको लाभ हो रहा है तो यह देखना भी अच्छा होगा कि आप हमारी मदद करें। जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि रूस से तेल खरीदने का भारत का फैसला बाजार शक्तियों के कारण था। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) ने पिछले कुछ महीनों में रूस से भारत से ज्यादा तेल खरीदा। जयशंकर ने टिप्पणी अतिथि और अपनी समकक्ष जर्मनी की अन्नालेना बेयरबॉक से बातचीत के दौरान की थी। उन्होंने कहा था यूरोपीय संघ ने फरवरी से नवंबर के बीच रूस से इतना तेल खरीदा जितना की अगले 10 देश मिलकर भी नहीं खरीद सकें।

भारत ने जितना तेल आयात किया उससे छह गुना ज्यादा यूरोपीय संघ ने खरीदा। जर्मन मंत्री के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने यह भी कहा था मैं आप लोग से कहना चाहूंगा कि आप आंकड़ों को देखिए। एक वेबसाइट है जिसका नाम 'रसिया फॉसिल फ्यूल ट्रैकर' है ये आपको देशवार आंकड़ा उपलब्ध कराती है कि किसने वास्तव में कितना आयात किया और ( शेष पेज 8 )

# विशाखापत्तनम में भी श्रद्धा हत्याकांड जैसी घटना

- हत्या के बाद महिला के शव को टुकड़े-टुकड़े कर ड्रम में सील पैक किया
- मकान खाली करने के डेढ़ साल बाद पता चला

**पीएनएस/एजेंसी ।** विशाखापत्तनम

**दिल्ली** के महरौली में हुए श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड जैसा एक और सनसनीखेज मामला आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में मिला है, जहां शव के कई टुकड़े करने का केस सामने आया है।

जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक बंद किराए के घर में रखे ड्रम में एक महिला के शरीर के अंग के कई टुकड़े मिले हैं। पुलिस को संदेह है कि शव एक साल से अधिक समय से वहां पड़ा हुआ है। किराएदार द्वारा किराया नहीं दिए जाने पर घर के मालिक ने दरवाजा तोड़ा तो सील ड्रम से महिला के शरीर के अंग मिले। पीएम पालेम थाना क्षेत्र के तहत रविवार देर शाम मधुरवाड़ा के विकलंगुला कॉलोनी में एक घर में एक महिला का शव एयर-टाइट प्लास्टिक कवर में लिपटा हुआ मिला। आशंका जताई जा रही है कि डेढ़ साल पहले महिला की हत्या की गई होगी। यह तब सामने आया जब मकान मालिक किरायेदार के कई महीनों से जवाब नहीं देने पर स्थानीय लोगों के साथ घर में ताला तोड़ कर घुसे थे।

टीएनआईई एसीपी (उत्तर) श्रीनिवास राव बताया कि घर के मालिक नंदूरी रमेश का फोन आने के बाद पुलिस ने मौके का दौरा किया। शव पानी के ड्रम में मिला था। हत्यारे ने महिला की हत्या करने के बाद शव को प्लास्टिक के कवर में पैक कर दिया। उसने उसे ड्रम में रखा और चारों तरफ से सील कर दिया है। मामले की जांच के लिए पुलिस की पांच विशेष टीमों का गठन किया गया है और उन्होंने एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है। विशाखापत्तनम शहर के पुलिस आयुक्त श्रीकांत ( शेष पेज 8 )

# महाराष्ट्र-कर्नाटक में सीमा विवाद और बढ़ा

- पवार ने स्थिति को चिंताजनक कहा, बोम्मई बोले- हितों की रक्षा करेंगे
- दोनों ओर एक-दूसरे के वाहनों को बनाया निशाना, कन्नड व मराठी समर्थक नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया

**पीएनएस/एजेंसी ।** बेंगलुरु/मुंबई

**बेलगावी** पर दावेदारी को लेकर महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद मंगलवार को और बढ़ गया और दोनों ओर एक-दूसरे के वाहनों को निशाना बनाया गया। सीमा पर तनावपूर्ण माहौल के मद्देनजर सीमावर्ती जिले में कन्नड व मराठी समर्थक नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने दोनों राज्य के सीमावर्ती इलाके में स्थिति को चिंताजनक करार देते हुए कहा कि वहां जो कुछ हो रहा है उसे देखते हुए अब स्पष्ट रूख तय करने का वक्त आ गया है।

पवार ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा, महाराष्ट्र ने संयम बरतने का रुख अपनाया और वह इसपर कायम रहने को तैयार हैं। लेकिन इसकी भी सीमा होती है। अगर 24 घंटों में वाहनों पर हमले नहीं रुकते तो संयम का मार्ग बदल जाएगा और इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से कर्नाटक के मुख्यमंत्री और कर्नाटक सरकार पर होगी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बेंगलुरु में जोर देकर कहा कि उनकी सरकार सीमा और कन्नड भाषियों के हितों की रक्षा करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस मुद्दे का संबंध वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से होने से इनकार किया।

उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव और कर्नाटक के सीमा पर रुख का कोई संबंध नहीं है। कई सालों से महाराष्ट्र इस मुद्दे को हवा दे रहा है। बोम्मई ने कहा कि महाराष्ट्र ने इस विवाद को उठाया और कर्नाटक की ओर से प्रतिक्रिया आई। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने दोनों राज्यों के बीच सौहार्द्र कायम किया और इसे बाधित नहीं किया जाना चाहिए। बोम्मई ने कहा, यह मुद्दा उच्चतम न्यायालय के समक्ष है। हमारा रुख कानूनी और संवैधानिक है, इसलिए हमें भरोसा है कि हम इस कानूनी लड़ाई को जीतेंगे। हमारे लिए इस मुद्दे को चुनाव के लिए उठाने का सवाल ही नहीं है।

हम अपनी सीमाओं और लोगों की रक्षा को प्रतिबद्ध हैं और साथ ही उन कन्नड भाषियों की भी जो महाराष्ट्र, तेलंगाना और केरल में रह रहे हैं। महाराष्ट्र के मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल का बेलगावी जाकर मराठी समर्थक समूह से मिलने का कार्यक्रम था जिसे स्थगित कर दिया गया जबकि कन्नड समर्थक संगठन ने अपनी ताकत दिखाने के लिए बेलगावी में प्रदर्शन किया। पुणे में शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने स्वरगेट इलाके में कर्नाटक राज्य परिवहन की कम से कम तीन बसों पर काले और नारंगी रंग का पेंट पोत दिया। उन्होंने बस पर जय महाराष्ट्र लिख दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बसों पर पेंट लगाने के मामले में ( शेष पेज 8 )

# गृह मंत्रालय ने पाकिस्तानी दृष्टिबाधित क्रिकेट खिलाड़ियों, अधिकारियों को वीजा की मंजूरी दी

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली




**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने भारत में हो रहे विश्व कप के लिए दृष्टिबाधित पाकिस्तान क्रिकेट टीम के 34 खिलाड़ियों और अधिकारियों को वीजा जारी करने की मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसकी मंजूरी के बाद विदेश मंत्रालय पाकिस्तानी खिलाड़ियों और अधिकारियों को वीजा जारी करेगा ताकि वे मौजूदा टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा कर सकें।

विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय ने दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप में भाग लेने के लिए 34 पाकिस्तानी खिलाड़ियों और अधिकारियों को वीजा जारी करने की मंजूरी दे दी है। इससे पहले, पाकिस्तान दृष्टिबाधित क्रिकेट परिषद (पीबीसीसी) ने मंगलवार को बयान जारी करके दावा किया की टीम को भारतीय विदेश मंत्रालय से अनुमति नहीं मिली। पीबीसीसी ने एक बयान में कहा, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से पाकिस्तान की दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम अधर में लटक गई। इसकी पूरी संभावना थी कि मौजूदा विश्वकप का फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच होता है और वर्तमान फॉर्म को देखते हुए पाकिस्तान के खिताब जीतने की प्रबल संभावना थी।

यह प्रतियोगिता भारत में पांच दिसंबर को शुरू हुई और इसका फाइनल 17 दिसंबर को खेला जाएगा। भारत, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान की टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं। इसके मैच फरीदाबाद, दिल्ली, मुंबई, इंदौर और बेंगलुरु में खेले जाएंगे।

# रेलवे ने कोहरे के चलते ट्रेनों की अधिकतम गति सीमा बढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**भारतीय** रेल ने सर्दियों के मौसम में कोहरे की वजह से ट्रेनों के विलंब से परिचालित होने से निपटने के लिए उनकी अधिकतम गति सीमा मौजूदा 60 किमी प्रति घंटा से बढ़ाकर 75 किमी प्रति घंटा करने का फैसला किया है। रेलवे ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रेलवे ने बताया कि यह कोहरा प्रभावित इलाकों में ट्रेनों के लोको पायलट को कोहरा से निपटने का उपकरण उपलब्ध कराने से यह संभव होगा। भारतीय रेलवे ने बताया, यह फैसला किया गया है रेल इंजन में कोहरे से निपटने के उपकरण का इस्तेमाल करते हुए धुंध में ट्रेनों की अधिकतम गति 60 किमी प्रति घंटा से बढ़ाकर 75 किमी प्रति घंटा की जा सकती है। रेलवे ने अपने सभी जोन से डेटोनेटर की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा है, जिन्हें पटरियों पर लगाया जाता है और जब इंजन उसपर से गुजरते हैं तो ए तेज आवाज करते हैं, जिससे चालकों का ध्यान आकर्षित होता है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,626 | ↓ 208 | |
| निफ्टी | 18,642 | ↓ 58 | |
| सोना | 53,898 | ↓ 473 | /10g |
| चांदी | 65,878 | ↓ 1241 | /kg |

## क्विक न्यूज

### हिंद महासागर क्षेत्र में दिखा चीनी जासूसी जहाज

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी मे भारत द्वारा लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण के पहले चीन का विभिन्न निगरानी उपकरणों से लैस जासूसी जहाज युआन वांग 5 हिंद महासागर क्षेत्र मे दाखिल हो चुका है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पता चला है कि भारतीय नौसेना बैलिस्टिक मिसाइल और सैटेलाइट निगरानी मे सक्षम चीनी जहाज की आवाजाही पर नजर रखे हुए है। अगस्त मे हंबनटोटा बंदरगाह पर जहाज के ठहराव ने भारत और श्रीलंका के बीच एक राजनयिक विवाद पैदा कर दिया था। ओपन सोर्स इंटेलिजेंस विशेषज्ञ डेमियन साइमन ने सोमवार को ट्वीट किया कि चीन का मिसाइल और उपग्रह निगरानी जहाज युआन वांग 5 हिंद महासागर क्षेत्र मे प्रवेश कर गया है।

# आशीष मिश्रा समेत 14 अभियुक्तों पर आरोप तय

**तिकोनिया कांड**

- राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे हैं आशीष

**भाषा ।** लखीमपुर खीरी

**उत्तर** प्रदेश के लखीमपुर खीरी में अक्टूबर 2021 में तिकोनिया में हुई हिंसा के मामले में जिले की एक अदालत में मंगलवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा समेत 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं।

जिला शासकीय अधिवक्ता अरविंद त्रिपाठी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अपर जिला न्यायाधीश सुनील कुमार वर्मा की अदालत में तिकोनिया कांड मामले में आशीष मिश्रा समेत 14 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप तय किए गए। त्रिपाठी ने बताया कि जिन अभियुक्तों पर आरोप तय हुए हैं उनमें आशीष मिश्रा के साथ-साथ अंकित दास, नंदन सिंह बिष्ट, लतीफ काले, सत्यम उर्फ सत्य प्रकाश त्रिपाठी, शेखर भारती, सुमित जायसवाल, आशीष पांडे, लवकुश राणा, शिशुपाल, उल्लास कुमार उर्फ मोहित त्रिवेदी, रिंकू राणा, वीरेंद्र शुक्ला और धर्मेंद्र बंजारा शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि वीरेंद्र शुक्ला पर भारतीय दंड विधान की धारा 201 (सुबूत मिटाना) के तहत आरोप तय किया गया है। बाकी अभियुक्तों पर भारतीय दंड विधान की धारा 147 (बलवा), 148 (धारदार हथियार लेकर बलवा करना), 149 (गैरकानूनी जमावड़े में शामिल किसी सदस्य द्वारा अपराध किया जाना), 302 (हत्या), ( शेष पेज 8 )

# कोई भूखा न सोए, अंतिम व्यक्ति तक अनाज पहुंचाये सरकारः कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह सुनिश्चित करना केंद्र की जिम्मेदारी है कि एनएफएसए के तहत खाद्यान्न हर व्यक्ति तक पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि हमारी संस्कृति है कि किसी को भूखा नहीं सोना चाहिए। उसने केंद्र सरकार से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएसएफएस) के तहत खाद्यान्न अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने केंद्र को निर्देश दिया कि ईश्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की संख्या के साथ ताजा सारणी जमा करें। पीठ ने कहा, यह सुनिश्चित करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि एनएफएसए के तहत खाद्यान्न अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।



हम ऐसा नहीं कह रहे कि केंद्र कुछ नहीं कर रहा। केंद्र सरकार ने कोविड के दौरान लोगों तक अनाज पहुंचाया है। हमें यह भी देखना होगा कि यह जारी रहे। हमारी संस्कृति है कि कोई खाली पेट नहीं सोए। पीठ कोविड महामारी तथा उसके बाद लॉकडाउन के दौरान प्रवासी श्रमिकों की हालत से संबंधित विषय पर स्वतः एक जनहित मामले पर सुनवाई कर रही थी। सामाजिक कार्यकर्ताओं अंजलि भारद्वाज, हर्ष मंदर और जगदीप छोकर की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि 2011 की जनगणना के बाद देश की आबादी बढ़ गई है और उसके साथ ही एनएफएसए के दायरे में आने वाले लाभार्थियों की संख्या भी बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि यदि कानून को प्रभावी तरीके से लागू नहीं किया गया तो कई पात्र और जरूरतमंद लाभार्थी इसके फायदों से वंचित रह जाएंगे। भूषण ने कहा कि सरकार दावा कर रही है कि लोगों की प्रति व्यक्ति आय पिछले कुछ साल में बढ़ गई है, लेकिन भारत वैश्विक भुखमरी सूचकांक में ( शेष पेज 8 )

# विवेक अग्निहोत्री पेश हो जताएं पछतावाः हाईकोर्ट

**अवमानना मामला**

- फिल्म निर्माता ने एक न्यायाधीश के खिलाफ किया था ट्वीट

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली



**दिल्ली** हाईकोर्ट ने उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश से जुड़ी टिप्पणी करने से जुड़े अवमानना के आपराधिक मामले में मंगलवार को फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

अपनी कथित टिप्पणी के लिए अग्निहोत्री द्वारा हलफनामे के माध्यम से बिना शर्त माफी मांगे जाने के बाद उच्च न्यायालय ने उन्हें पेश होने को कहा। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ ने सवाल किया कि क्या अग्निहोत्री को इस अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने में कोई दिक्कत है।

पीठ ने अग्निहोत्री के वकील से कहा, हम उनसे (अग्निहोत्री) यहां पेश होने को कह रहे हैं क्योंकि उनपर अवमानना का आरोप है। क्या उन्हें इस अदालत के समक्ष पेश होने में कोई दिक्कत है? उन्हें उपस्थित होना होगा और व्यक्तिगत रूप से पश्चाताप दिखाना होगा। पीठ ने कहा, व्यक्तिगत रूप ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 7 दिसंबर, 2022




सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्‌द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ताहिर हुसैन, दानिश हुसैन, एच नंबर सी 7 381, श्री राम कालोनी, राजीव नगर, दिल्ली,/खाता नंबर :– LBNOD00005108741 | दुकान नंबर 2, भू तल, ब्लॉक डी, टाइप–सी, गौड़ सिद्धार्थम, हाई स्ट्रीट, सेक्टर–8, प्लॉट नंबर बीएस–01, सिद्धार्थ विहार योजना, एनएच–24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 05–11–2022 रू. 25,98,582/– | 06-10-2021 |
| 2. | अंजू पोपली, अर्चित पोपली, अजय पोपली, के 9 लाजपत नगर–II, नई दिल्ली,/खाता नंबर :– LBDEL00002095483 | फ्लैट नंबर 2182, 18वां तल, टावर–2, एटीएस ट्रायम्फ, टाइप बी, सेक्टर–104, गुरूग्राम, हरियाणा | 05–11–2022 रू. 1,63,67,212/– | 08-08-2022 |
| 3. | अरूंधती कार, डा. तांगी राजदेव पात्रो, मकान नंबर डी 70, फिंचले लेन रोजवुड सिटी सेक्टर–49–50, इस्लामपुर, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर :– LBGUR00002404536 | विला नंबर 297, अनंत राज एस्टेट, पाकेट बी, सेक्टर–63 ए, गुरूग्राम, हरियाणा | 05–11–2022 रू. 35,75,978/– | 03-08-2022 |
| 4. | बिभव नाथ तिवारी, नीलिमा तिवारी, 58–जी, जासोला विहार, सेक्टर–8, नई दिल्ली साउथ, दिल्ली,/खाता नंबर :– LBDEL00002461673 | फ्लैट नंबर 616, चतुर्थ तल, ब्लॉक–सी, मधुरिशा हाइट्स, फेज–III, प्रगति नगर, रिसाली, छत्तीसगढ़, दुर्ग | 05–11–2022 रू. 83,57,154/– | 03-08-2022 |
| 5. | गीता, गुलशन कुमार, एच नंबर 182, मरला 4 माडल टाउन, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर :– LBGUR00002452547 | यूनिट नंबर 903, टावर बी, 9वां तल, रामप्रस्थ सिटी, सेक्टर–37 डी, गुरूग्राम, हरियाणा | 05–11–2022 रू. 48,73,190/– | 04-07-2022 |
| 6. | हरदीप सिंह जोहर, दमनदीप कौर, 1032, संस्कृति अपार्टमेंट्स, प्लॉट नंबर 35, सेक्टर–10, द्वारका, दिल्ली,/खाता नंबर :– LBDEL00001948393 | यूनिट रेफरेंस नंबर केआरएच0160003, क्रीसेंट होम्स, सेक्टर–129 एवं 134, विश टाउन जेपी ग्रीन्स, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 05–11–2022 रू. 31,84,270/– | 30-07-2022 |
| 7. | हरिओम शंकर शर्मा, नम्रता शर्मा, एच एन 67 एल द्वितीय तल, न्यू कालोनी गुरूद्वारा, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर :– LBGUR00003314858 | प्लॉट नंबर 55, बेसमेंट एवं भू तल, सेक्टर–5, पार्ट 111, अर्बन एस्टेट, गुरूग्राम, हरियाणा | 05–11–2022 रू. 82,24,198/– | 04-07-2022 |
| 8. | कीर्ति, अंकित निगम, माजूमा मार्केटिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, एफ नंबर एक्सए/0 सहविकास अपा. आईपी एक्सटेंशन, पटपड़गंज निकट मधु विहार चौक, दिल्ली,/खाता नंबर :– LBDEL00005137195 | फ्लैट नंबर ई–1606, टावर ई, 16वां तल, क्लाउड 9 टावर्स ऋषभ पैराडाइज, खसरा नंबर 519, 530, 532, 541, 542 एवं 543, माल रोड, ग्राम मोहिउद्‌दीनपुर, कनावनी, तहसील नोएडा, अहिंसा खंड–II, इंदिरापुरम, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 05–11–2022 रू. 46,10,570/– | 14-08-2022 |
| 9. | मैसर्स कनेक्ट कंसल्टैंट्स इंडिया प्रा. लि, पूर्णिमा चंद्रा, शोभित चंद्रा, सुरेश श्रीवास्तव, मैसर्स कनेक्ट कंसल्टैंट्स इंडिया प्रा. लि., 203/ई 588, ग्रेटर कैलाश–II, दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00002854683 | प्लॉट नंबर 50, ब्लॉक–ए, सेक्टर–19, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 05–11–2022 रू. 50,27,716/– | 03-08-2022 |
| 10. | महेश पांडे, उषा पांडे, बी 601, पवित्र अपा. 12, वसुंधरा एन्क्लेव दिल्ली,/ खाता नंबर :– LBDEL00002021593 | यूनिट नंबर केआरएच0203404, क्रीसेंट होम्स, विश टाउन जेपी ग्रीन्स, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 14–10–2022 रू. 43,59,914/– | 08-06-2022 |
| 11. | नितिन गुप्ता, शिल्पी जैन, ई–6/4, कृष्ण नगर गांधी नगर ईस्ट दिल्ली,/खाता नंबर :– LBNOD00002853508 | फ्लैट नंबर 1244, 24वां तल, टावर–1, एटीएस एल्योर, प्लॉट नंबर पी7/टीएस–02ए, सेक्टर–22डी, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश | 05–11–2022 रू. 31,65,309/– | 04-07-2022 |
| 12. | संजय गुप्ता, पूजा गुप्ता, एन के हाउस स्टेशन रोड, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश,/खाता नंबर :– LBGUR00002091679 | फ्लैट नंबर 2122, टावर 2, टाइप–बी, 12वां तल, एटीएस ट्रायम्फ, सेक्टर–104, गुरूग्राम, हरियाणा | 05–11–2022 रू. 1,60,40,055/– | 08-08-2022 |
| 13. | विक्रम कटारिया, संदीप कटारिया, एच नंबर 1084, सेक्टर–4, गुरूग्राम, हरियाणा,/खाता नंबर :– LBGUR00004170309 | एच नंबर 1084, सेक्टर–4, गुरूग्राम, हरियाणा | 05–11–2022 रू. 54,77,994/– | 03-08-2022 |
| 14. | विशाल गुप्ता, निशा गुप्ता, लैट नंबर 904, 9वां तल, सेक्टर–61, कोवलम टावर डी–5, उषाय टावर, कुंडली, सोनीपत, हरियाणा,/ खाता नंबर :– LBDEL00005209953 | फ्लैट नंबर 904, 9वां तल, सेक्टर–61, कोवलम टावर डी–5, उषाय टावर, मेन जीटी रोड, ग्राम रसोल, कुंडली, सोनीपत, हरियाणा | 05–11–2022 रू. 48,45,236/– | 09-07-2022 |
| 15. | यंगचान किशोर, रजनीश कुमार भरत, 612/बी, गोल्फव्यू, हनुमान कैम्प, अहमदाबाद, गुजरात,/खाता नंबर :– LBDEL00002444740 | फ्लैट नंबर 1902, 18वां तल, टावर सी 3, विक्ट्री एस, प्लॉट नंबर जीएच–02, सेक्टर–143, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 05–11–2022 रू. 86,57,907/– | 28-02-2021 |
| 16. | विश्वनाथ कुमार श्रीवास्तव, चितरंजन कुमार श्रीवास्तव, डी 3, एफएफ एल्डीको ग्रीन रेजीडेंसी, नोएडा, जीबी नगर, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :– LBFDB00002035177 | यूनिट नंबर डैफोडिल 03, प्रथम तल, एल्डीको ग्रीन्स रेजीडेंसी, प्लॉट नंबर 12, पाकेट–बी, सेक्टर–पाई, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 05–11–2022 रू. 28,89,275/– | 08-08-2022 |
| 17. | उपेन्द्र कुमार राघव, रघुवेन्द्र राघव, एसके 116, शास्त्री नगर, गाजियाबाद,/ खाता नंबर :– LBNOD00003363548 | फ्लैट नंबर ए136/1, प्रथम तल, वेव एग्जीकुटिव फ्लोर, वेवसिटी, एनएच–24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 05–11–2022 रू. 31,80,962/– | 30-08-2022 |
| 18. | दीपक कुमार बिंड, गिरिजा प्रसाद बिंड, 430 क्लीमेंटी एव–3, नंबर 06–363, सिंगापुर 120430 120430 सिंगापुर,/खाता नंबर :– LBGHZ00004791837 | अपार्टमेंट नंबर 544, 5वां तल, ब्लॉक–ई, गौड़ होम्स, गोविंद पुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 05–11–2022 रू. 13,87,163/– | 03-08-2022 |
| 19. | राजेश तोमर, साई इंडस्ट्रीज, पूनम तोमर, अयोध्या, मैक्सी टेक इलेक्ट्रीकल्स, सुरजीत सिंह, मकान नंबर 548, सेक्टर–30 ए, मामागर, फरीदाबाद, हरियाणा,/ खाता नंबर :– LBDEL00004982931 LBFDB00005387554 LBDEL00004982929 | प्लॉट नंबर 548 पी, सेक्टर–30 , अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद, हरियाणा | 05–11–2022 रू. 61,04,380/– रू. 13,01,270/– रू. 12,65,593/– | 03-08-2022 |
| 20. | ताहिर हुसैन, दानिश हुसैन, एच नंबर सी 7/381, श्री राम कालोनी, राजीव नगर, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली,/ खाता नंबर :– LBDEL00004897513 LBDEL00004913330 | फ्लैट नंबर 2634, 25वां तल, ब्लॉक डी, गौड़ सिद्धार्थम, प्लॉट नंबर बीएस–01, सेक्टर–8, सिद्धार्थ विहार योजना निकट इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 05–11–2022 रू. 29,72,216/– रू. 2,49,282/– | 06-10-2021 |
| 21. | दीपक कुमार बिंड, अल रिग्गा रोड, पीओ बॉक्स 182845, 4सीजन्स के सामने, दुबई/खाता नंबर :– LBDEL00001703567 LBDEL00002876046 | अपार्टमेंट नंबर 544, 5वां तल, ब्लॉक–ई, गौड़ होम्स, गोविंद पुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 05–11–2022 रू. 13,20,911/– रू. 96,028/– | 03-08-2022 |
| 22. | मानसी लातवा, ज्ञान चंद लातवा, 1018, प्रथम तल, सेक्टर–37, नोएडा, उत्तर प्रदेश,/खाता नंबर :– LBDEL00002054220 LBDEL00005159035 LBDEL00005786698 | फ्लैट नंबर 014, प्रथम तल, टावर–ओ, गुलशन इकेबाना, प्लॉट नंबर जीएच–03/ए, सेक्टर–143, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 05–11–2022 रू. 24,74,628/– रू. 10,76,495/– रू. 3,16,738/– | 11-07-2022 |
| 23. | गौतम सिंह बशनात, रूपा बशनात, ए 1 174, पीएच 4 आर्य नगर कालोनीए ब्लॉक दिल्ली/खाता नंबर :– LBDEL00002416666 LBDEL00002437141 | फ्लैट नंबर 2104, 21वां तल, टावर क्यू, अजनारा ली गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच–02, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 05–11–2022 रू. 28,15,528/– रू. 3,975/– | 03-06-2022 |
| 24. | प्रणय सिन्हा, तिलोत्तमा शोम सिन्हा, ई 6, द्वितीय तल, गीतांजलि एन्क्लेव, नई दिल्ली,/खाता नंबर :– LBDEL00004114677 LBDEL00004114207 LBDEL00004114208 LBDEL00004690008 | सम्पत्ति सं. 6, ब्लॉक ई, द्वितीय तल पोर्शन एक्सक्लूसिव टेरेस/ऊपर छत/द्वितीय तल पर तथा और ऊपर, स्थित लोक सेवक को–आपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी लि. गीतांजलि एन्क्लेव, नई दिल्ली | 05–11–2022 रू. 53,34,557/– रू. 54,60,751/– रू. 1,03,00,500/– रू. 89,29,430/– | 30/06/2022 |
| 25. | राजेश नंदाल, सरिता, होम 7–डी, डीडीए एसएफएस एमआईजी लैट्स, पाकेट 2, सेक्टर–6, द्वारका, नई दिल्ली,/खाता नंबर :– LBDEL00004848361 LBDEL00001761453 | फ्लैट नंबर 7–डी, तृतीय तल, स्कूटर गैराज सहित, पाकेट 2, सेक्टर–6, द्वारका, नई दिल्ली–110075 | 09–09–2022 रू. 8,47,051/– रू. 10,53,303/– | 04-06-2022 |
| 26. | दीपक सिंह राणा, मनोहर सिंह राणा, डी 122, गौड़ ग्रीन विस्टा न्याय खंड 1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/खाता नंबर :– LBNOD00001803639 | फ्लैट नंबर 122 प्रथम तल, ब्लॉक डी, गौड़ ग्रीन विस्टा–2, न्याय खंड 1, इंदिरापुरम, मकनपुर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 04–11–2022 रू. 16,05,751/– | 08-08-2022 |
| 27. | धर्मवीर, पिंकी, के एच नंबर 200, प्लॉट नंबर 3, प्रथम तल, ग्राम रिठाला, दिल्ली,/खाता नंबर :– LBDEL00004897559 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 1274, तृतीय तल, संस्कृति अपार्टमेंट्स, पाकेट जीएच–1, सेक्टर–28, रोहिणी, दिल्ली | 04–11–2022 रू. 16,90,081/– | 04-07-2022 |
| 28. | मोहम्मद सलीम सुल्तान, सामिया सुल्तान, जेद्‌दाहल ए2121ए, दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00002079310 | फ्लैट नंबर 0301, तृतीय तल, टावर ए 3 एक्सक्विसिट, प्लॉट नंबर जीएचपी–0001, सेक्टर–117, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 04–11–2022 रू. 17,88,841/– | 03-08-2022 |
| 29. | प्रदीप शर्मा, इंद्र पाल शर्मा, ई 55 ए, पाकेट ई, दिलशाद गार्डन, नई दिल्ली,/खाता नंबर :– LBDEL00002676210 | फ्लैट नंबर ई 55 ए, भू तल, पाकेट ई, एलआईजी, दिलशाद गार्डन, नई दिल्ली | 04–11–2022 रू. 15,35,977/– | 04-07-2022 |
| 30. | राहुल, राम चंदर, मकान नंबर 473, लोदी रोड कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, एचओ साउथ दिल्ली, दिल्ली–110003/ खाता नंबर :– LBGUR00005208306 | फ्लैट नंबर 2/1008, 10वां तल, ओम अपार्टमेंट्स, टावर 2, सेक्टर–112, द्वारका एक्सप्रेसवे, गुरूग्राम मानेसर अर्बन कॉम्प्लेक्स, हरियाणा | 04–11–2022 रू. 17,77,052/– | 03-08-2022 |
| 31. | राजीव रंजन, निशा सिंह, लैट नंबर 1570, पाकेट–1, सेक्टर–सी, लेन–7, वसंत कुंज, नई दिल्ली/खाता नंबर :– LBNOD00001982390 | फ्लैट नंबर 1502, 14वां तल, प्लॉट नंबर 1, टावर बी, लॉजिक्स ब्लॉसम ग्रीन्स, सेक्टर–143, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 04–11–2022 रू. 23,12,335/– | 30-08-2022 |
| 32. | रोहताश कुमार सिंह, मिनी प्रोडक्ट्स, कमलेश, मकान नंबर 238, सेक्टर–24, मुजेशर, सेक्टर–22, फरीदाबाद, हरियाणा/खाता नंबर :– LBFDB00004713378 | प्लॉट नंबर 71, सेक्टर–59, प्रगति विहार, फरीदाबाद, हरियाणा | 04–11–2022 रू. 21,68,480/– | 03-08-2022 |
| 33. | शंकर शर्मा, साक्षी शर्मा, लैट नंबर 004, युक्का टावर, भू तल, पैरामाउंट, सिम्फनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/खाता नंबर :– LBGHZ00004929508 | फ्लैट नंबर 141, भू तल, टावर–10, एरोकॉन गोल्फविले प्लॉट नंबर जीएच–07, क्रॉसिंग रिपब्लिक, एनएच–24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 04–11–2022 रू. 23,30,071/– | 30-08-2022 |
| 34. | शिशिर कुमार, रश्मि तोमर, मकान नंबर 3, ब्लॉक–एफ, कृष्णा गार्डन, गोविंद पुरम, निकट एनडीआरएफ कैम्प, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश,/खाता नंबर :– LBDEL00005131422 | यूनिट नंबर 926/एससी, आदर्श नगर, खसरा नंबर 252 मिन, ग्राम मकनपुर लतीफपुर, परगना और तहसील रूड़की, निकट गणपति हरद्वार, उत्तराखंड उत्तरांचल | 04–11–2022 रू. 14,53,594/– | 03-08-2022 |
| 35. | राजेश सिंह, राजकुमार, विनीता, मकान नंबर 2, हरसारू 107 गुरूग्राम, हरियाणा,/खाता नंबर :– LBDEL00005105370 | यूनिट नंबर 403, चतुर्थ तल, स्टेटस रेजीडेंसी टावर ए 1, ग्राम टपूकरा, भिवाडी, अलवर तिजारा रोड, तहसील अलवर, राजस्थान | 04–11–2022 रू. 19,25,451/– | 03-08-2022 |
| 36. | राजकुमार, राजेश सिंह, पिंकी, हरसारू 107 गुरूग्राम, हरियाणा,/ खाता नंबर :– LBDEL00005105369 | यूनिट नंबर 405, चतुर्थ तल, टावर ए 1, ग्राम टपूकरा, सेक्टर–2, अलवर, राजस्थान | 04–11–2022 रू. 21,48,728/– | 03-08-2022 |
| 37. | निखिल शर्मा, साक्षी अग्रवाल, ए–119, द्वितीय तल, शंकर गार्डन, विकास पुरी, नई दिल्ली–110059 जापान/खाता नंबर :– LBGHZ00005057021 | फ्लैट नंबर ट्विन्स–सन–7 1802, 18वां तल, मिगसन विन, प्लॉट नंबर जीएच–01बी(1), सेक्टर–ईटीए–2, ग्रेटर नोएडा | 04–11–2022 रू. 11,81,502/– | 08-08-2022 |
| 38. | शशि जैन, रिशांत जैन, 1829, गली मातावाली मालीवाड़ा, प्रथम तल, चांदनी चौक, मुंबई/खाता नंबर :– LBGHZ00001039389 | फ्लैट नंबर 102, प्रथम तल, कृष्णा अपरा गार्डन्स, ब्लॉक–ए–4, प्लॉट नंबर 7, वैभव खंड इंदिरापुरम, गाजियाबाद | 04–11–2022 रू. 7,48,135/– | 30-07-2022 |
| 39. | विवेक डंग, लैट नंबर 963, टाइप–III, सेक्टर–29, अरूण विहार, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद–201301, नोएडा,/खाता नंबर :– LBDEL00000887867 | फ्लैट नंबर 963, टाइप–III, सेक्टर–29, अरूण विहार, नोएडा | 04–11–2022 रू. 2,41,683/– | 05-08-2022 |
| 40. | राज स्ट्रक्चर्स इंटीरियर्स प्राइवेट लिमिटेड, राजीव राज सचदव, रंधीर राज सचदेव, तृतीय तल, एन–7, सेक्टर–18, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश,/ खाता नंबर :– LBDEL00005333347 | प्लॉट नंबर 7, तृतीय तल, ब्लॉक–एन, सेक्टर–18, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 04–11–2022 रू. 21,14,067/– | 30-07-2022 |
| 41. | अक्षय ग्रोवर, इंदर मोहन, बी–30, ब्लॉक–बी, न्यू कृष्णा पार्क, विकास पुरी, दिल्ली,/खाता नंबर :– LBDEL00001951008 LBNOD00001953710 | फ्लैट नंबर एफ–2, प्रथम तल, बैक साइड, छत का अधिकार नहीं, प्लॉट नंबर नीतिखंड–II/458, इंदिरापुरम, गाजियाबाद | 04–11–2022 रू. 17,55,153/– रू. 58,020/– | 11-07-2022 |
| 42. | सविता, अश्वनी यादव, आरजैड–58, मेन उत्तम नगर रोड, वेस्ट रोशन मंडी नजफगढ़, दिल्ली,/खाता नंबर :– LBDEL00003303888 LBDEL00003399016 | फ्लैट नंबर 1404, 14वां तल, टावर–ए, सुपरटेक ह्यूज, राजस्व सम्पदा ग्राम बादशाहपुर, सेक्टर–68, गुरूग्राम | 04–11–2022 रू. 24,52,421/– रू. 1,55,833/– | 30-07-2022 |
| 43. | शरद पाठक, ममता पाठक, ए–266, भू तल, सेक्टर–122, नोएडा,/ खाता नंबर :– LBDEL00004971499 LBDEL00005105192 | अपार्टमेंट नंबर 110194, 10वां तल, ब्लॉक–ट, गौड़ सिटी–2, 14वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच–03, सेक्टर–16 सी, ग्रेटर नोएडा | 04–11–2022 रू. 13,09,141/– रू. 1,36,474/– | 30-07-2022 |
| 44. | दीपक खंडेलवाल, दीप्ति, एचओ नंबर ई 8, पार्टली वार्ड नंबर 14, दयाल बाग, ग्राम लाफरपुर, फरीदाबाद,/खाता नंबर :– LBFDB00002993646 LBGUR00005336276 | यूनिट नंबर 21, लोअर ग्राउंड लोर, चार्मवुड प्लाजा, इरोस गार्डन कालोनी, सूरजकुंड रोड, फरीदाबाद, हरियाणा | 07–10–2022 रू. 15,66,682/– रू. 4,02,023/– | 31-05-2022 |
| 45. | पंकुर त्यागी, अभिषेक त्यागी, सुमन लता त्यागी, ए–54 ए, नंद ग्राम, पी/ओ मरियम नगर, गाजियाबाद,/खाता नंबर :– LBGHZ00004960883 LBGHZ00005337379 | मकान नंबर 54 ए, भू तल, ब्लॉक ए, ईडब्ल्यूएस, सेक्टर–ए, नंद निकुंज, गाजियाबाद | 10–09–2022 रू. 31,81,202/– रू. 2,94,717/– | 03-06-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 07 दिसम्बर, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# 45 भूखंडों पर लगेंगे उद्योग, 10 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

● आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को प्लॉट के एवज में रिजर्व प्राइस से करीब 500 करोड़ मिलने की उम्मीद



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 45 औद्योगिक भूखंड योजना लॉन्च कर दी है। इस स्कीम के ब्रोशर सोमवार से ऑनलाइन उपलब्ध हो गए हैं। अब पंजीकरण भी करा सकते हैं।

इन 45 भूखंडों के आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को प्लॉट के एवज में रिजर्व प्राइस से करीब 500 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। इन भूखंडों पर उद्योग लगने से 10 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने का अनुमान है।

पहली बार ई–ऑक्शन से इन औद्योगिक भूखंडों का आवंटन हो रहा है। आगामी फरवरी में ग्लोबल इनवेस्टर समिट का आयोजन होने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी की अगुवाई में प्राधिकरण इस समिट में अपनी अहम भागीदारी निभाने की कोशिशों में जुटा है। सीईओ के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 45 औद्योगिक भूखंडों की योजना लॉन्च कर दी गई है। इस योजना के जरिए कुल 48 एकड़ जमीन आवंटित की जाएगी। इन 45 भूखंडों में से 3 भूखंड सेक्टर ई कोटेक वन एक्सटेंशन में, सेक्टर ई कोटेक वन एक्सटेंशन वन में 8 भूखंड, ईकोटेक छह बी में एक, ई कोटेक छह में 1 भूखंड और 32 प्लॉट सेक्टर ई कोटेक 11 में हैं।

ये भूखंड 450 वर्ग मीटर से लेकर 20.315 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। सोमवार से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर इनके ब्रोशर उपलब्ध हो गए हैं। इनको डाउनलोड किया जा सकता है। इन भूखंडों के लिए एसबीआई पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी इसका लिंक दिया गया है। कल से ही ब्रोशर डाउनलोड करने व पंजीकरण शुल्क का भुगतान कर पंजीकरण कराने की सुविधा शुरू हो गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 26 दिसंबर है।

पंजीकरण शुल्क, ईएमडी अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट और प्रोसेसिंग फीस 28 दिसंबर तक जमा की जा सकती है। डॉक्यूमेंट सबमिट करने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर शाम पांच बजे तक है। इन भूखंडों पर एक माह में ही पजेशन मिल जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी का कहना है कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक निवेश के केंद्र के रूप में उभरा है। उद्यमियों की मांग व जरूरत को देखते हुए स्कीम लॉन्च कर दी गई है। तय समय सीमा में प्लॉट पर पजेशन दे दिए जाएंगे।

## नोएडा के अट्टा बाजार की दुकान में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सबसे व्यस्त बाजार सेक्टर–18 के सामने अट्टा बाजार की एक दुकान में आग लग गई। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। आग सुबह करीब आठ बजे लगी।

चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि मेट्रो स्टेशन सेक्टर 18 के निकट लक्स टावर में ग्राउंड फ्लोर पर मुकेश कुमार पुत्र अशफ्रीस निवासी दरभंगा की राखी मिक्स एंड मैच नाम से गारमेंट की दुकान है। सुबह करीब 07:52 पर आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए फायर सर्विस की 2 गाड़ियों द्वारा आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## जगुआर मालिक पर हत्या का मुकदमा दर्ज

● तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था अमीरजादा , स्कूटी सवार युवती को रौंद कर ली जान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सेक्टर–96 में लग्जरी गाड़ी से अमीरजादों ने एक युवती की जान ले ली। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था रवि शंकर छवि भी मौजूद रहे। घटनास्थल पर चश्मदीदों के बयान के आधार पर वाहन चालक पर हत्या का मुकदमा 302 की धारा को बढ़ा दिया गया है।

साथ ही सीसीटीवी की भी मदद ली जा रही है। यह पूरी घटना थाना 39 की है। मौके पर पुलिस आयुक्त ने निर्देशित किया कि एक अभियान चलाया जा रहा है जिसमें तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। नोएडा के सेक्टर.96 में जगुआर कार टक्कर से एक युवती की मौत हो गई। युवती रविवार को कंपनी से वापस लौट रही थी। तेज रफ्तार जगुआर ने उसकी स्कूटी में साइड से टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी साइड में घिसटते हुए चली गई। गंभीर हालत में युवती को यर्थाथ अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में स्कूटी के परखच्चे उड़ गए हैं। कार भी क्षतिग्रस्त हुई है।

## ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर पुलिस कमिश्नर अलर्ट

● ग्रेटर नोएडा के परी चौक व जगत फार्म का लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एक्शन मोड में दिख रही हैं। उन्होंने गौतमबुद्ध नगर का चार्ज संभालते ही ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही थी। उसी को लेकर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने परी चौक व जगत फार्म में ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया और उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव की बात कही।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने के लिए ग्रेटर नोएडा के परी चौक पहुंची। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ में ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। उसके बाद ग्रेटर नोएडा के जगत फार्म में पहुंचकर भी व्यवस्था देखी। बता दें कि ग्रेटर नोएडा का परी चौक सबसे व्यस्त गोल चक्कर है। जहां पर ज्यादा ट्रैफिक के चलते आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है।

वहीं ग्रेटर नोएडा के जगत फार्म में भी जाम की स्थिति देखने को मिलती है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए ग्रेटर नोएडा की ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया गया है। इस दौरान स्थलीय निरीक्षण भी किया गया है। देखा गया है कि आखिर किस वजह से परी चौक पर जाम की स्थिति बनती है।

इसको लेकर हमारे द्वारा एक प्लान तैयार किया गया है। इसके बारे में जल्द ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से समन्वय स्थापित कर उस पर कार्य किया जाएगा। जाम से निजात मिलेगी। इस दौरान परी चौक पर लगने वाले जाम को लेकर उन्होंने कहा कि यहां पर स्पेस तो काफी है, लेकिन लेन सेरगिलेशन नहीं है। कई तरह के हल्के भारी वाहन यहां पर आते हैं। सभी वाहन एक साथ चलते हैं। इन वाहनों में डिसिप्लिन बनाने की जरूरत है। जिससे कि ट्रैफिक का दबाव कम हो, इसको लेकर वाहन चालकों को जागरूक किया जाना जरूरी है।

## देश में चौथे स्थान पर रहा गाजियाबाद पासपोर्ट कार्यालय

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कामकाज बेहतर ढंग से करने व लंबित फाइलों को निस्तारित करने के मामले में गाजियाबाद क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय देश के 37 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में चौथे स्थान पर रहा।

दो साल से लंबित पड़ी लाखों फाइलों को बीते एक साल में निस्तारित कर गाजियाबाद कार्यालय ने यह मुकाम हासिल किया है। पिछले दिनों विदेश मंत्रालय द्वारा देश भर के सभी क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के नियमित कामकाज की समीक्षा की गई थी। इस दौरान सभी कार्यालयों में कर्मचारियों की कार्यशैली व लंबित मामलों का आकलन किया गया, जिसके बाद गाजियाबाद कार्यालय को यह उपलब्धि हासिल हुई है।

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी सुब्रतो हाजरा ने बताया कि पासपोर्ट आवेदकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। पासपोर्ट कार्यालय में लंबित फाइलों के निस्तारण के लिए गाजियाबाद पासपोर्ट कार्यालय ने विशेष अभियान चलाया गया।

## क्राइम ब्रांच के अफसर बनकर लूटने वाले बदमाश मुठभेड़ के बाद पकड़े

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में अपने आप को पुलिस व क्राइम ब्रांच का बताने वाले बदमाश के साथ नोएडा पुलिस थाना फेज–1 की देर रात मुठभेड़ हो गई।

इस दौरान पुलिस ने बदमाश के पैर में गोली मारी और उसे गिरफ्तार कर लिया। बदमाश की पहचान दिपांशु उर्फ बंटी निवासी ग्रेटर नोएडा हुई है। इसकी उम्र करीब 22 साल है। मुठभेड़ महामाया फ्लाई ओवर के पास हुई। इनके पास से फर्जी पुलिस का आई कार्ड बरामद किया गया है। एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि बदमाश ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से भी फायर किया था। जिसके बाद की गई फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी।

एडीसीपी ने बताया कि बदमाश दिपांशु ने श्यामवीर के साथ मिलकर एक कोरियर बॉय को अपनी कार में बैठा लिया। और अपने को पुलिस व क्राइम ब्रांच का बताकर उससे मारपीट की और एटीएम ले जाकर 34 हजार रुपए निकलवा लिये थे। जांच के दौरान सोमवार को दिन में पुलिस ने श्यामवीर को गिरफ्तार किया गया था।

## ग्रेनो और नोएडा में लागू हो सकता है लिफ्ट एक्ट

● प्राधिकरण जल्द शासन को भजेगा फाइल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



वेस्ट और ईस्ट यूपी के बड़े शहर खासकर नोएडा गाजियाबाद और लखनऊ हाइराइज इमारतों का गढ़ बनता जा रहा है। इन इमारतों में बने फ्लैट तक आने जाने के लिए लोग लिफ्ट का प्रयोग करते है। जहां .001 प्रतिशत की खराबी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए काफी है।

इसका नजारा नोएडा और गाजियाबाद में दिखा। जहां बच्चे लिफ्ट में फंसे रहे। इसको देखते हुए नोएडा प्राधिकरण लिफ्ट एक्ट लागू करवाना चाहता है। ये एक्ट पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। इसकी शुरुआत नोएडा प्राधिकरण ने की है। प्राधिकरण के चीफ आर्किटेक्ट प्लानर इश्तियाक अहमद ने बताया कि एक्ट को लागू करने के लिए 2015 में फाइल तैयार की गई। इसे शासन को भेजा गया। वहां से 2018 में संशोधन कर दोबारा फाइल को शासन के पास भेजा गया। लेकिन एक्ट लागू नहीं किया जा सका। यही नहीं गाजियाबाद डेवलपमेंट अथॉरिटी ने भी 2018 में शासन को लिफ्ट एक्ट लागू करवाने के लिए फाइल भेजी थी।

उन्होंने बताया कि अधिकारियों के मंथन और विचार विमर्श व नोएडा वासियों के डिमांड के अनुरूप दोबारा से शासन को रिमाइंडर भेजा जा रहा है। ताकि एक्ट को बनाने की कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

लिफ्ट को लेकर गुजरात और हरियाणा सरकार की ओर से एक एक्ट बनाया हुआ है। जो वहां लागू भी है। उसी को आधार बनाकर नोएडा प्राधिकरण एक्ट में कुछ पाइंट बढ़ाकर शासन को भेज रहे है।

बताया गया कि इस प्रोसेस में काफी समय लग सकता है। लेकिन एक बार लागू होने के बाद ये नोएडा वासियों के लिए बेहतर होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाषः 011–40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस– एफ–31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर–201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष– 120–4879900।

# एमसीडी चुनाव: प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला आज

## 42 केंद्रों पर होगी मतगणना, आप-भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नगर निगम चुनाव के मतों की गिनती की तैयारियां पूरी कर ली गई है। बुधवार को होनी वाली मतगणना के लिए 42 केंद्र बनाए गए हैं।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना सुबह आठ बजे शुरू होगी। 250 वार्डों के लिए चार दिसंबर को हुए चुनाव में 50.48 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस चुनाव में 1,349 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच है।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, मतगणना केंद्र शास्त्री पार्क, यमुना विहार, मयूर विहार, नंद नगरी, द्वारका, ओखला, मंगोलपुरी, पीतमपुरा, अलीपुर और मॉडल टाउन सहित क्षेत्रों में स्थित हैं। सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा

● सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा, सशस्त्र पुलिस बलों की 20 कंपनियां और 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

की गई है और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 20 कंपनियां और 10,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को केंद्रों पर तैनात किया गया है। आप और भाजपा दोनों ने दावा किया है कि वे चुनाव में बहुमत हासिल करेंगे, जबकि कांग्रेस खोई हुई जमीन हासिल करने की कोशिश कर रही है। उम्मीद की जा रही है कि इस बाद राजधानी में त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। परिणाम चौकने वाले हो सकते है।



आरके पुरम मतगणना केंद्र में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गई है ईवीएम।




## आप की जीत के अनुमान पर मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली नगर निगम चुनाव के एग्जिट पोल में पार्टी की जीत के अनुमान के बाद मंगलवार को दिल्ली वालों का आभार जताया। लोगों ने एक बार फिर आप पर विश्वास जताया है। परिणाम आने तक इंतजार करते हैं। केजरीवाल ने एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। वहीं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि एमसीडी में आप की होने जा रही शानदार जीत। यहां के लोगों ने पूरे देश में दिया संदेश आप एक कट्टर ईमानदार पार्टी है।

## आप कार्यालय में हलचल तेज भाजपा-कांग्रेस में सन्नाटा

*पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली*

*एमसीडी चुनाव के नतीजों का सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच भाजपा और कांग्रेस कार्यालय में मंगलसार को सन्नाटा पसरा नजर था।*

*दोनों कार्यालय से प्रवक्ताओं के साथ पार्टियों के प्रदेश मंत्रियों और पदाधिकारी भी नजर नहीं आए। एमसीडी चुनाव के नतीजों को लेकर अलग-अलग एग्जिट पोल के सामने आने के बाद से बीजेपी के खेमे में निराशा का माहौल देखने को मिल रहा है।*

*इस बीच आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में परिणाम से से पहले मंगलवार की सुबह से ही हलचल तेज दिखी। एक के बाद एक पार्टी के कई नेता प्रदेश कार्यालय में आते और जाते दिखे। यह देखना भी काफी दिलचस्प होगा कि इस बार पिछले 2 चुनावों के मुकाबले करीब साढ़े तीन फीसद कम हुई वोटिंग का फायदा किस दल को मिलता है।*

*इस बार के इस चुनाव में आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच में सीधा और कड़ा मुकाबला है।*

*सियासी गलियारे में हाशिए पर पहुंच चुकी कांग्रेस भी मैदान में है। उसका क्या होता है, यह देखना भी रोचक होगा।*

## भाजपा की झूठ की राजनीति को दिया नकार : सिसोदिया

● लोगों ने केजरीवाल की कट्टर ईमानदारी को किया पसंद



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एमसीडी चुनाव के तमाम एक्जिट पोल में आम आदमी पार्टी को बढ़त मिलने के संकेत पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि एमसीडी में आप की शानदार जीत होने जा रही है। दिल्ली के लोगों ने देश में संदेश दिया है कि आप एक कट्टर ईमानदार पार्टी है। भाजपा ने उनके ऊपर झूठे आरोप लगाए और सत्येंद्र जैन को बदनाम करने का प्रयास किया, लेकिन जनता ने अपने वोट से साबित कर दिया कि दिल्ली में कोई घोटाला नहीं हुआ और भाजपा के सारे आरोप झूठे, साजिश व गंदी राजनीति से प्रेरित हैं।

मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि निगम चुनाव में भाजपा ने अपने कई मुख्यमंत्री, दर्जन भर से ज्यादा केंद्रीय मंत्री उतार दिए और वो सभी केजरीवाल को गाली देते और झूठे आरोप लगाते रहे। लेकिन लोग इनके झांसे में नहीं आए। मतदाताओं ने भाजपा की बेईमानी की राजनीति को नकार दिया क्योंकि जनता जानती है कि केजरीवाल ने उनके लिए काम किए हैं। इसलिए आप को वोट डालकर जनता ने अपने दिल की बात बोल दी।

जनता का यही प्यार केजरीवाल की कट्टर ईमानदार राजनीति की गारंटी है और एमसीडी में भी केजरीवाल की सरकार लाकर जनता उसपर अपनी मोहर लगाने जा रही है। गुजरात चुनाव को लेकर सिसोदिया ने कहा कि गुजरात में आम आदमी पार्टी की धमाकेदार एंट्री होने जा रही है। गुजरात के लोगों ने बहुत प्यार दिया है।

हमारे लिए यह गर्व की बात है कि 8 दिसंबर को गुजरात के लोगों के प्यार की बदौलत आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने जा रहा है।

## आजम खान मामले से सबक लें सिसोदिया : आदेश



**नई दिल्ली।** मनीष सिसोदिया के उस बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है जिसमें सिसोदिया ने भाजपा पर खुदको झूठे आरोप में फंसाने और सत्येंद्र जैन को बदनाम करने का आरोप मढ़ा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने सिसोदिया से कहा कि सिसोदिया समेत अन्य आम आदमी पार्टी नेताओं को जांच ऐजेंसियों के बोले बिना ही खुद को क्लीन चिट देने की आदत है। सिसोदिया ने आज फिर वहीं किया है। गुप्ता ने सिसोदिया को हाल ही के उत्तर प्रदेश नेता आजम खाँ के मामले से सबक लेने की नसीहत दी। भाजपा नेता ने कहा कि सिसोदिया समझे कि चुनाव जीत हासिल करने से जांच एजेंसियां उन्हे घोटालों से आरोप मुक्त नहीं करती है। गुप्ता ने कहा है की बुधवार सुबह पार्टी के प्रत्याशी अपने गिनती ऐजेंट के साथ सुबह 7 बजे तक मतगणना केंद्रों पर पहुंच कर मोर्चा समभालेंगे। उन सभी को कानूनी विशेषज्ञों एवं वरिष्ठ नेताओं ने नियम समझा दिये हैं।

## मंगलवार रहा इस सीजन का सबसे ठंडा दिन एक्यूआई तीन दिनों तक 300 से ऊपर रहेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली वालों को कंपकपाती ठंड के लिए अभी और इंतजार करना होगा, लेकिन धीरे धीरे ठंड का एहसास बढ़ रहा है। तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार इस सर्दी का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि सप्ताह भर तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा, जैसा अभी चल रहा है। सुबह-शाम ठंड का एहसास बरकरार रहेगा जबकि दिन के समय धूप कुछ राहत देती रहेगी।

मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को भी सुबह- शाम ठंडक और दिन के समय धूप खिलने से राहत का दौर बरकरार रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 8.0 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान इस सीजन में अभी तक का सबसे कम तापमान है। हवा में नमी का स्तर 97 से 50 प्रतिशत रहा।

सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री की दृष्टि से लोधी रोड जबकि सबसे कम अधिकतम तापमान 23.7 डिग्री के लिहाज से रिज क्षेत्र सबसे ठंडा इलाका रहा। बुधवार को भी आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय धुंध होगी। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमश : 25 और आठ डिग्री रहने की संभावना है। अगले दो दिन अधिकतम तापमान 25 डिग्री ही रहेगा। यानी दिन के समय भी ठंड का एहसास बरकरार रहेगा। वहीं दिल्ली एनसीआर में मंगलवार को भी हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। सफर इंडिया का अनुमान है कि अगले तीन दिनों के दौरान भी वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 के पार ही रहने के आसार हैं। मंगलवार को भी हवा में मानकों से ढाई गुना से ज्यादा प्रदूषण मौजूद रहे।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआइ 353 यानी बेहद खराब श्रेणी में रहा। एक दिन पहले सोमवार को यह 347 था। यानी इसमें छह अंकों की वृद्धि हुई है, लेकिन श्रेणी वही बरकरार है। ज्यादातर इलाकों का एक्यूआइ भी बेहद खराब श्रेणी में ही बना हुआ है। हवा में इस समय मानकों से ढाई गुना से अधिक प्रदूषण मौजूद है। मंगलवार को पीएम 10 का स्तर 253 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम 2.5 का स्तर 158 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा।

मानकों के मुताबिक यह स्तर क्रमशः 100 और 60 से अधिक नहीं होना चाहिए। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार बदलाव का असर वायु गुणवत्ता पर भी दिख रहा है। उत्तर पश्चिमी दिशा से आ रही है। यह बात अलग है कि अब दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी नहीं के बराबर रह गई है।



### दृश्यता पर भी पड़ा असर

वातावरण पर छाई प्रदूषण की परत के चलते दृश्यता का स्तर भी प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, मंगलवार सुबह सात बजे दृश्यता का स्तर सिर्फ 700 मीटर तक रह गया, जबकि दिन में धूप निकलने के बाद प्रदूषण की परत थोड़ी कम हुई तो दृश्यता के स्तर में भी थोड़ा सुधार आया। शाम पांच बजे यह अपने सर्वाधिक स्तर 2100 मीटर पर पहुंच गया।

## फीस बढ़ाने पर डीपीएस रोहिणी की मान्यता रद्द

● 2023-24 सत्र के लिए नहीं होगा नया दाखिला : शिक्षा निदेशालय



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रोहिणी सेक्टर-24 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल की मान्यता रद्द कर दी गई है। दिल्ली सरकार ने पिछले लंबे समय से मनमाने तरीके से फीस वसूलने की शिकायत पर स्कूल की मान्यता समाप्त कर दी है।

फीस बढ़ोत्तरी के खिलाफ अभिभावकों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था। उन्होंने स्कूल परिसर के बाहर मुंह पर काला मास्क और हाथों में काला रिब्बन बांध कर अपना विरोध प्रकट किया था।

अभिभावकों ने आरोप लगाया था कि स्कूल प्रशासन द्वारा मनमाने तरीके से लगातार फीस में बढ़ोतरी की जा रही है शिक्षा निदेशक ने सोमवार को जारी आदेश में कहा है कि यह स्कूल दिल्ली विकास प्राधिकरण की जमीन पर बनाया गया है और जमीन इसी शर्त पर दी गई थी कि जब भी फीस की बढ़ोतरी की जाएगी स्कूल को इसके लिए सरकार से अनुमति लेनी होगी। स्कूल को यह भी निर्देश दिया गया है कि वर्ष 2022-23 का सत्र चलेगा, लेकिन स्कूल में कोई भी नया दाखिला नहीं होगा। उसके बाद स्कूल को बंद कर दिया जाएगा।

साथ ही सत्र समाप्त होने के बाद बच्चों को अभिभावकों की अनुमति से नजदीक के स्कूल में ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालू सत्र में छात्रों पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन स्कूल को वर्ष 2023-24 के शैक्षणिक सत्र में किसी भी छात्र का प्रवेश लेने से मना किया गया है।

## एसआई का पार्क में मिला शव पुलिस ने बताया आत्महत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक ने मंगलवार सुबह यहां आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली के तुगलक रोड़ सर्किल की यातायात इकाई में तैनात अशोक यादव (55) ने अपनी सर्विस पिस्तौल से खुद को गोली मार ली।

पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने कहा कि सुबह करीब नौ बजे सूचना मिली कि द्वारका के सेक्टर 19 के जिला पार्क में एक व्यक्ति का शव मिला है। शरीर पर गोली लगने का निशान है। उन्होंने कहा कि उसने खुद को अपनी सर्विस पिस्तौल से गोली मार ली। एफएसएल की टीम ने मौके का मुआयना किया।

## एमएसपी की कानूनी गारंटी दें प्रधानमंत्री: किसान कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सुखपाल खैरा ने मंत्री अजय टेनी को बर्खास्त करने की मांग की

कांग्रेस की किसान इकाई के प्रमुख सुखपाल सिंह खैरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मंगलवार को आग्रह किया कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित किया जाए और एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए।

अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के अध्यक्ष खैरा ने पीएम को पत्र लिखकर यह भी कहा कि लखमीपुर खीरी हिंसा मामले को लेकर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा को बर्खास्त किया जाए तथा विवादित कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले किसानों के परिवारों को उचित मुआवजा, नौकरी दी जाए। खैरा ने कहा, किसानों एवं खेतिहर मजदूरों की विकट समस्याओं के प्रति केंद्र की उदासीनता के मद्देनजर अखिल भारतीय किसान कांग्रेस द्वारा आगामी नौ दिसंबर को जंतर मंतर पर रैली का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार


इंडिया हैबिटेट सेंटर में रिपोर्ट जारी करते पदाधिकारी।

### स्वैच्छिक संगठनों ने की बुजुर्गों की मदद: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** कोविड महामारी के भयावह प्रकोप ने सभी आयु वर्ग की जिंदगी को प्रभावित किया, विशेषकर बुजुर्गों की। आज भले ही जीवन पटरी पर लौट रहा हो लेकिन महामारी के दौरान की चुनौतियों और समस्याओं से सभी ने कुछ सीखा है। यह खुलासा हेल्पएज के एक रिपोर्ट में हुआ है। इस रिपोर्ट के अनुसार कोविड काल में बुजुर्गों की देखभाल और मदद के साथ सरकारी योजनाओं को उन तक पहुंचाने का काम भी स्वैच्छिक संगठनों ने किया है। 'अंतर्राष्ट्रीय वालंटियर दिवस'पर मंगलवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर में जारी इस रिपोर्ट में भारत में बुजुर्गों की जरूरतों, चुनौतियों के बारे में खुलासा किया गया। ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव अमरजीत सिन्हा, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के प्रोफेसर संतोष कुमार और वाणी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, हर्ष जेटली ने हिस्सा लिया और उन्होंने जमीनी स्तर के अपने अनुभव साझा किए। हेल्पएज की प्रमुख अनुपमा दत्ता ने बताया कि रिपोर्ट में लोगों के विचार को आँकड़ों के आधार प्रस्तुत करने के मकसद से किया गया।

### एबीवीपी ने मनाया सामाजिक समरसता दिवस

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी)ने दिल्ली के विभिन्न शैक्षणिक परिसरों में अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहेब डा. अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया। दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर में छात्रों ने निबंध प्रतियोगिता तथा पुष्पांजलि सभा आयोजित किसर गया। वहीं जामिया और जेएनयू में प्रदर्शनी व वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एबीवीपी दिल्ली के प्रांत मंत्री अक्षित दहिया ने कहा कि, बाबा साहेब सिर्फ भारत के लिए नहीं सम्पूर्ण विश्व के लिए प्रेरणापुंज है।

### ओशो के अष्टांगिक मार्ग में सनातन का समन्वय

**नई दिल्ली।** सनातन धर्म का सूत्रपात किसी व्यक्ति से नहीं हुआ है,बल्कि यह स्व-विकसित है। यह सबसे प्राचीन है और इसका आधार ओंकार है। यह विचार तालकटोरा स्टेडियम में मंगलवार को ओशो की धर्मदृष्टि विषय पर आयोजित कार्यक्रम में ओशोधारा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ओशो के अष्टांगिक मार्ग में सनातन धर्म का समन्वय है। इस अवसर पर उपस्थित महायोगी पायलट बाबा ने कहा कि जीवन में ठहरना सीख लें तो जीवन रुपांतरित हो सकता है। वहीं, प्रसिद्ध लेखक और पत्रकार वेद प्रताप वैदिक ने महासत्संग के आयोजन को अपने जीवन का एक विलक्षण दिन बताया।

### महापरिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर को किया याद



**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने बाबा साहब की फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उनकी उपलब्धियों के बारें में बताया। उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाबा साहब के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का अनुरोध किया।

## बाबा साहेब का सपना था सबको मिले अच्छी शिक्षा : केजरीवाल

● मुख्यमंत्री ने बाबा साहब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर विस अध्यक्ष रामनिवास गोयल, मुख्यमंत्री केजरीवाल व अन्य। फोटो: रंजन डिमरी

बाबा साहब अंबेडकर का सपना था कि समाज के सभी वर्गों को अच्छी शिक्षा मिलेगी, तो गरीबी दूर होगी।

समाज में बराबरी भी होगी और सबको इज्जत के साथ जीने का अधिकार मिलेगा। विधानसभा परिसर में बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने यह बातें कहीं। इस अवसर पर केजरीवाल ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत विधायकों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब को नमन किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर सभी लोगों से अपील करना चाहते है कि सभी को अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेनी है। उनका पूरा जीवन संघर्ष से भरा हुआ है। उन्होंने पूरा जीवन गरीबों, दलितों और पिछड़े लोगों के लिए बहुत संघर्ष किया। उनका सपना था कि अंतिम व्यक्ति तक सभी सुविधाएं पहुंचनी चाहिए। उन्होंने सबसे ज्यादा जोर शिक्षा पर दिया।

उन्हीं से प्रेरणा लेकर आज आम आदमी पार्टी की सरकार में सबसे ज्यादा शिक्षा पर जोर दिया है।

मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा भारतीय संविधान के शिल्पकार भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शत शत नमन। बाबा साहब ने समाज में हर तबके व वंचित लोगों को उनके अधिकार और सामाजिक न्याय दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उनके विचार व आदर्श सदैव देशवासियों को प्रेरित करेंगे।

## आईसीएमआर की वेबसाइट पर एक दिन में छह हजार साइबर हमले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की वेबसाइट में हैकर लगातार सेंध लगाने की कोशिश करते हैं, लेकिन उनकी कोशिशों को नाकाम कर दिया जाता है।

अधिकारी ने बताया कि संभावित तौर पर हांगकांग के हैकरों ने 30 नवंबर को 24 घंटे के दौरान आईएमसीआर की वेबसाइट में छह हजार बार सेंध लगाने की कोशिश की। ये हमले कथित रैनसमवेयर हमले की पृष्ठभूमि में हुए जिसकी वजह से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की ऑनलाइन सेवा बाधित हो गई थी। आईसीएमआर के एक अधिकारी ने बताया, आईसीएमआर की वेबसाइट पर मौजूद सामग्री सुरक्षित है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 7 दिसंबर, 2022



# गुरुग्राम में 15 प्रतिशत तक कम हुई दो पहिया वाहन सड़क हादसों की मृत्यु दर

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**गुरुग्राम** की सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से गुरुग्राम पुलिस के जागरुकता अभियानों का अब धरातल पर असर नजर आ रहा है। पुलिस के जागरुकता अभियान से जिला में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष दोपहिया वाहनों की दुर्घटना में मृत्यु दर में 15 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

शहर में वाहन चालकों की लापरवाही की वजह से सड़क हादसे होते हैं, जिसमें दो पहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। गुरुग्राम पुलिस ने विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए दोपहिया वाहन चालक व पैदल

### गुरुग्राम पुलिस के जागरुकता अभियान से हुआ यह सुधार

यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर विशेष अभियान चलाए, जिसमें यातायात नियमों व रास्तों में भी बदलाव को भी शामिल किया गया है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा निरंतर सड़क पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उन्हें हटाया जा रहा है। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में साइन बोर्ड व स्पीड ब्रेकर बनवाए जा रहे हैं। इसके साथ साथ रात में वाहन चालकों के सुगम यातायात के लिए डिवाइडर व पिलर्स आदि पर रिफ्लेक्टर भी लगाए जा रहे हैं। वहीं विभिन्न चौक चौराहों की मॉनिटरिंग




कर जरूरत वाले स्थानों पर दिशा निर्देश के साइन बोर्ड व रेड लाइट भी लगाई जा रही हैं।

**नवंबर 2021 में 169 व नवंबर 2022 में 145 की गई जान :** गुरुग्राम पुलिस द्वारा किए गए प्रयासों के तहत जिला में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष दो पहिया वाहन चालकों की सड़क दुर्घटना में जान गंवाने के मामलों में लगभग 15 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले वर्ष जनवरी से नवंबर माह के बीच जिला में 169 लोगों ने सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवाई थी। वहीं इस वर्ष यह संख्या घटकर 145 दर्ज की गई है। पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा दोपहिया वाहन चालकों व पैदल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नवंबर माह को यातायात जागरुकता माह के रूप में मनाया गया था। जिसमें नुक्कड़ नाटक, जनसभा, फैक्ट्री /कंपनियों में सेमिनार आदि के द्वारा गुरुग्रामवासियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

**सीसीटीवी से रखी जा रही नजर :** पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन के मुताबिक गुरुग्राम पुलिस के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) से सीसीटीवी कैमरे के द्वारा व यातायात पुलिस द्वारा निरन्तर पेट्रोलिंग कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर नजर रखी जा रही है। नियमों के उल्लंघन करने वालों के लगातार चालान भी किए जा रहे हैं।

पुलिस आयुक्त ने आमजन से आह्वान किया कि सभी वाहन चालक सड़क पर अपनी निर्धारित लेन में ही चलें। पैदल यात्री सड़क पार करने के लिए नेशनल हाईवे व फ्लाईओवर का प्रयोग न करके सर्विस रोड का प्रयोग करें। साथ ही सड़क पार करते समय जेबरा क्रॉसिंग अथवा पेडेस्ट्रेन का प्रयोग करें। साइकिल चालक साइकिल पर रिफ्लेक्टर जरूर लगाएं। मोटरसाइकिल पर दोनों सवारी हेलमेट का प्रयोग करें व निर्धारित गति सीमा से चलें।

# गुरुग्राम में विरोध का नया प्रयोग फूंका समस्याओं का पुतला

### गुरुग्राम बचाओ यात्रा निकालकर की नारेबाजी

### जन सेवक क्रांति पार्टी के कार्यकर्ताओं ने समस्याओं का समाधान मांगा

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**मिलेनियम** सिटी में समस्याओं को उठाने का नया प्रयोग किया गया। यहां एक विशालकाय पुतला जलाकर विरोध जताया गया। वैसे तो इतने बड़े रावण के पुतले दशहरे पर जलाए जाते हैं, लेकिन समस्याओं को लेकर पुतला फूंकना चर्चा का विषय बना रहा।

जन सेवक क्रांति पार्टी की ओर से गुरुग्राम की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया। गुरुग्राम बचाओ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में साइकिल, ई-रिक्शा और सीएनजी वाहनों से कार्यकर्ता



गुरुग्राम में विभिन्न समस्याओं को लेकर फूंका पुतला।

शामिल हुए, ताकि पर्यावरण प्रदूषित ना हो। गुरुग्राम की समस्याओं को लेकर निकाली गई यह यात्रा गीता भवन न्यू कालोनी से आरम्भ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए भीम नगर के राम लीला मैदान में पहुंची। वहां एक जनसभा आयोजित करके लोगों को शहर की समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही उनके समाधान की भी मांग की गई। वहीं पर एक विशालकाय पुतला भी फूंका गया। पुलिस पर बैनर भी लगाया गया। जिस पर लिखा था-शहर ट्रैफिक जाम, जलभराव, कूड़ा कचरा, सीवरेज, पार्किंग, सरकारी अस्पताल, टूटी सड़कें, पीने का पानी समस्याओं का समाधान किया जाए। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकित अलघ ने आगामी चुनावों के लिए मेयर प्रतियाशी एवं दो पार्षद उम्मीदवारों के नाम की घोषणा भी की। कार्यक्रम के दौरान हास्य कवि सुंदर कटारिया ने भी प्रस्तुति दी। पार्टी के भावी मेयर उम्मीदवार विक्रांत मक्कड़ ने सरकार की जन विरोधी नीतियों पर जमकर कटाक्ष किया। इस मौके पर स्वाति ग्रोवर को वार्ड-15 एवं नरेश शर्मा को वार्ड-14 के क्षेत्र से पार्षद उम्मीदवार बनाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर पार्टी के सह-संस्थापक योगेश कटारिया, विधानसभा महिला अध्यक्ष स्वाति ग्रोवर, समाजसेवी रोहित मदान, समाजसेवी सन्नी भट्ट, अभिषेक ठाकुर समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# सेक्टर-9 महाविद्यालय में गूंजे गीता के श्लोक



गुरुग्राम के सेक्टर-9 राजकीय महाविद्यालय में गीता जयंती कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ व विद्यार्थी।

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**

**राजकीय** महाविद्यालय सेक्टर-9 में महाविद्यालय के वरिष्ठतम प्राध्यापिका डॉ. कृष्णा मल्हान की अध्यक्षता गीता महोत्सव मनाया गया। महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में 70 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

विद्यार्थियों में गीता के प्रति चेतना विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का संयोजन कर रही अध्यात्म और भाषाई दक्षता के लिए प्रख्यात अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापिका डॉ. ललिता गौड़ ने कुरुक्षेत्र में हुए कार्यक्रम और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए गीता के महत्व को रेखांकित किया। डॉक्टर गौड़ ने हाल ही में कुरुक्षेत्र में गीता विषय पर शोध पत्र भी प्रदर्शित किया था। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के एपीआईओ रोहित शर्मा ने स्वामी विवेकानंद, लोकमान्य तिलक, स्वामी अड़गड़ानंद, टीएस इलियट आदि विद्वानों के कथनों का जिक्र कर गीता को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. कृष्ण मल्हान के अध्यक्षीय भाषण से हुआ। डॉ. अंजना, डॉ. सतीश, डॉ. राजेश, संजय कत्याल, वंदना यादव, मोनिका, डॉक्टर सत्यम आदि प्राध्यापक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की टीम ने जीती गवर्नमेंट प्रीमियर लीग



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम गवर्नमेंट प्रीमियर क्रिकेट लीग का फाइनल मैच हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट के बीच हुआ। फाइनल सेरेमनी की शुरुआत मुख्य अतिथि रेरा सदस्य वीके गोयल ने की। हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन की टीम विजेता रही। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को विजेता ट्रॉफी भी भेंट की। इस लीग का शुभारंभ गत 15 अक्टूबर को डीसीपी मुख्ययालय अंशु सिंगला ने किया था। इसमें आठ टीमों ने इस लीग में हिस्सा लिया। इसमें उपरोक्त दो टीमों के अलावा मीडिया, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर, पब्लिक हेल्थ, सिंचाई विभाग, नगर निगम, एचएसवीपी शामिल थी। पिछले सप्ताह सेमिफाइनल मैच टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट और एचएसवीपी व हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन और सिंचाई विभाग के बीच हुआ था। एचएसवीपी और सिंचाई विभाग की टीम के हारने के बाद टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट और हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के बीच रविवार को फाइनल मुकाबला हुआ। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट की टीम ने पहले फील्डिंग चुनी और 19.4 ओवर में हरियाणा पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन की टीम ने 20 ओवार में 236 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसका पीछा करते हुए टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग की टीम महज 129 रन ही बना सकी और सीरीज एचपीएचसी ने अपने नाम कर ली। इस लीग में नगर निगम के सचिन मलिक मैन ऑफदी सीरिज रहे। बेस्ट बेट्समैन ऑफ सीरिज प्रेस एंड मीडिया से मोहम्मद जबरील रहे। बेस्ट बॉलर ऑफ सीरिज हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के प्रदीप रहे। बेल्ट फीडर भी प्रेस-मीडिया टीम के योगेश रॉय को चुना गया। इस लीग में फर्स्ट रनरअप टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट की टीम रही। सेकेंड रनरअप सिंचाई विभाग, थर्ड रनरअप एचएसवीपी और फोर्थ रनरअप प्रेस एंड मीडिया की टीम रही। नगर निगम, पब्लिक हेल्थ और पीडब्ल्यूडी बीएंडआर क्रमशः पांचवें, छठे और सातवें स्थान पर रहे।

### निवर्तमान पार्षद कपिल दुआ समेत नौ पर एफआईआर की सिफारिश

**गुरुग्राम।** सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध विज्ञापन लगाकर संपत्ति को विकृत करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है। नगर निगम गुरुग्राम की विज्ञापन शाखा द्वारा ऐसे 9 मामलों में एफआईआर दर्ज करने के लिए संबंधित थानों में शिकायत भेजी गई है। उनके खिलाफ हरियाणा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम-1989 के तहत मुकदमा दर्ज करने के लिए लिखा गया है। नगर निगम गुरुग्राम की विज्ञापन शाखा द्वारा सदर थाना में भेजी गई शिकायत में लक्ष्मी गार्डन निवासी कपिल दुआ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा गया है। शिकायत के अनुसार कपिल दुआ ने सेक्टर-34 ब्लॉक-बी में अवैध विज्ञापन लगाकर नियमों की अवहेलना की है। इसके अलावा सेक्टर-50 थाने में यू क्लीन के खिलाफ, डीएलएफ फेज-2 थाने में गाला एक्सपो के खिलाफ, सेक्टर-65 थाने में एडवांस ब्रोकरेज के खिलाफ, बादशाहपुर थाने में एससीओ प्लस व गुरदीप एंड एसोसिएट्स के खिलाफ, सेक्टर-65 थाने में दिल्ली पब्लिक स्कूल व नरेश कुमार के खिलाफ तथा सुशांत लोक-1 थाने में सेवन ओसेन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए शिकायतें भेजी गई हैं। नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त-1 अखिलेश यादव के अनुसार सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध विज्ञापन लगाना दंडनीय अपराध है। ऐसा करने वालों के खिलाफ हरियाणा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम-1989 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया जाता है। नगर निगम की विज्ञापन शाखा द्वारा ऐसे अवैध विज्ञापनों को हटाने के साथ ही संबंधित के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति पर विज्ञापन ना लगाएं।

### युवक की बाइक चोरी

**सोहना।** उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ से परीक्षा देने आया युवक की होटल के बाहर से बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ निवासी अमित ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को हरियाणा में होने वाली बीएसएफ की परीक्षा देने के लिए आया था। वह सोहना सामान्य बस स्टैंड के सामने बने होटल पर कमरा लेकर रुका था। वह बाइक से ही पेपर देने के लिए उत्तर प्रदेश से आया था। उसने अपनी बाइक को शनिवार रात करीब आठ बजे होटल के बाहर खड़ी कर दी थी। रविवार सुबह छह बजे उसने अपनी बाइक के पास गया तो वहां से वह गायब थी। रात के समय में उसकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# डाक कर्मी की लापरवाही लोगों तक नहीं पहुंच रही डाक

**सोहना।** डाक विभाग का कर्मचारी पिछले तीन माह से डाक वितरण न करके किराने की दुकान पर लावारिश फेंक कर अपनी ड्यूटी निभाग रहा है। डाक विभाग के कर्मचारी की लापरवाही से दुकानदार तंग आ चुके हैं। वहीं क्षेत्र के नागरिकों को समय पर डाक न मिलने से परेशानी हो रही है। शहर के वार्ड-5 की शिव कॉलोनी में किराने की दुकान चलाने वाले कैलाश अपने किसी ग्राहक या पैसे की लेनदेन से परेशान नहीं हैं। जिनता डाक विभाग के कर्मचारी द्वारा बरती जा रही लापरवाही से परेशान हैं।

कैलाश ने बताया कि सोहना में स्थित मुख्य डाकघर का कर्मचारी पिछले तीन माह से उसकी दुकान पर वार्ड-निवासियों की डाक हर दिन फेंक कर चला जाता है। डाक वितरक उस्मान को कई बार मना किया है, लेकिन वह उपभोक्ताओं को फोन करने की बात कह कर चला जाता है। उसकी दुकान में रखी डाक में पेन



डाक कर्मचारी द्वारा फेंकी गई डाक दिखाता दुकारदार।

कार्ड, आधार कार्ड, परीक्षाओं के रोल नंबर, बैंक से संबंधित जरूरी कागजात और संभावना है कि किसी की नौकरी पर बुलावे का पत्र भी हो सकता है। उसके यहां से तीन माह में एक भी उपभोक्ता लेने नहीं आया है। उसकी दुकान में चूहे डाक को काट रहे हैं। कैलाश ने बताया कि मानवता के नाते वह अपने दुकान में भरे सामान से ज्यादा रखवाली डाक की करनी पड़ रही है। सोहना डाकघर के पोस्टमास्टर जयकिशन ने बताया कि डाक वितरक कर्मचारी द्वारा बरती जा रही लापरवाही उसके संज्ञान में नहीं थी। जल्द ही कर्मचारी के खिलाफ लापरवाही बरतने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# नवीन गोयल ने जलमग्न 5600 एकड़ भूमि की समस्या सरकार तक पहुंचाई

### किसानों की समस्या पर मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**गुरुग्राम** में किसानों की 5600 एकड़ भूमि के जलमग्न होने की समस्या पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सरकार तक पहुंचाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को पत्र लिखकर समस्या के समाधान का आग्रह किया। साथ ही जीएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल से फोन पर बात की।

नवीन गोयल ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए बहुत नीतियां



बनाई हैं। लोहारू जैसे सुदूर इलाके में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया है। किसानों को सिंचाई की उपयुक्त सुविधा मुहैया करवाने का कार्य किया गया है। मेरा पानी मेरी विरासत, हर खेत को पानी जैसी योजनाओं का लाभ हरियाणा के प्रत्येक किसान तक पहुंच रहा है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक किसानों को इस ओर प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार भरसक प्रयास कर रही है। सरकार की योजनाओं के तहत अब किसान रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती की ओर जा रहे हैं।

किसानों को लेकर नवीन गोयल ने कहा है कि यहां पर पहले से जमीनें किसानों के पास बहुत कम बची हैं। उसमें से भी हजारों एकड़ कृषि भूमि में लगातार जलभराव रहता है। यह किसानों की बड़ी समस्या है। उन्होंने बताया कि आजादी के कुछ ही वर्ष बाद नजफगढ़ ड्रेन का निर्माण किया गया था, ताकि शहर का पानी ड्रेन से होते हुए यमुना में जाए। ड्रेन के साथ-साथ दिल्ली इलाके में बांध का निर्माण कर दिया, लेकिन गुरुग्राम इलाके में बांध बनाने के ऊपर ध्यान नहीं दिया। इसका खामियाजा वर्षों से गुरुग्राम इलाके के गांवों मांकड़ौला, बुढेड़ा, चंदू, धनकोट, खेड़की, दौलताबाद, मोहम्मद हेड़ी, बसई एवं धर्मपुर के किसान भुगत रहे हैं। इन गांवों की लगभग 5600 एकड़ भूमि जलमग्न है। ड्रेन ओवरफ्लो होने से प्रभावित किसान पिछले लगभग 20 साल से सही से खेती नहीं कर पा रहे हैं।

# विवाहिता नकदी-जेवरात समेत चार वर्षीय बेटी को लेकर गायब

**सोहना।** शहर के वार्ड-17 में रहने वाली विवाहिता चार वर्षीय बच्ची को लेकर संदिग्ध हालत में लापता हो गई। पीड़ित पति ने पत्नी व अपनी मासूम बेटी की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरू कर दी है।

शहर के वार्ड-17 में रहने वाले जगदीश ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी रीना एक दिसंबर को उसकी छोटी बेटी लविका को सुबह करीब 11 बजे घर से बिना बताएं लेकर चली गई। अपने साथ अपने व बेटी के सभी जरूरी कागजात और करीब 12 हजार रुपये लेकर गई है। वह पिछले पांच दिन से गायब है। पुलिस ने पीड़ित पति की शिकायत पर संदिग्ध हालत में पत्नी व बेटी की शिकायत दर्ज कर ली है।

# जखोपुर के आबादी क्षेत्र में जमा गंदे पानी से बीमारी फैलने का खतरा

### नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभागों के अधिकारी लगा रहे एक-दूसरे पर आरोप

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**नगर** परिषद के वार्ड-9 में आबादी क्षेत्र में जमा गंदे पानी से महामारी फैलने का खतरा बढ़ने लगा है। साथ ही जमा गंदे पानी से आस-पास बने मकानों की दीवारों में दरारें पड़ने लगी हैं। गंदे पानी की निकासी को लेकर एसडीएम को शिकायत दी गईं लेकिन समाधान न होने से स्थानीय नागरिकों में रोष पनप रहा है।

नगर परिषद के वार्ड-9 में घरों से निकलने वाला पानी नालियां न होने से आबादी क्षेत्र में जमा हो रहा है। जमा गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। जिसके कारण डेंगू, मलेरिया और उल्टी-दस्त जैसी जानलेवा बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासी बाबूदयाल का कहना है कि उसने गंदे पानी की निकासी को लेकर एसडीएम को लिखित में शिकायत दी फिर भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका। जखोपुर निवासी ऊमा देवी का कहना है कि गंदा पानी जमा रहने से उसके मकान की दीवरों में सीलन



सोहना नगर परिषद के वार्ड-9 के आबादी क्षेत्र में जमा गंदा पानी।

आने से दरारे आ गई हैं। यदि यह पानी कुछ और दिन रहता है तो उसके पूरे परिवार को जान का खतरा है। उसका मकान कभी भी गिर सकता है। उन्होंने बताया कि वार्ड पार्षद को भी इसकी शिकायत की है।

### स्कूल में बीमारी फैलने का खतरा

**जलभराव** के पास ही राजकीय प्राथमिक पाठशाला में करीब 250 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्ती के लिए आते हैं। गंदे पानी के कारण मच्छरों का आतंक फैला हुआ है। सर्दी में पंखे चलाए नहीं जा सकते, क्योकि बच्चे बीमार हो सकते हैं। स्कूल प्रभारी बिमलेश का कहना है कि उन्होंने नवनिर्वाचित पार्षद को इसकी शिकायत दी है। जल्द ही वह नगर परिषद प्रशासन को इसकी शिकायत देंगी।

> "**आबादी** क्षेत्र में गंदा पानी जमा होने का कारण अधर में लटका सीवर लाइन जोड़ने का कार्य। यह कार्य जनस्वास्थ्य विभाग का है। यदि वे पानी को सीवर लाइन में डालते हैं। समस्या का समाधान हो जाएगा।
>
> **विक्की सिंह -एक्सइएन नप**

> "**नगर** परिषद की नालियां टूटी हुई हैं और गंदे पानी का नाला बंद पड़ा है। नगर परिषद की कमियों के कारण यह गंदा पानी जमा हो रहा है। सीवर लाइन जोड़ने में करीब छह माह का समय लगेगा।
>
> **ओमप्रकाश-एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग**

# हरियाणा टैक्स बार एसो. के कार्यक्रम में आएंगे मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 7 दिसंबर बुधवार को गुरुग्राम में हरियाणा टैक्स बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम में वे हरियाणा टैक्स बार एसोसिएशन तथा गुरुग्राम टैक्स बार एसोसिएशन के साथ टैक्स के विषयों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा टैक्स बार एसोसिएशन का यह कार्यक्रम गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इसमें सुबह 10 बजे से 11 बजे तक पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संदीप गोयल जीएसटी के बारे में बताएंगे।

कार्यक्रम को मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला संबोधित करेंगे। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री तथा उप-मुख्यमंत्री टैक्स बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के साथ जीएसटी व टैक्स के संबंध में वार्तालाप भी करेंगे। कार्यक्रम को हरियाणा स्टेट टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम नारायण यादव तथा करनाल की टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान संजय मदान भी संबोधित करेंगे।

# लेखिका पुत्री द्वारा लेखक पिता को भावपूर्ण साहित्यिक नमन है चौबटिया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

"**चौबटिया**" यह नाम मेरे अस्तित्व में समाहित है। इस पुस्तक की रचना से लेकर इसके आकृत होने के सफर तक और फिर प्रकाशन के बाद की इसकी यात्रा, जैसे मेरा बचपन इसमें अनायास ही सम्मिलित सा हो गया। जब कभी अपने पिता को यह पुस्तक किसी को प्रस्तुत करते देखती या फिर इसके बारे में उत्साह से वर्णन करते देखती, उनकी आंखों में वो चमक, स्वर में एक उमंग, व्याकुलता एवं व्यग्रता से परिपूर्ण उनका पाठकों एवं परिवार जनों से पुस्तक को पढ़ने का आग्रह शायद उस वक्त इतना समझ नहीं पायी। इस क्रम में भले ही मैं इस पुस्तक का स्वतः एक हिस्सा बन गयी पर कभी इसे पढ़ नहीं पायी।

आज जब मैं स्वयं को लेखन के सफर में अग्रसर देखती हूं तो एक रचनाकार की उस व्यग्रता को महसूस करती हूं। आज मैं अपने पिता को थोड़ा और समझने लगी हूं। गर्व की अनुभूति से सराबोर होकर इस पुस्तक को अब पढ़ती हूं, मनन करती हूं, और सीखती हूं। मेरे वो माता-पिता जिनकी एकलौती पुत्री होने का एहसास कर मैं इठलाती हुई बड़ी हुई, जिनके अपार स्नेह में लिपटी मेरी बचपन की यादें मेरे मानस-पटल पर अमिट हैं, और मेरे हृदय में अंकित हैं। जिन्होंने अपने अनंत प्रेम से मेरा जीवन संवारा, मुझे साहित्य के रस से सींचा। मेरे पिता डॉ. शिवचंद्र झा 'अंगिरस', भ्रमरपुर, बिहार में जन्मे उस पिता के पुत्र थे जो स्वयं




व्युत्पन्न बुद्धि एवं प्रत्युत्पन्नमति से संपन्न संपूर्ण मिथिलांचल के श्रेष्ठ रत्न थे। स्वर्ण पदक प्राप्त पंडित हीरा लाल झा 'हेम' संस्कृत, हिंदी, और मैथिली के अद्वितीय विद्वान थे और उन्होंने अपनी कीर्ति से मिथिलांचल एवं अंगिकांचल के गौरव को बढ़ाया। अपने आध्यात्म और साहित्य की धरोहर को उन्होंने अपने पुत्र डॉ. शिवचंद्र झा (मेरे पिता) को सौंपा, जिन्होंने अपने विस्तृत साहित्यिक योगदान से इस थाती को आगे बढ़ाया। एमए (हिंदी), पीएच ड़ी, डिप इनएड, एलएलबी की डिग्रियां प्राप्त मेरे पिता ने अवर प्रमंडल शिक्षा पदाधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त होने के पश्चात लेखन के क्षेत्र में अपना कदम बढ़ाया और अपने व्यापक साहित्यिक योगदान से जल्द ही अंगिका भाषा के प्रतिष्ठित साहित्यकार बन गए। उन्होंने आठ पुस्तकें प्रकाशित कीं और इसके अलावा पत्र-पत्रिकाओं में उनके कई आलेख प्रकाशित हुए। आकाशवाणी भागलपुर से उनके कई रूपक प्रसारित हुए।

अंगिका भाषा और व्याकरण में उन्होंने पुस्तकें लिखीं परंतु उनकी विधा अंगिका गद्य रही। उनकी पुस्तकों में - चौबटिया, अंगिका शब्दानुशासन, अंगिका भाषा व्याकरण, अंगिका निबंध, अंग जनपद, कविश्वर श्याम सुंदर जीवन और काव्य, अंगिका भाषा विज्ञान सम्मिलित हैं। इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बायोग्राफिकल रीसर्च Inc इंडिया द्वारा उन्हें इंस्टिट्यूट गवर्निंग बोर्ड ऑफ एडिटर्स फोर बायोग्राफिकल इंक्लूजन (मिल्लेनियम एडिशन), इंटरनेशनल बायोग्राफिकल डिरेक्ट्री ऑफ डिस्टिंग्वीस्ड लीडर्स का नियुक्ति पत्र दिया था। विक्रमशीला रिसर्च इंस्टिट्यूट द्वारा प्रकाशित 'श्रीमद्भागवत रहस्य' (श्रीमद् भागवत महापुराण पर अंगिका में प्रवचन) उनकी साहित्यिक कृतियों में सर्वोपरि है जो उनके आध्यात्म और साहित्य के समागम को दर्शाती उनकी ख्याति को स्थापित करती है। अंगिका साहित्य और भाषा की समृद्धी और भारतीय साहित्य में श्रीमद्भागवत जैसी उल्लेखनीय कृति का संस्कृत से अंगिका में अनुवादन और प्रकाशन के उनके समस्त सफर में उनकी जीवन संगिनी श्रीमती इंदुबाला झा का महत्वपूर्ण सानिद्धय और योगदान रहा है। सहायक शिक्षिका (हिंदी विभाग) से सेवानिवृत्त श्रीमती इंदुबाला डबल एम ए (हिंदी और राजनीति शास्त्र), प्रशिक्षित एलएलबी हैं और साहित्य गतिविधियों में उन्होंने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

अंगिका लोक गीत- सांस्कृतिक अध्ययन और कविश्वर श्याम सुंदर-समीक्षात्मक अध्ययन पुस्तकों के अलावा आकाशवाणी भागलपुर से उनकी कहानियां प्रसारित हो चुकी हैं। साहित्यिक परिवेश में पली-बढ़ी, मैंने साहित्य को अनायास ही आत्मसार कर लिया है और लेखन के अपने अथक प्रयासों से इस विशालकाय साहित्यिक जगत में अग्रसर रहने के लिए निरंतर प्रयत्नशील हूं। मेरे पिता की विस्तृत साहित्यिक स्मृतियों को उनकी पुस्तक 'चौबटिया' (अंगिका कथा संग्रह) के माध्यम से एक बार फिर पाठकों तक लाने के लिए इच्छुक हूं और उसका हिंदी अनुवाद कर अपने पिता को एक भावपूर्ण साहित्यिक श्रद्धा अर्पित करना चाहती हूँ। एक लेखक पिता की पुस्तक चौबटिया उनकी लेखिका पुत्री की कलम से जल्द।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 7 दिसंबर, 2022



# सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा, राहगीरों को परेशानी

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** की मुख्य व्यस्त सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहने से वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे कभी भी दुर्घटनाएं घट सकती हैं, लेकिन इस ओर प्रशासन जरा भी ध्यान नहीं दे रहा है। कॉलोनी हो या सेक्टरों की सड़कें चारों तरफ आवारा पशुओं का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। ऐसा ही मंगलवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिला।

**मुख्य मार्गों पर दिखे पशु :** शहर में जगह-जगह आवारा पशुओं का मंगलवार को जमावड़ा देखने को मिला। पायनियर पड़ताल में देखा गया कि अमोलिक चौक के निकट आवारा पशु चौक पर रास्ते के बीच में बैठे थे। वहीं हार्डवेयर से सोहना रोड की तरफ आने वाले रास्ते पर सेक्टर-22 श्मशान घाट के निकट, पंजाब रोलिंग मिल चौक के निकट और सोहना रोड पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा हुआ देखा गया। इसके अलावा शहर के सबसे व्यस्त कहे जाने वाले जवाहर कॉलोनी और प्रेस कॉलोनी में सारन चौक और सारन थाने के पास बीच की सड़क पर आवारा पशुओं को सड़क पर देखा गया। वहीं प्रेस कॉलोनी में मौजूद सारन स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर भी आवारा पशु देखे गए। इसके अलावा बीके से हार्डवेयर चौक के बीच श्रीवैष्णो देवी मंदिर के पास आसपास बीच सड़क पर आवारा पशु देखे गए।


ग्रेटर फरीदाबाद में बीच सड़क पर बैठे आवारा पशु।


सेक्टर-22 श्मशान घाट के निकट बीच सड़क पर आवारा पशु।

**होती हैं दुर्घटनाएं :** शहर में मुख्य सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। रात के समय पशु सड़क पर बीच में ही बैठे रहते हैं। इससे दुर्घटनाए होती रहती हैं। शहरवासियों का कहना है कि कई बार निगम प्रशासन को अवगत कराने पर भी कोई एक्शन नहीं होता। आवारा पशु सड़क पर गदंगी फैला देते हैं और रात के समय दुकानों के बाहर बैठे रहते हैं।

**जाम और दुर्घटना :** शहर में आवारा पशुओं का जमावड़ा इन दिनों दुर्घटना का कारण बना हुआ है। शहर के मुख्य मार्ग पर आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों का निकलना तक दूभर बना हुआ है। कई बार तो हालात यह हो जाते हैं कि आवारा पशुओं के कारण जाम लग जाता है। रात में स्थिति और विकट हो जाती है। मुख्य मार्ग पर अधूरे डिवाइडर उनके पास आवारा पशु बैठे रहने से कई बार वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो जाते हैं।

# एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की जरूरत के मरीजों को मिलेगा लाभ

## केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने की एसएसबी अस्पताल में रेडियल लाउज सुविधा की शुरूआत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



एसएसबी अस्पताल में रेडियल लाउज सुविधा का रिबन काट कर शुभारंभ करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

**चिकित्सा** क्षेत्र में अग्रणीय एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशयलिटी अस्पताल में विश्वस्तरीय रेडियल लाउज सुविधा शुरू की है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने इस सुविधा का विधिवत शुरुआत की। अस्पताल के सीएमडी और सीनियर इंटरवेशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एसएस बंसल ने श्री गुर्जर का अस्पताल पहुंचने पर फूलों का बुके देकर स्वागत किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि एसएसबी अस्पताल चिकित्सा क्षेत्र में नित-नई सुविधाएं लाकर शहर के लोगों को उच्चस्तरीय सेवाएं उपलब्ध करवा रहा है और यह शहर के लोगों के लिए हर्ष की बात है कि उन्हें अपने ही शहर में एक ही छत के नीचे इस अस्पताल में तमाम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। अस्पताल के सीएमडी और सीनियर इंटरवेशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एसएस बंसल ने बताया कि अब इस नए रेडियल लाउज की वजह से जिन मरीजों को एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की जरूरत है, वे इंटेसिव केयर यूनिट में भर्ती हुए बिना रेडियल लाउज का लाभ उठा सकते है। उन्होंने बताया कि वे लग्जरी काउच पर आराम कर सकते हैं, रेडियल एंजियोग्राफी प्रक्रिया देख सकते है, अपनी रेडियल एंजियोग्राफी करवा सकते है और यहां तक कि अपने एक अटेंडर के रेडियल लॉन्ज में बैठ भी सकते है और उसी दिन घर जा सकती है और यह दिल्ली एनसीआर में एक अनोखी सुविधा है। डा. बंसल ने बताया कि इस प्रकार की सरल प्रक्रिया है, जो यह पता लगाने के लिए की जाती है कि क्या हृदय की नसों में ब्लॉक है, जो हृदय की मांसपेशियों में रक्त ले जाती है।

आमतौर पर यह लगभग सभी अस्पतालों में रोगी को कई दिन के लिए एडमिट किया जाता है, लेकिन रेडियल लाउज की मदद से रोगी उसी दिन घर जा सकता है। अस्पताल में भर्ती हुए बिना रेडियल लाउज में हार्ट एंजियोग्राफी के लिए आए और फिर आराम से एंजियोग्राफी प्रक्रिया के बाद आप चलकर जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह पंचर साइट पर रक्तस्त्राव के किसी भी जोखिम के बिना एक बहुत ही सुरक्षित प्रक्रिया है, जबकि पारंपरिक जांघ की नस के मार्ग में, बिना पता चले कई लीटर रक्तस्त्राव हो सकता है।

यह रक्तस्त्राव जांघ या पेट के अंदर गहरा होता है इसलिए खून की कमी का किसी भी प्रकार के संकेत न मिलने की वजह से जीवन के लिए खतरा बन सकता है, दिल के दौरे के रोगी के लिए भी रेडियल एंजियोप्लास्टी और स्टेंटिंग फीमोरल एंजियोप्लास्टी स्टेटिंग की तुलना में अधिक सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के उपरांत न केवल मरीज घर जा सकता है बल्कि शौच करना व खाना खाने जैसे कार्य भी आराम से कर सकता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं वाजिब दामों पर उपलब्ध कराना है और इसी को लेकर वह और उनके सहयोगी डाक्टर कार्य कर रहे हैं। गौरतलब है कि डॉ. एसएस बंसल एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी के एक्सपर्ट हैं और उन्होंने ही पहली बार हरियाणा में इसकी शुरुआत की थी।

# 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हवलदार रंगे हाथों गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** स्टेट विजिलेंस की टीम ने थाना ओल्ड फरीदाबाद में तैनात एक हवलदार को दिल्ली निवासी एक व्यक्ति से 20 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता की बहन और जीजा के खिलाफ ओल्ड फरीदाबाद में दर्ज एक मामले में बचाव करने के बदले में रुपयों की मांग कर रहा था। परेशान होकर पीड़ित व्यक्ति ने मामले की शिकायत विजिलेंस के अधिकारियों को द थी। विजिलेंस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मंगलवार को रंगेहाथों दबोच लिया।

जानकारी के मुताबिक दिल्ली के काले खां सराय इलाके में रहने वाले रविंद्र कुमार ने इस संदर्भ में फरीदाबाद स्थित स्टेट विजिलेंस के अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसमें उसने कहा था कि उनकी बहन और जीजा के खिलाफ थाना ओल्ड फरीदाबाद में इसी साल एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच हवलदार विक्रम सिंह द्वारा की जा रही थी। जिसके कारण वह हवलदार विक्रम से केस को लेकर बातचीत कर रहा था। पिछले दिनों वह मिलने के लिए आया तो विक्रम सिंह इस केस में उसकी बहन और जीजा का बचाव करने के बदले में रुपये की मांग करने लगा।

आरोपी के दबाव में आकर उसने पैसे देने की बात स्वीकार कर ली। जिसके बाद उसने मामले की शिकायत स्टेट विजिलेंस के आला अधिकारियों से कर दी। उन्होंने तुरंत टीम गठित कर 20 हजार रुपये पाउडर लगे नोट देकर रविंद्र के साथ भेज दिया। रविंद्र ने थाने के पास पहुंच कर जैसे ही विक्रम सिंह को रुपये दिये, तभी टीम ने छापा मारकर उसे रंगेहाथों दबोच लिया। विजिलेंस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# संक्षिप्त समाचार

## ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल में मनाया शरद ऋतु उत्सव



**फरीदाबाद।** ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में शरद ऋतु उत्सव बहुत ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस उत्सव में नन्हे-नन्हे बच्चे शरद ऋतु का स्वागत करने के लिए अपने हृदय में आशा और उमंग के साथ प्रस्तुत हुए। बहुत ही गर्मजोशी के साथ उन सब का स्वागत किया। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण विभिन्न खेलें, जादू का खेल, टैटू बनवाना, सेल्फी लेना तथा लकी ड्रॉ निकालना था। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रतियोगिताएं भी इस उत्सव का मुख्य आकर्षण रहीं जिसमें बेबी शो, कला प्रतियोगिता, अपने प्रियकलाकार का नाट्य रूपांतरण आदि प्रतियोगिताएं हुई। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए। लगभग 200 से अधिक संख्या में इसमें प्रतिभागी प्रस्तुत हुए और सभी के जलपान का उचित प्रबंध भी किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा ने सभी प्रतिभागी कोलंबियन और उनके अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

## झोलाछाप दुष्कर्मी डॉक्टर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** इलाज के नाम पर युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी डॉक्टर को एनआईटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम डॉक्टर शानू है जो गांधी कॉलोनी में पिछले करीब 10 साल से अपना क्लीनिक चलाता है। युवती की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए काबू करके जेल भेजा गया। तबीयत खराब होने पर युवती गांधी कॉलोनी में स्थित डॉक्टर के क्लीनिक पर गई थी। डॉक्टर ने युवती को बताया कि उसे टाइफाइड है और उसे पांच दिन लगातार क्लीनिक आना पड़ेगा। अगले दिन युवती डॉक्टर के पास गई तो उसने युवती के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की। युवती ने इसका विरोध किया और सारी बातें जाकर अपने परिजनों को बता दी। जिसके पश्चात पुलिस में शिकायत देने पर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी डॉक्टर को काबू कर लिया। आरोपी डॉ. को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## जिला स्तरीय स्किल महोत्सव में प्रतियोगिता का आयोजन



**फरीदाबाद।** स्किल महोत्सव कम स्किल एग्जिबिशन का जिला स्तरीय कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी एनएसक्यूएफ रनिंग सरकारी स्कूलों ने भाग लिया। स्किल महोत्सव में एनएसक्यूएफ के विभिन्न ट्रेड जैसे आईटी, बैंकिंग एंड फाइनेंस, ब्यूटी वैलनेस, एग्रीकल्चर व अन्य ट्रेड ने अपने-अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। एनएसक्यूएफ स्किल प्रोजेक्ट एग्जीबिशन का अवलोकन डीपीसी आनंद ने किया। एग्जीबिशन में गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-3 के इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी ट्रेड व बैंकिंग एंड फाइनेंस ट्रेड के प्रोजेक्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी ट्रेड में विद्यार्थियों में 11वीं कक्षा के विद्यार्थी मोहिन व हिमांशी ने सुधीर सिंह इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी प्रवक्ता के मार्गदर्शन में टोपोलॉजी विषय पर मॉडल प्रस्तुत किया। बैंकिंग एंड फाइनेंस स्किल ट्रेड से 11वीं कक्षा के विद्यार्थी शिवम वह कनिष्का ने मनीषा के मार्गदर्शन में बिफोर एंड आफ्टर कैशलेस पेमेंट प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करके बहुत प्रसन्न थे व अब वह स्टेट लेवल पर एग्जीबिशन में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित दिखे। गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-3 के प्रधानाचार्य प्रवेश गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया है वह स्टेट लेवल के लिए उन्हें और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## डाक्टर साहब सिद्धांतवादी थे : बबली



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सेक्टर-12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर श्रद्धेय डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा डाक्टर साहब बहुत महान शिक्षाविद व सिद्धांतवादी थे। हमें उनके मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। पं कृष्ण पाराशर एडवोकेट, करण पाराशर इंजीनियर, साहिल, अनुराग, राजेश, रामजीलाल, रोहित, श्रवण, भारत, रंजन, रवि मौजूद रहे।

## खाद की दुकानों पर किया औचक निरीक्षण

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार फरीदाबाद के एसडीएम परमजीत चहल ने यूरिया और डीएपी खाद की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया गया है। एसडीएम परमजीत चहल ने महावतपुर में मैसर्ज हरिश खाद बीज भण्डार और ईशानी खाद बीज भण्डार की दुकानों पर औचक निरीक्षण के दौरान बन्द पाई गई। एसडीएम परमजीत चहल ने सभी होलसैल व रिटेल डिलर्स को हिदायतें दी है कि वे अपनी पीओएस मशीन को खाद यूरिया और डीएपी के वास्तविक स्टॉक से मिलान करने के आदेश लिखित व वाटशैप व मौखिक रूप से भी दिए।

# आंतरिक शक्ति के विकास द्वारा भाग्य निर्धारण पर वार्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ के होलिस्टिक वैलबीइंग एंड सोलफुल वैलनेस सेंटर व ब्रह्माकुमारीज संस्था के संयुक्त तत्वावधान में छह दिसंबर को डिजाइन योर डेस्टिनी- डेवलपिंग इनर पावर शीर्षक से एक विशेष वार्ता आयोजित की गई।

सर्वप्रथम अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने मुख्य वक्ता व अतिथियों को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बीके सोनिका बहन, (राजयोग शिक्षिका, गुरुग्राम) रही। सम्मानीय अतिथि बीके सुशीला बहन, (वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका व मेडिटेशन सेंटर इंचार्ज बल्लभगढ़) रही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बीके ज्योति भाई, बीके हरि किशन भाई रहे। कार्यक्रम का आरंभ अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि जीवन में खुश रहना, शुक्राना, बुरा ना सोचना व दृढ़ संकल्प जैसे मंत्रों को आत्मसात कर हम अपने भाग्य को निर्धारित कर सकते हैं और अपने कर्मों के खाते के विधाता स्वयं बन सकते हैं। वहीं मुख्य वक्ता बीके सोनिका ने अपने भाग्य और भविष्य को कैसे डिजाइन किया जाए इस विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भाग्य का रोना रोने की बजाए हमें कर्म प्रधान बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम संकल्प व अनुशासन के साथ आगे बढ़ें तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है और हमारी भावनात्मक, आध्यात्मिक और बौद्धिक भागफल में मजबूती होती है और यह सब हमें समग्र विकास की ओर ले जाता है और हम पूर्ण कल्याण के लिए स्वयं को सर्वशक्तिमान के साथ संरेखित कर सकते हैं।

# अमृता अस्पताल के डॉक्टरों ने व्यक्ति के कटे अंगूठे को जोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अमृता** हॉस्पिटल फरीदाबाद में विशेषज्ञों की टीम द्वारा एक 27 वर्षीय व्यक्ति का बायां अंगूठा सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर इसे फिर से हाथ में जोड़ दिया गया। दरअसल इस व्यक्ति का अंगूठा काम करते वक्त ड्रिलिंग दुर्घटना में अलग हो गया था। मरीज फरीदाबाद की एक उपकरण निर्माण कंपनी में एक औद्योगिक ड्रिल ऑपरेटर है। ये घटना तब की है जब मरीज रोज की तरह अपनी ड्यूटी पर गया था, उसने एक दस्ताना पहन रखा था, जोकि चलती हुई ड्रिल मशीन में उलझ गया। ड्रिल ने पूरी ताकत से दस्ताने को खींचा, जिसके साथ अंगूठा भी उस ड्रिल मशीन में आ गया। मरीज अपना अंगूठा वापस लगवाने के लिए कई अस्पतालों में गए, लेकिन हर जगह से उन्हें निराशा ही हाथ लगी। दूसरे अस्पतालों के डॉक्टरों ने मरीज को ये कहकर मना कर दिया कि सर्जरी बहुत जटिल और दुर्लभ है और उनके पास सर्जरी लायक अनुभव नहीं है। इसके बाद मरीज फरीदाबाद के अमृता अस्पताल पहुंचे। सर्जरी का नेतृत्व करने वाले अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद के प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के प्रमुख डॉ. मोहित शर्मा ने कहा, 'हमारे पास मरीज अपने कटे हुए बाएं अंगूठे के साथ आया था। अंगूठे का विच्छेद जटिल होने की वजह से सर्जरी काफी चुनौतीपूर्ण रही। यह एक ऐसे अंगूठे के विच्छेदन का मामला था, जिसमें सभी टेंडन, आर्टरीज, नसें और तंत्रिकाएं बाहर निकल गई थीं। यह एक क्लियर कट नहीं था, इसलिए अंगूठे को वापस लगाना बहुत मुश्किल था। लेकिन हमने इसे एक चुनौती के रूप में लिया। अमृता अस्पताल, कोच्ची में हाथ का प्रत्यारोपण कर हम इस क्षेत्र में सबसे आगे हैं और इस क्षेत्र में हमारे पास लंबा अनुभव है।'

अस्पताल पहुंचने के तुरंत बाद बिना समय बर्बाद किए मरीज को जल्दी से ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया, जहां 10 घंटे तक चली सर्जरी में अंगूठे को सही जगह पर पहले की तरह जोड़ दिया गया। डॉ. मोहित शर्मा ने कहा, अंगूठे को दोबारा जोड़ना सबसे चुनौतीपूर्ण और जटिल पुनर्निर्माण सर्जरी में से एक है। मरीज के अंगूठे को एक ड्रिलिंग मशीन ने काट दिया, जिसकी वजह से 20 सेमी तक सभी शारीरिक सरंचनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं।

# ऋणों के बकाया के वन टाइम सेटलमेंट योजना का उठाएं लाभ

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत महिलाओं के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए हरियाणा महिला विकास निगम के ऋणों के बकाया ब्याज को माफ करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना को और आगे बढ़ाया है। इसके तहत लाभार्थी मूल ऋण की पूरी बकाया राशि का भुगतान एकमुश्त या 6 किस्तों में मई, 2023 तक लौटाता है तो उसका सारा ब्याज माफ कर दिया जाएगा।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि यह योजना उन ऋणियों को कवर करेगी जिनका ब्याज 31 मार्च 2020 को निगम को भुगतान के लिए बकाया है। इस योजना के तहत 31 मार्च 2020 को डिफॉल्ट रूप से मूल राशि पर लागू होगी, लेकिन उसके बाद भुगतान की गई मूल राशि शामिल नहीं होगी। ऋण लेने वालों को 6 महीने के भीतर इसका लाभ उठाने की अनुमति दी जाएगी।

# 'भारत जोड़ो यात्रा' को मिल रहा समर्थन : सेलजा

## राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी बनने पर कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल ने दी बधाई

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद


कुमारी सेलजा के राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी बनाए जाने पर स्वागत करते कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल व प्रियंका अग्रवाल।

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्या कुमारी सेलजा को कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव तथा छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेसियों में खुशी की लहर है। इसी कड़ी में बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल तथा महिला प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं पीसीसी डेलीगेट प्रियंका अग्रवाल ने दिल्ली स्थित उनके निवास पर जाकर बुके देकर व उनका मुंह मीठा कराते हुए बधाई दी और इसे पार्टी हाईकमान का सराहनीय फैसला बताया।

इस मौके पर कुमारी सेलजा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में देशभर में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा को समाज की सभी बिरादरियों का जो समर्थन मिल रहा है, उससे साबित हो गया कि जनता 2024 में देश में बदलाव चाहती है और उन्होंने उम्मीद जताई कि गुजरात, हिमाचल प्रदेश तथा दिल्ली नगर निगम चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह अपने इस जोश को कम न करें और पूरे उत्साह के साथ संगठन को मजबूत करने में जुटे रहें ताकि पार्टी आने वाले चुनावों में सत्तासीन हो। कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल व प्रियंका अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि फरीदाबाद में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के आगमन को लेकर लोगों में खासा उत्साह है, इस यात्रा की सफलता पूरे हरियाणा की राजनीतिक फिजा बदलने का काम करेगी। उन्होंने कुमारी सेलजा को विश्वास दिलाया कि बल्लभगढ़ सहित समूचे फरीदाबाद जिले का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता इस यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने का काम करेगा।

# राणा भट्टी को मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य किया नियुक्त



**फरीदाबाद।** सरदारनी राणा भट्टी को हरियाणा सिख गुरद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का सदस्य नियुक्त किए जाने पर सोमवार को सरबत दा भला चेरिटेबल ट्रस्ट ने स्वागत किया। श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा, सेक्टर 15 फरीदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में सरबत दा भला चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर मुबारकबाद दी। सेवादार चुन्नीलाल चोपड़ा, विष्णु सूद, दिनेश छाबड़ा, टोनी पहलवान, कुलदीप सिंह साहनी, सुरेंद्र सांगा, वीरेंद्र मेहता, नवीन पसरिचा, अनिल अरोड़ा, अरुण वालिया, सरबजीत सिंह चौहान, सत्यजीत बेदी, राजन गेरा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अपने स्वागत समारोह के दौरान सरदारनी राणा भट्टी ने कहा कि सरबत दा भला चेरिटेबल ट्रस्ट ने जो मुझे मान सम्मान दिया है, उसके लिए मैं सदैव कमेटी के पदाधिकारियों का आभारी रहूंगी। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का सदस्य बनाकर मुझे जो जिम्मेदारी दी गई हैं उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगी और 36 बिरादरी की भलाई एवं उत्थान के लिए कार्य करूंगी। उन्होंने कहा कि कमेटी ने जिस प्रकार मुझे जिम्मेदारी दी है, उस पर मैं पूरा खरा उतरूंगी। श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा कमेटी के चुन्नीलाल चोपड़ा एवं दिनेश छाबड़ा ने कहा कि सरदारनी राणा भट्टी हमेशा लोगों की सेवा करना पसंद करती हैं। उनकी मेहनत एवं कार्यशैली को देखते हुए सरबत दा भला चेरिटेबल ट्रस्ट ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है।

# लैंक्सेस की तीसरी तिमाही में बिक्री 38.2 फीसद बढ़कर 2.185 बिलियन यूरो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ऊर्जा** और कच्चे माल की लागत में निरंतर वृद्धि के साथ एक चुनौतीपूर्ण वातावरण में, विशेष रसायन कंपनी लैंक्सेस ने 2022 की तीसरी तिमाही के लिए अच्छे परिणाम दिए हैं। बिक्री में 38.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 1.581 बिलियन यूरो था, जो अब बढ़कर 2.185 बिलियन यूरो हो गया। वहीं पिछले साल के 229 मिलियन के मुकाबले 4.8 फीसदी की वृद्धि के साथ एबिटा (पूर्व असाधारण स्थिति) बढ़कर 240 मिलियन यूरो हो गया।

लैंक्सेस एजी के प्रबंधन बोर्ड के चेयरमैन मैथ्यू जैशर्ट ने कहा, अच्छे आंकड़े बताते हैं कि हमारी रणनीति हमें सही दिशा में ले जा रही है। चुनौतीपूर्ण समय में, हम पहले की तुलना में बहुत अधिक स्थिर हैं और इसका श्रेय कम चक्रीय विशेषता रसायनों पर ध्यान केंद्रित करना जाता है। वर्ष के मध्य में, हमने आईएफएफ से माइक्रोबियल कंट्रोल व्यवसाय प्राप्त करके अपने उपभोक्ता संरक्षण खंड को फिर से मजबूत किया, जिसके नतीजे पिछली तिमाही में हासिल हो चुके हैं।

लैंक्सेस ने पूरे वित्त वर्ष 2022 के लिए अपना अनुमान निर्धारित किया है। समूह को 900 मिलियन से 950 मिलियन यूरो के बीच की शुद्ध आय की उम्मीद है, जो इस प्रकार 815 मिलियन यूरो के समायोजित पूर्व-वर्ष के स्तर से काफी अधिक होगी। पहले, समूह ने 900 मिलियन यूरो और एक बिलियन यूरो के बीच एबिटा (पूर्व असाधारण स्थिति) रहने का अनुमान लगाया था।

तीसरी तिमाही में जारी परिचालन से शुद्ध आय 84 मिलियन यूरो रही, जबकि पूर्व-वर्ष की अवधि में यह 40 मिलियन यूरो थी।

एडिटिव्स व्यवसायों के अलावा, उपभोक्ता संरक्षण खंड में विकास, जिसे समूह ने हाल के वर्षों में रणनीतिक रूप से बनाया है, विशेष रूप से सकारात्मक रहा। यूएस कॉर्पोरेशन इंटरनेशनल फ्लेवर्स एंड फ्रैग्रेंस (आईएफएफ) से एक जुलाई 2022 को अधिग्रहित माइक्रोबियल कंट्रोल बिजनेस ने इस सेगमेंट की बेहतरीन आय में योगदान दिया।

साथ ही 2021 में अधिग्रहित एमराल्ड कलामा केमिकल के कारोबार ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लैंक्सेस ने ऊर्जा और कच्चे माल की कीमतों में हुई वृद्धि को उच्च बिक्री मूल्य के माध्यम से ग्राहकों को हस्तांतरित कर दिया है। विनिमय दरों का भी सभी क्षेत्रों में आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा, जबकि निर्माण जैसे कुछ ग्राहक उद्योगों में मांग कमजोर हुई। पूर्व असाधारण स्थिति एबिटा मार्जिन तीसरी तिमाही में घटकर 11.0 प्रतिशत हो गया, जो पूर्व-वर्ष की तिमाही में 14.5 प्रतिशत था।

# ईरान में बदलाव

## भ्रामक संकेत

**ईरान** में हिजाब-विरोधी प्रदर्शनों को कुचलने के लिए कुख्यात नैतिक पुलिस समाप्त कर दी गई है जो यहां बदलाव का संकेत है, लेकिन इस बारे में भ्रामक संकेत आ रहे हैं। सवाल है कि क्या अयातुल्ला हिजाब के मुद्दे पर पीछे हटे हैं? एटार्नी जनरल मुहम्मद जावेद मुंतज़ारी के बयान से तो ऐसा ही लगता है। उन्होंने कहा, नैतिकता पुलिस 'उन्हीं अधिकारियों द्वारा समाप्त कर दी गई है जिन्होंने इसे स्थापित किया था।' राज्य संचालित मीडिया की खबरों के अनुसार उन्होंने यह बात शनिवार को अधिकारियों की एक बैठक में कही जिसमें 'हिजाब-विरोधी' अशांति पर चर्चा हो रही थी। नैतिकता पुलिस महीनों से इन प्रदर्शनों को हिंसक ढंग से कुचलने का प्रयास कर रही थी। लेकिन धर्माधारित सरकार ने न हिजाब पर प्रतिबंध की पुष्टि की है और न इससे इनकार किया है। वास्तव में, सर्वोच्च सत्तारूढ़ लोगों की ओर से भ्रामक संकेत सामने आ रहे हैं। राज्य स्वामित्व वाले अरबी टेलीविजन चैनल 'अल आलम' ने दावा किया कि मुंतज़ारी के बयान को संदर्भ से काट कर पेश किया गया है, जबकि अन्य सरकारी चैनलों ने भी दावा किया है कि सरकार हिजाब कानून को अनिवार्य बनाए रखने पर दृढ़ है। लेकिन ईरान के विदेश मंत्री हुसेन आमिर अब्दुल्लाहियान का कहना कुछ अलग है। सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में एक प्रेस सम्मेलन में नैतिकता पुलिस के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने इसकी समाप्ति से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा, 'ईरान में लोकतंत्र व स्वतंत्रता के ढांचे में सभी चीजें आगे बढ़ रही हैं।' यह कथन बहुत स्पष्ट नहीं है, पर इसमें व्याप्त भ्रामक स्थिति पर सबका ध्यान जा सकता है। यदि नैतिकता पुलिस समाप्त नहीं की जाती है तो भी असंदिग्ध रूप से यह पुष्ट है कि नैतिकता पुलिस द्वारा ठीक से हिजाब न पहनने पर महीनों पहले एक महिला की पिटाई व मौत के बाद से जारी विरोध प्रदर्शनों ने ईरानी अधिकारियों को



झकझोर दिया है। देश भर में जारी विरोध प्रदर्शनों में बच्चों समेत लगभग 450 लोग मारे जा चुके हैं और इसके बावजूद आंदोलन कमजोर पड़ने के कोई संकेत नहीं हैं।

जिस प्रकार बीजिंग में मूर्खतापूर्ण 'शून्य कोविड नीति' के खिलाफ जारी प्रदर्शनों में शी जिनपिंग-विरोधी भावनायें देखने को मिली हैं, उसी प्रकार इस्लामी हिजाब के खिलाफ धर्मगुरुओं के खिलाफ भावनायें सामने आई हैं। ईरान की जनता को इस्लामवादी कट्टरपंथियों के हाथों अपने अनेक प्रकार के दमन व वंचना का शिकार होना पड़ा है। एमनेस्टी द्वारा 2021 में जारी रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने 'अभिव्यक्ति, संगठन बनाने तथा सभा करने की स्वतंत्रता के अधिकारों को भयंकर रूप से कुचला है। उन्होंने स्वतंत्र राजनीतिक पार्टियों, ट्रेड यूनियनों व सिविल सोसाइटी संगठनों पर प्रतिबंध लगाया है, मीडिया को सेंसर किया है तथा सेटेलाइट टीवी चैनलों को जाम किया है।' सुरक्षा और खुफिया अधिकारियों ने मनमाने ढंग से सोशल मीडिया पर पोस्टें डालने वाले कुछ लोगों को 'क्रांति-विरोधी' या 'गैर-इस्लामी' बता कर गिरफ्तार किया है, जबकि वास्तव में उनका इससे कुछ लेनादेना नहीं था। उदाहरण के लिए, अपना सिर न ढकने वाली महिलायें तथा टाई-सूट पहनने वाले पुरुष गैर-इस्लामी हैं। मानवाधिकार संस्था के अनुसार, हजारों पुरुषों, महिलाओं व बच्चों से पूछताछ कर उनके खिलाफ अनुचित तरीके से अभियोजन चलाया गया या मनमाने तरीके से केवल इस कारण हिरासत में ले लिया गया क्योंकि वे शांतिपूर्वक अपने अभिव्यक्ति, संगठन बनाने तथा सभा करने की स्वतंत्रता के अधिकार प्रयोग कर रहे थे। इनमें प्रदर्शनकारी, पत्रकार, विरोधी, कलाकार, लेखक, शिक्षक व सामान्य नागरिक शामिल हैं। इनमें मानवाधिकार कार्यकर्ता, महिला अधिकारों के रक्षक, एलजीबीटीआई लोगों के अधिकारों के पैरोकार, पर्यावरणवादी तथा श्रम अधिकारों व अल्पसंख्यक अधिकारों के समर्थक भी शामिल हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि हिजाब-विरोधी आंदोलन ईरान के इतिहास में निर्णायक मोड़ सिद्ध होगा जो इस्लामवादी चरित्र के साथ एक ओरवेलियन राज्य व एक उदारवादी लोकतंत्र के बीच संघर्ष कर रहा है।

# भारत के लिए महत्वपूर्ण अवसर

भारत के लिए जी20 का नेतृत्व देश को तेजी से महत्वपूर्ण स्थान दिला सकता है। उसे स्थाई विश्व शांति के लिए काम करने का अवसर मिलेगा।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं।)



भारत अब जी20 देशों का अध्यक्ष है। औपचारिक रूप से जी20 के बाली में आयोजित सम्मेलन में पूर्व अध्यक्ष इंडोनेशिया ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। जी20 की अध्यक्षता भारत को दुनिया के देशों में इतना प्रमुख स्थान दिला सकती है जिसकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। यह भारत के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण अवसर है। लेकिन इसके साथ ही इस तथ्य पर भी गौर किया जाना चाहिए कि जी20 के नेतृत्व में अध्यक्षता का यह पद केवल एक साल के लिए है। इसलिए इस एक साल में प्राप्त लाभ का प्रयोग भारत बाद में भी कर सकता है। वह इस अवसर पर निवेश 'पूंजी' का लाभ समुचित रणनीति अपना कर बाद में भी प्राप्त करता रह सकता है। क्या हमें इस अवसर का प्रयोग भविष्य में स्थाई विश्व शांति के लिए करने का अवसर मिलेगा? क्या यह हमारे लिए सबसे बड़ा लाभ नहीं होगा?

अधिकांश देशों की तत्कालीन प्रतिबद्धता शांति के लिए होती है, लेकिन उनका आशय आंतरिक शांति से होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से कहा था कि 'यह युग युद्ध का नहीं है।' अपने इस दृष्टिकोण से भारत ने विश्व शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पूर्णत: स्पष्ट कर दी है। इस कथन के बाद इस चीज से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है कि भारत विश्व की नंबर एक शक्ति बनता है अथवा उससे कुछ नीचे रह जाता है, पर देश का राजनीतिक प्रभुत्व उस समय तक बना रहेगा जब तक विश्व शांति यथार्थ बनी रहती है। जी20 की अध्यक्षता इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान कर सकती है।

आज दुनिया का प्रत्येक विचारशील व्यक्ति यह अच्छी तरह जानता है कि नाभिकीय आयुधों के प्रयोग का अर्थ व्यापक स्तर पर मौतें और विनाश है। इसके बावजूद कमजोर या कम जिम्मेदार देश अपने पास नाभिकीय आयुध होने की स्थिति में उनके प्रयोग की धमकी दे सकते हैं। वे यह धमकी उन देशों को देते हैं जिनसे उनको भय होता है। इस धमकी का कारण वर्तमान मुद्दे या बदला लेने की भावना भी हो सकती है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए यह असंभव नहीं है कि गैर-जिम्मेदार देश महाविनाश के आयुधों का प्रयोग कर डालें। हमारे समाज की विडंबना है कि अपराधी केवल दंड मिलने पर ही अपनी गलती मानते हैं, नहीं तो वे अपनी गलतियों से लगातार इनकार करते रहते हैं।

राजनय व राजनयिक व्यवहारों के बारे में बहुत कुछ लिखा-पढ़ा और सुना जा चुका है। लेकिन हमें इस ऐतिहासिक तथ्य को अनदेखा नहीं करना चाहिए कि अतीत में कई बार राजनयिक व्यवहार या रणनीतियां युद्ध रोकने में सफल नहीं हुई हैं। फ्रांस की महत्वपूर्ण समझी जाने वाली 'मैगिनोट लाइन' 1940 की गर्मियों में जर्मन हमले को धीमा करने में भी सफल नहीं हुई थी। हालांकि, कई बार प्राकृतिक कारणों से जरूर युद्ध रोकने या शत्रुओं को पराजित करने में सफलता मिली है। 1708 में स्वीडेन की सेना को इससे हराने में सफलता मिली थी, पर उसे युद्ध करने से रोका नहीं जा सका था। रूस पर हमला करने वाली नेपोलियन की सेना तथा उसके बाद 1941 में हिटलर की सेना को प्राकृतिक हस्तक्षेप से पराजित किया गया था जो रूसी क्षेत्र में बर्फबारी के रूप में सामने आया था। भला और किस चीन से युद्ध को पूरी तरह रोका जा सकता है? इस बारे में धर्म की भूमिका पर अवश्य गौर किया जाना चाहिए। इसकी प्रेरणा व प्रतिरोधक शक्ति देशों को संभावित मौतों व विनाश के कारण युद्ध से विरत रहने पर सोचने के लिए मजबूर करती है। वर्तमान युग में नाभिकीय युद्ध के बारे में सोचने पर भी धर्म एक प्रतिरोधक का काम करता है। नाभिकीय आयुधों का प्रयोग न केवल विनाशकारी है, बल्कि यह एक बुराई भी है। सारी दुनिया के लोगों को व्यापकतम पैमाने पर इससे संचालित करने की आवश्यकता है।

हमें यह अच्छी तरह से रिकार्ड में दर्ज करने तथा भावी पीढ़ियों को बताने की आवश्यकता है कि 1945 में हिरोशिमा और नागासाकी को जलते हुए नर्क में बदल दिया गया था। हमें यह बात खासकर उन देशों की जनता को समझाने की जरूरत है जो अपने नाभिकीय आयुधों पर गर्व करते हैं। किसी भी समूह या देश को यह समझाने की जरूरत है कि निरपराध मनुष्यों को इस प्रकार नष्ट करना सबसे बड़ा 'दुष्कर्म' है। भारत के इतिहास ने दिखाया है कि विश्व शांति के प्रति हमारी यह प्रतिबद्धता कितनी मजबूत हो सकती है।

हमारे इस उप-महाद्वीप पर खैबर दर्रे को पार कर हिंदुकुश से तथा समुद्री मार्गों से हजारों साल तक हमलों का शिकार होना पड़ा है। हिंदुओं द्वारा अपनी आत्मरक्षा में अथवा बदला लेने के लिए हमलों के अनेकानेक प्रकरण हैं। इसके बावजूद इन विदेशी आक्रमणों से उनको भारी नुकसान उठाना पड़ा। विदेशी विचारधाराओं व जीवनशैलियों के हमलों से हिंदू बुरी तरह रक्तरंजित हुए तथा उनके मंदिर नष्ट किए गए, लेकिन वे इस आशा से संघर्ष करते और उम्मीद करते रहे कि यह 'सवेरा होने के पहले का सबसे अंधकारमय समय है' तथा अब सवेरा होने में ज्यादा समय नहीं बाकी है। ऐसी संस्कृतियां हैं जो दोषी व निरपराध की हत्या में अंतर नहीं करती हैं, पर मनुष्यों व जानवरों का संहार पवित्र व उचित नहीं कहा जा सकता है। किसी चर्च को अपवित्र करने या वधशालाओं में मवेशियों के नष्ट करने की कल्पना करें। एक भेड़ के बच्चे को जल्दी जन्म देने, फिर उसे खिला-पिला कर मोटा करने और दावत में उसका मांस खाने के लिए मारने की कल्पना करें। धर्म के विस्तार तथा अत्याचारियों में दुष्कर्म के परिणामों के प्रति जागरूकता पैदा करना ऐसे काम हैं जिनको कोई अंतरराष्ट्रीय संस्था विभिन्न देशों के समूहों को सौंप सकती है।

दुनिया में ऐसे अनेक संगठन और समूह हैं जिनका घोषित उद्देश्य विश्व शांति प्राप्त करना तथा युद्ध रोकना है, लेकिन दुनिया का इतिहास बताता है कि उनके सारे प्रयास मृगतृष्णा सिद्ध हुए हैं। प्रथम विश्व युद्ध के बाद लीग आफ नेशन्स तथा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना हुई। विश्व शांति व युद्ध रोकने की इच्छा से बने इन संगठनों का नाम सबसे पहले दिमाग में आता है। इसके साथ ही यूरोपीय संघ, अनेक अन्य संगठन, अनेक क्षेत्रीय ब्लाक दुनिया भर में बने हैं। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। इन सबका घोषित उद्देश्य भू-राजनीति व भू-अर्थनीति को प्रभावित कर सक्रिय रूप से उन क्षेत्रों के हितों को आगे बढ़ाना है जिनका प्रतिनिधित्व ये समूह करते हैं। ऐसा लगता है कि व्यापार व अर्थशास्त्र के माध्यम से विश्वशांति को स्थापित करने व मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

जी20 मूलत: एक आर्थिक मंच है। इसका प्राथमिक दायित्व यथासंभव अधिकाधिक देशों को न केवल हत्याओं, बल्कि विनाश के अपराध के प्रति जागरूक करना है। उदाहरणार्थ, 2020 में आग लगने से नष्ट नोटर डैम कैथेड्रल तथा भीमदेव सोलंकी काल का शानदार सोमनाथ मंदिर अब वापस नहीं लाए जा सकते हैं। यही स्थिति अनेक फैक्ट्रियों व विनिर्माण केन्द्रों की है जो युद्धों के कारण नष्ट हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को सचमुच एक महान व अभूतपूर्व अवसर मिला है जिससे वह यदि स्थाई नहीं तो भी लंबे समय तक बने रहने वाली शांति के लिए दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तथा दुनिया की एक प्रमुख शक्ति बन गया है। भारत दूसरों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमाना चाहता है और विश्व शांति की दिशा में अपना योगदान देने को तत्पर है। लेकिन यह भी सच है कि जब तक लोगों के दिल-दिमाग पूरी तरह बदल नहीं जाते, तब तक इतिहास के सबसे अंधेरे युग बार-बार लिखे जाते रहेंगे।

# दिव्यांगों के लिए खास सोच जरूरी

**नूपुर झुनझुनवाला**
(लेखिका, दिव्यांग शिक्षण से संबद्ध हैं)



दिव्यांगों ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट प्रदर्शन कर अपने लिए खास स्थान बनाया है। अगाथा क्रिस्टी से लेकर स्टीवन स्पीलबर्ग तक, जॉन लेनन से लेकर बोमन ईरानी तक, डिस्लेक्सिक्स ने हमारी कल्पना को ताकत दी है। दिव्यांगों के लिए समाज में जागरूकता पैदा कर सभी लोगों को उनकी सहायता के लिए प्रेरित व जागरूक करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। दिव्यांगों के कल्याण के लिए बचपन से ही उनकी क्षमता बढ़ाने तथा उनकी विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा देने की आवश्यकता है। भारत सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर खास जोर दिया गया है। दिव्यांगों की विशेष आवश्यकताओं के प्रति समाज को व्यापक रूप से जागरूक करने के लिए अनेक तरीकों का प्रयोग किया जा सकता है जिनमें बच्चों व किशोरों के बीच खेल का माध्यम भी उपयोगी हो सकता है। आइए 'एक कदम आगे बढ़ें' के एक त्वरित खेल के साथ शुरुआत करें। इसलिए, यदि आपने किसी विकलांग व्यक्ति की मदद की है तो एक कदम आगे बढ़ाएं। एक और कदम आगे बढ़ें कि क्या आपने विकलांगता का समर्थन करने के लिए दान दिया है। फिर एक और कदम आगे बढ़ें कि क्या आपको विकलांगता के लिए जागरूकता अभियान पसंद आया है। एक और कदम यह कि क्या आप मानते हैं कि विकलांग व्यक्ति को समावेशित करना महत्वपूर्ण है।

और एक आखिरी कदम यह कि क्या किसी विकलांग व्यक्ति ने आपके लिए जीवन को आसान बना दिया है। स्तब्ध हैं? कुछ नहीं सोच सकते? बिजली के बारे में क्या कहेंगे? शायद कारें? टेलीफोन और कंप्यूटर के बारे में ? एनिमेटेड कार्टून देखकर सुकून मिलता है? खैर, आविष्कारकों की यह पूरी सूची - बेंजामिन फ्रेंकलिन, हेनरी फोर्ड, अलेक्जेंडर ग्राहम बेल, स्टीव जॉब्स से लेकर वॉल्ट डिजनी तक - डिस्लेक्सिया, सीखने में अक्षमता महसूस करने वाले व्यक्तियों के लिए चित्रित की गई है।

असंभव लगता है, है ना? कि हमारा जीवन दिव्यांगों द्वारा किए गए आविष्कारों के इर्द-गिर्द कैसे घूम सकता है? क्या डिस्लेक्सिक्स वे नहीं हैं जो पढ़ नहीं पाते हैं, जो बी और डी को लेकर भ्रमित रहते हैं, कि भयानक वर्तनी है और गणित करने में सक्षम नहीं होते हैं? हाँ यह सही है! डिस्लेक्सिया एक सीखने की अक्षमता है जो भाषा समझने को प्रभावित करती है।

तो, यह कैसे संभव है कि बुनियादी भाषा और गणित कौशल में जूझने वाला व्यक्ति दुनिया को बदलने में सक्षम हो? सरल उत्तर यह है कि दिव्यांगों और समावेशन के इर्द-गिर्द की कथा उन चीजों पर अधिक केंद्रित है जो दिव्यांग नहीं कर सकते हैं, और हमें उनकी अक्षमताओं के कारण उनको आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, कि कहीं न कहीं उन्हें आगे बढ़ाने के बीच, हमने उन्हें उनकी क्षमताएं हासिल करने से दूर धकेल दिया है। ऐसा करने में, हम अक्सर दूसरे पहलू - यानि इन लोगों की जादुई क्षमता और योग्यता के बारे में सोचना बंद कर देते हैं।

इस मामले में हम यह भूल जाते हैं कि शिक्षण अक्षमता वाले व्यक्तियों में औसत या औसत से अधिक बुद्धि होती है, लेकिन उनका मस्तिष्क अलग तरह से काम करता है, समझता है और जानकारी को ग्रहण करता है। अलग तरीके से सोचने की इस क्षमता को डिस्लेक्सिक सोच का नाम दिया गया है। वैश्विक अध्ययनों से संकेत मिलता है कि डिस्लेक्सिक सोच से जुड़ी क्षमताएं भविष्य के महत्वपूर्ण कौशल हैं।

डिस्लेक्सिया जितना हम समझते हैं उससे कहीं अधिक सामान्य है। हालांकि आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, मगर अनुसंधान इंगित करता है कि 15 से 20 करोड़ भारतीयों में सीखने की अक्षमता होती है, जिनमें से 3.5 करोड़ छात्र हैं। यह निर्धारित करने का कोई तरीका नहीं है कि सिर्फ देखकर बताया जा सके कि फलां व्यक्ति के पास उक्त शिक्षण-अक्षमता है या नहीं।

थोड़ा पीछे की ओर जाते हैं। भाषा और पाठ के साथ एक डिस्लेक्सिक व्यक्ति के अनुभव को समझने में आपकी सहायता करने के लिए, आइए एक त्वरित गतिविधि का अभ्यास करें। इसे पढ़ें, उतनी ही तेजी के साथ, जितनी कि आपने अभी तक इस टुकड़े को पढ़ा है। मैं अब रेत की घड़ी को पलट रहा हूं :'' मैं रीग करने के लिए डी एडल से बाहर निकलता हूं, डट आई काऊ थिउक बिफेंटली।''

पराजित और निराश हैं? डिस्लेक्सिया से पीड़ित व्यक्ति सरल पाठ पढ़ने में इसी तरह संघर्ष करता है, जैसे, ''मैं पढ़ने में सक्षम नहीं हो पाता, लेकिन मुझे यकीन है कि मैं अलग तरह से सोच सकता हूं।'' भाषा से परे, सीखने की अक्षमता कार्यकारी कामकाज को प्रभावित करती है। इसलिए उनके लिए बाएं से दाएं को लेकर भ्रमित होना, निर्देशों को मिलाना, समय प्रबंधन को लेकर जूझना और भुलक्कड़ हो जाना भी आम बात है। फिर भी, यह अक्षमता दुनिया के सबसे अपरिहार्य आविष्कारों के पीछे का कारण है।

और बात यहीं नहीं रुकती, डिस्लेक्सिक्स-अगाथा क्रिस्टी से लेकर स्टीवन स्पीलबर्ग तक, जॉन लेनन से लेकर चेर तक, बोमन ईरानी से लेकर व्हूपी गोल्डबर्ग तक -हमारी कल्पना को शक्ति प्रदान कर रहे हैं। वे रोजगार और विकास को भी चला रहे हैं। वास्तव में, 40 प्रतिशत स्व-निर्मित करोड़पति डिस्लेक्सिक हैं। हालांकि सूची अंतहीन है, पर मैं उम्मीद कर रही हूं कि आप उस महत्ता को समझ रहे हैं जो अक्षमताएं हमारी सभ्यता को प्रदान करती है। फिर भी, उनकी सारी यात्रा एक ऐसे बच्चे के रूप में शुरू हुई जिसे डफर कहकर खारिज कर दिया गया, यानी जो किसी भी चीज में सफल होने के योग्य नहीं।

भारत में, हमें डिस्लेक्सिक्स की सफलता की कहानियां मिलती हैं, जिन्होंने बाधाओं को पार किया है और शिक्षकों, सिविल सेवकों, प्रमुख निवेशकों, तकनीकी नेताओं, कलाकारों और सीईओ के रूप में उभरे हैं। विशिष्ट शिक्षण अक्षमताओं वाले लोगों के लिए समर्थन का एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में सरकार ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। पहला महत्वपूर्ण कदम था इसे अक्षमता के रूप में मान्यता देने के लिए- दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार (आरपीडब्लूडी) अधिनियम में संशोधन 2016।

उसके बाद, नई शिक्षा नीति (एनईपी), 2020, अपने लक्ष्यों में से एक के रूप में विशेष जरूरतों वाले बच्चों को शामिल करने पर जोर देती है, जिसमें कक्षा में सीखने की अक्षमता वाले बच्चों को शामिल करने का आह्वान किया गया है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) जैसे उच्च शिक्षा नियामक निकायों ने विशेष शिक्षण-अक्षमता वाले छात्रों को शामिल करने के प्रावधानों पर व्यापक दिशा-निर्देशों पर काम किया है। बच्चों की शुरुआती पहचान हेतु स्क्रीनिंग में तेजी लाने के लिए मजबूत प्रयासों की जरूरत है। हमें विशेष रूप से सीखने के परिणामों में सुधार पर ध्यान देने के साथ समावेशी कक्षाओं को पढ़ाने के लिए अपने शिक्षकों की क्षमता को मजबूत करने की आवश्यकता है। शैक्षिक संस्थानों से परे, कार्यस्थलों को समावेशी और सक्षम वातावरण प्रदान करने की आवश्यकता है। हमें सामाजिक शर्मिन्दगी को तोड़ने, विकलांगों से परे देखने और उनकी क्षमताओं का जश्न मनाने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### नेताओं की जिम्मेदारी

**दिल्ली** निगम चुनाव समाप्त होने के उपरांत खबर आयी कि दिल्ली का मतदान प्रतिशत मात्र 50 प्रतिशत रहा है। जबकि गुजरात के द्वितीय चरण का मतदान 60 प्रतिशत से अधिक रहा। दिल्ली के लोगों का मतदान के प्रति उदासीन रवैया इस बात का संकेत है कि उन्हें दिल्ली की दशा-दिशा निर्धारण से कोई सरोकार नहीं है। मतलब लगभग 50 प्रतिशत नागरिक स्वयं में मुग्ध एवं मगन हैं उन्हें अपने प्रदेश के प्रति या तो लगाव नहीं है या फिर वो राजनीति और चुनाव से घृणा करते हैं, जबकि देश की दशा बदलने के लिए आम नागरिक का राजनीती एवं चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता अपेक्षित रहती है। ट्विटर इंस्टाग्राम इत्यादि पर व्यवस्था और राजनीति को कोसते यही नागरिक अपनी जिम्मेदारी के समय मॉल और रेस्टोरेंट घूमते दिखाई देते हैं। जिससे स्पष्ट जनादेश नहीं आ पाता और लोकतान्त्रिक व्यवस्था में आप अपनी वोट से ही सिस्टम पर चोट कर सकते हैं। ये गैर जिम्मेदार रवैया समाप्त होना चाहिए और लोगों को जिम्मेदारी समझते हुए मतदान करना चाहिए। जमीनी स्तर पर जनता को अपने साथ जोड़ना व सक्रिय रखना सभी राजनेताओं की जिम्मेदारी है, भले ही वे किसी दल के हों।

**मनोज,** मेरठ

### प्रवासियों का योगदान

**भारत** विदेशों में प्रवासी श्रमिकों से प्रेषण में रिकॉर्ड 100 बिलियन डॉलर का रिकॉर्ड बनाने वाला पहला देश बनने की ओर अग्रसर है। 60 अरब डॉलर के साथ मेक्सिको दूसरे नंबर पर आता है। यह एक सकारात्मक संकेत है कि हम प्रवासी श्रमिकों के योगदान को कैसे देखते हैं। वास्तव में, वे अर्थव्यवस्था को लचीला, टिकाऊ और जीवंत बनाते हुए मांग आपूर्ति के अंतर को भरते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण समय में जब विश्व अर्थव्यवस्था मौजूदा यूक्रेन--रूस युद्ध के कारण मंदी देख रही है, यह एक स्वागत योग्य बदलाव है। अप्रवासियों का ब्रेन ड्रेन के एक पुराने सिद्धांत के आधार पर उपहास उड़ाया जाता है, जो इस तथ्य से उपजा है कि वे स्थानीय लोगों के लिए सरकारी योजनाओं से प्राप्त होने वाली नौकरियों और लाभों को छीन लेते हैं। इसी तरह की नफरत यूपी, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ आदि जैसे राज्यों के प्रवासियों के प्रति भी है, जबकि उनका अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए भारत को देशी-विदेशी प्रवासियों के बारे में समुचित कानून बना कर उनको लागू करना चाहिए।

**विजय सिंह अधिकार,** नैनीताल

### कालेजियम व्यवस्था

**जजों** के चयन में जजों की निरंकुशता तथा प्रक्रिया में सुधार पर हो रही चर्चा से स्पष्ट है कि अब चयन प्रक्रिया में बदलाव पर कालेजियम और सरकार को सर्वानुमति से सुलह का मार्ग अपनाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि कालेजियम में सुधार हेतु कानून मंत्री ने जजों की नियुक्ति के अधिकार शासन के पास होने को उचित ठहराया। जज के चयन में भाई-भतीजावाद बढ़ने से गुणवत्ता में गिरावट के चलते कालेजियम सिस्टम विवादग्रस्त हुआ और प्रक्रिया में सुधार पर सुप्रीम कोर्ट ने भी सहमति दी है । हाल ही में उपराष्ट्रपति ने भी जायज सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि जज के चयन पर जजों के ही सर्वाधिकार सुरक्षित रहे तथा कार्यपालिका और विधायिका को भी जजों के चयन में भागीदारी ना मिले, तो टकराव की स्थिति निर्मित होने का अंदेशा है। निर्विवाद रुप से जजों के चयन में सरकार के तीनों अंगों में समन्वय स्थापित हो तथा सभी पक्ष जजों के चयन और प्रक्रिया को अपनी प्रतिष्ठा से न जोड़ें। कालेजियम व्यवस्था में सुधार जरूरी हो गए हैं।

**बी एल शर्मा,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**जब** मैं जमीन का सवाल उठाता और गरीबों के अधिकार की बात करता हूं तो मीडिया तमाशा पैदा कर देता है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेसी नेता

**ईरान** की संसद और न्यायपालिका अनिवार्य हिजाब कानून की समीक्षा कर रही है।

– **मुहम्मद जाफ़र मुंताज़री**
ईरान के गृह मंत्री





**आप** सब मेरे अस्तित्व का हिस्सा हैं। आपका प्रेम मेरी संपदा है।

– **रवीश कुमार**
पत्रकार-एक्टिविस्ट

# छवि बदलने से दुनिया यूपी में निवेश के लिए उतावली: योगी

● ग्लोबल यूनीक इवेंट के रूप में प्रस्तुत होगा प्रयागराज कुंभ 2025: सीएम

● उप्र 18 शहरों को बनाएंगे सेफसिटी, ईज ऑफलिविंग के पैमाने पर सर्वश्रेष्ठ होगा यूपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## बड़े राज्य के विकास के लिए बड़ा विजन लेकर काम कर रही सरकार: मुख्यमंत्री



**मंगलवार** को विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने उप्र की छवि को बदला है। यूपी को दंगा मुक्त किया है। भारत इसलिए तरक्की नहीं कर पा रहा था कि पहले यूपी का कोई विजन नहीं था। यूपी की गिनती बाधक और बीमारू राज्य के रूप में होती थी लेकिन पांच साल में प्रदेश की छवि को हमने बदला है। बेहतरीन कानून-व्यवस्था हुई है। यूपी दंगा मुक्त हुआ है। हर त्योहार आराम से मनाए जा रहे हैं। तभी पूरी दुनिया आज यूपी में निवेश के लिए उतावली है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश जैसे देश के सबसे बड़े राज्य के विकास के लिए बड़े विजन की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश की जनता ने जिस विश्वास के साथ 37 वर्ष बाद किसी सरकार को लगातार दो बार चुना है, उसे पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रही है। निवेश, शहरीकरण और रोजगार सृजन सरकार की कार्ययोजना की प्राथमिकता में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में तैयार हो सके, इसके लिए प्रदेश में बड़े और ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। आज पूरी दुनिया के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उतावली है। आज हर तबके को बिना भेदभाव मिल रहे शासन की योजनाओं के लाभ का ही परिणाम है कि हर व्यक्ति सरकार के प्रयासों को सफल करने में अपना योगदान करने को तत्पर है।

## कभी दंगे होते थे, पहचान का संकट था आज बना कानून-व्यवस्था का मॉडल

**सुशासन,** लोककल्याण और विकास का संकल्प दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों की कारगुजारियां भी उजागर कीं तो डबल इंजन सरकार के प्रयासों के परिणाम भी बताए। उन्होंने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश में हर दिन दंगे हुआ करते थे, जिसका नाम सुनकर अन्य प्रदेशों के लोगों के मन में एक भयावह तस्वीर उभर जाती थी। वहां आज हर पर्व-त्योहार शांति-सौहार्द के माहौल में संपन्न हो रहे हैं। जिसे देश के विकास में बाधक कहा जाता था, उसने आज देश को कानून-व्यवस्था का एक मॉडल दिया है। कोरोना प्रबंधन में सभी ने यूपी मॉडल को सराहा है, नजीर माना है। जहां निवेशक आने से घबराते थे आज सर्वश्रेष्ठ निवेश गंतव्य हो गया है। और अब यह प्रदेश ईज़ ऑफ लिविंग में नम्बर एक बनने की ओर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली में निर्भया प्रकरण के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद उत्तर प्रदेश में किसी शहर को सेफ सिटी बनाने का काम नहीं हुआ। वर्तमान सरकार गौतमबुद्ध नगर सहित 18 शहरों को सेफ सिटी बनाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बीते साढ़े पांच सालों में यूपी में 4 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ। यूपी डाटा सेंटर का हब बन रहा। 2015-16 में यहां का एक्सपोर्ट 50 हजार करोड़ था, आज 2021 में 1.56 लाख करोड़ का निर्यात हुआ। आज यूपी 6 एक्सप्रेस वे वाला पहला राज्य बन गया है और 7 पर काम चल रहा है। 2017 से पहले 3 एयरपोर्ट थे, आज 9 क्रियाशील हैं, 10 पर काम चल रहा है। सीएम योगी ने कहाए एक समय यूपी में चीनी मिल बंद हो रही थींए वहीं यूपी की चीनी आज एक्पोर्ट हो रही है। साढ़े 5 वर्ष में गन्ना किसानों को 1.81 लाख करोड़ का भुगतान हुआ। इन सबने यूपी के विकास को गति दी है, लोगों में एक विश्वास भरा है।

# रामपुर में पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ विधान सभा में सपा का हंगामा

**विधानसभा कार्यवाही**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** सभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को रामपुर में हुए उप चुनाव में पुलिस द्वारा सपा कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न को लेकर सपा सदस्यों ने सदन में हंगामा किया और वेल में आ गए। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। सदन की कार्यवाही 11 बजे शुरू होते ही सपा के वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार पांडेय ने उपचुनाव में रामपुर में सपा समर्थकों और वहां के मतदाताओं को पुलिस द्वारा प्रताडित किए जाने का मामला उठाया। हंगामा करते हुए सपा सदस्य वेल में आ गए और सदन की कार्यवाही रोककर उस पर चर्चा कराए जाने की मांग की। अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा यह मांग अस्वीकार कर दी गई। उन्होंने सदन को व्यवस्थित करने के लिए कहा लेकिन सपा के सदस्य वेल में नारेबाजी करते रहे। मनोज पांडेय का कहना था कि रामपुर में हुए मतदान में सपा समर्थकों को जबरन थानों में बिठाया गया। लोगों को वोट डालने से वंचिंत किया गया। शोरशराबे और हंगामें के चलते प्रश्नकाल नहीं हो सका। सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। सपा सदस्यों के वेल में डटे रहने के चलते सदन का स्थगन पन्द्रह मिनट के लिए और बढाया गया।

### सदन की कार्यवाही फेसबुक लाइव करने पर सपा सदस्य 1.20 मिनट के लिए निलम्बित

**लखनऊ।** विधान सभा में सदन की कार्यवाही फेसबुक पर लाइव करने पर सपा सदस्य अतुल प्रधान को एक घंटा बीस मिनट के लिए सदन से निलम्बित कर दिया गया। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पहले पूरे सत्र के लिए सपा सदस्य को निलम्बित किया लेकिन विपक्ष सदस्यों के आग्रह पर निलंबन दोपहर एक बजे तक कर दिया। दरअसल सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सपा सदस्यों ने जब हंगामा करना शुरू कर दिया तो सपा सदस्य द्वारा फेसबुक लाइव की घटना की जानकारी स्पीकर को पता चली तो उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा बार-बार कहने पर भी सदस्यों द्वारा मोबाइल का प्रयोग सदन की कार्यवाही के दौरान किया जा रहा है और एक सदस्य ने सदन की कार्यवाही को फेसबुक पर लाइव कर दिया है। हंगामे के बाद जब सदन व्यवस्थित हुआ तब विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि जांच के दौरान पाया गया कि सपा सदस्य अतुल प्रधान ने कार्यवाही को फेसबुक लाइव किया।

### विपक्ष ने कहा कि अनुपूरक मांगों का कोई औचित्य नही

**लखनऊ।** अनुपूरक बजट को लेकर विधान सभा में विपक्ष ने कहा कि सरकार ने पिछले 9 माह में कई विभागों में 18 से 24 प्रतिशत तक ही धनराशि व्यय की गई। ऐसे में अनुपूरक मांगों का कोई औचित्य नहीं है। अनुपूरक बजट तब आता है तब विभागों द्वारा व्यय का परफार्मेस बेहतर हो मगर ऐसा नहीं हुआ।

### सीतापुर के नैमिष धाम के पुनरोद्धार का रास्ता साफ

**काशी,** अयोध्या, मथुरा-वृंदावन और विंध्यवासिनी धाम की तर्ज पर सीतापुर के नैमिष धाम के पुनरोद्धार का रास्ता साफ हो गया है। 88 हजार ऋषियों की पावन तपरूस्थली नैमिषारण्य अपनी पौराणिक महत्ता के अनुसार अब विकास की झराह से जुड़ने जा रहा है। मंगलवार को विधान मंडल में उत्तर प्रदेश श्री नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद विधायक 2022 पारित हो गया। नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास योजना का विस्तार प्रदेश के सीतापुर और हरदोई जिले की सीमा के भीतर स्थित नैमिषारण्य क्षेत्र में होगा। नैमिषारण्य के अधीन क्षेत्र में सीतापुर के छत्तीस गांव शामिल हैं।

### विधान सभा में गूंजा कानपुर का रोविन हत्याकांड

**लखनऊ।** विधानसभा में मंगलवार को कानपुर के रोविन हत्याकांड की गूंज हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सरकार को निर्देश दिया कि वह इस मामले में सक्षम वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर इसकी ठीक से जांच कराए। विधानसभा में मंगलवार को कामरोको प्रस्ताव के तहत सपा के अमिताभ वाजपेयी यह मामला उठाते हुए कहा कि 36 दिन हो गए लेकिन पुलिस अभी तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से पता लगाया कि वह छात्र दोपहर अपने घर न जाकर दूसरी दिशा में अकेले जाते दिखा। और अगले दिन रेलवे ट्रैक पर लाश मिली। यह सही है कि पुलिस को अभी तक इसमें सुराग नहीं मिला सका है क्योंकि फुटेज में कोई संदिग्ध नहीं दिखा। न ही घर वालों से किसी की दुश्मनी की बात सामने आई है।

अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान सपा के सदस्य लाल जी वर्मा ने कहा कि अनुपूरक बजट में क्षेत्र विकास निधि में एक भारी रकम जीएसटी में चली जाती है। इस पर सरकार को कोई व्यवस्था देनी चाहिए। ऐसे कई विभाग हैं जिन्होंने अपने बजट का 28 प्रतिशत से भी कम व्यय किया है। उन्होनें कहा कि सरकार हवा में काम करती है धरातल काम नही कर रही है। सपा सदस्य ने कहा कि जो मूल बजट पेश किया गया था अभी वही पूरा खर्च नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्यमंत्री के आश्वासन के बाद भी अभी तक संसदीय समितियों का गठन नहीं हो पाया है। अनुपूरक पर चर्चा के दौरान ही सपा सदस्य ने रामपुर में मतदान के दौरान पुलिसिया कार्रवाई मे तीन सौ से ज्यादा के घायल होने का भी मामला उठाया। उन्होंने रामपुर की घटना को कलंकित करने वाला बताया कि अभी भी घायल लोग अस्पताल में भर्ती है।

### विधानसभा समितियों का गठन न होने पर सपा ने उठाए सवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा के गठन के करीब नौ माह बीत जाने के बावजूद विधानसभा की समितियों का गठन न किए जाने का मामला उठाते हुए समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को सदन में कहा कि इस वर्ष सदन का तीसरा सत्र चल रहा है लेकिन अब तक समितियों का गठन नहीं किया गया है इससे लोकतांत्रिक प्रणाली कमजोर होगी। उल्लेखनीय है कि विधानसभा में लोक लेखा समिति, याचिका समिति, प्राकलन समिति, विशेषाधिकार समिति, नियम समिति, कार्य मंत्रणा समिति, पंचायती राज समिति, आश्वासन समिति जैसी संसदीय समितियों का गठन किया जाता है। संसदीय समितियां सदन की आंख और कान का कार्य करती हैं और उन्हीं के माध्यम से सदन सत्र में न रहते हुए भी निरंतर कार्य करता रहता है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर बाद सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय, वरिष्ठ सदस्य माता प्रसाद पांडेय और लालजी वर्मा ने नियम 300 के तहत यह मामला उठाया और अध्यक्ष से समितियों के गठन की मांग की। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि व्यस्तता की वजह से समितियों का गठन नहीं हो सका लेकिन जल्द ही समितियों का गठन कर दिया जाएगा।

### साहूकारी अधिनियम 1976 समेत उप्र में 36 अनुपयोगी कानून समाप्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने विधि आयोग की संस्तुतियों के आधार पर अनुपयोगी 36 कानूनों को खत्म कर दिया। इससे संबंधित उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक 2022 को उत्तर प्रदेश विधानमंडल ने पास कर दिया। इसमें साहूकारी अधिनियम 1976 भी शामिल है। सरकार ने स्पष्ट किया कि इन कानूनों के खत्म होने से किसी तरह की जांच, लेखा परीक्षण व प्रचालित कार्यवाही प्रभावित नहीं होगी। इससे अब गांव कस्बों में गरीब लोगों को साहूकारों के महंगे कर्ज व शोषण से मुक्ति मिल सकेगी। इसे खत्म करने की वजह गांव गांव तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचना है और बैंक शाखाओं के विस्तार से आसान व सस्ते कर्ज की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इस कानून के खत्म होने से साहूकारों के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं होगा। साथ ही नए लाइसेंस भी नहीं बनेंगे। विधानसभा में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने इस विधेयक को पास कराते हुए कहा कि यह अप्रसांगिक व पुराने पड़ चुके इन 36 कानूनों को बहुत सोचसमझ कर खत्म किया जा रहा है। इन अनुपयोगी कानूनों में 75 साल पुराना 1947 का संयुक्त प्रांत चिकित्सालय प्रांतीयकरण अधिनियम प्रमुख है। इसके अलावा अन्य प्रमुख अनुपयोगी कानून में उत्तर प्रदेशीय अपराध रोकने का विशेषाधिकार संशोधन अधिनियम 1950, उत्तर प्रदेश शक्कर और चालक मद्यसार उद्योग श्रमिक कल्याण व विकास निधि अधिनियम, उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम 1966, उत्तर प्रदेश साहूकारी विनियमन अधिनियम 1976, उत्तर प्रदेश अप्राधिकृत चिकित्सा शिक्षण संस्था निवारण 1982, उत्तर प्रदेश व्यापार कर संशोधन अधिनियम, किंग जार्ज चिकित्सा विवि संशोधन अधिनियम 2004, उत्तर प्रदेश राज्य विधानमंडल सदस्यों की उपलब्धियां व पेंशन संशोधन अधिनियम 2020 समाप्त कर दिया गया है।

### इंटरमीडिएट शिक्षा द्वितीय संशोधन विधेयक 2022 पारित

**दोनों** सदनों में इंटरमीडिएट शिक्षा द्वितीय संशोधन विधेयक 2022 विधेयक पारित हो गया। इससे यूपी के निजी माध्यमिक विद्यालयों को राहत मिलेगी। अब केवल एडेड स्कूलों को ही प्रशासन योजना बनानी होगी। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने बताया कि संस्थाओं का कुशल संचालन और प्रबन्धन सुनिश्चित किए जाने के लिए हर शैक्षिक संस्था की प्रशासन योजना होगी जिसमें आचार्य या प्रधानाचार्य के अधिकार, कर्तव्य और प्रबन्ध समिति के अधिकार, कर्तव्य हैं लेकिन संस्था के सदस्यों द्वारा एक साथ दो प्रबन्ध समितियों का गठन करके विवाद उत्पन्न किए जाते हैं जिसके कारण संस्था के कुशल संचालन में व्यवधान उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई व बेसिक शिक्षा के तहत निजी मान्यताप्राप्त संस्थाओं में कोई प्रशासन योजना नहीं है। इसकी जगह पर स्कूलों का संचालन व प्रबन्धन रजिस्ट्रार सोसाइटी एवं चिट्स फण्ड द्वारा अनुमोदित साधारण सभा की समिति द्वारा किया जाता है। इसलिए स्कूलों का संचालन मूल संस्थाओं द्वारा किए जाने के लिए इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 की धारा 16-के में संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया। इससे पहले सभी स्कूलों को प्रशासन योजना बनानी होती थी जिसके तहत सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक स्कूलों के लिए प्रशासन योजना लागू करना अनिवार्य था।

### सदन की कार्यवाही कुल 7 घण्टे 48 मिनट चली

**लखनऊ।** उप्र की 18 वीं विधान सभा का तृतीय सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। सदन की कार्यवाही कुल 7 घण्टे 48 मिनट जिसमें 15-15 मिनट दो बार स्थगित, स्थगन रहित 7 घण्टे 18 मिनट कार्यवाही चली। कार्यवाही के दौरान अल्पसूचित प्रश्न 0, तारांकित प्रश्न 354, अतारांकित प्रश्न 1482 प्राप्त हुए। इनमें कुल 204 प्रश्न उत्तरित हुए। जिसमें 1185 प्रश्न आनलाइन प्राप्त हुए। इसी प्रकार सरकार से वक्तव्य मांगने वाले नियम 51 के अन्तर्गत 135 सूचनाएं प्राप्त हुई। जिन्हें वक्तव्य के लिए 5 व केवल वक्तव्य के लिए 1 एवं ध्यानाकर्षण के लिए 129 को स्वीकार किया गया। 5 दिसम्बर से प्रारम्भ हुए 18वीं विधान सभा के तृतीय सत्र में नियम 301 के तहत कुल 96 सूचनाएं प्राप्त हुई। जिनमें 96 को स्वीकृत किया गया। नियम 56 के अन्तर्गत कुल 15 सूचनाएं प्राप्त हुई जिसमें 3 अग्राह्य हुई जबकि 01 सूचना पर ध्यानाकर्षण किया गया। इस सत्र में कुल 650 याचिकाएं सदन में प्राप्त की गयी। जिसमें 133 ग्राह्यता के उपरान्त स्वीकार की गयी।

# सपा ने किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार को घेरा, सदन से किया वाकआउट

**विधान परिषद की कार्यवाही**

● योगी सरकार ने सपा के जमाने की तस्वीर को बदलने का किया है काम: सूर्य प्रताप शाही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद में मंलवार को समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को कार्य स्थगन प्रस्ताव के रूप में उठाया और सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन का बहिष्कार किया। वहीं विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार ने समाजवादी पार्टी के जमाने की तस्वीर को बदलने का काम किया है। इसी का नतीजा है कि राज्य में किसानों का भरोसा योगी सरकार के प्रति बढ़ा है। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य सरकार पिछले साल के गन्ना मूल्य का 98: भुगतान पूरा कर चुकी है। अब दो.तीन चीनी मिलें ही भुगतान करने को शेष रह गई हैं।

कृषि मंत्री ने कहा कि सपा ने लगातार किसानों का शोषण किया। अब भी वे सदन में किसानों की बात पर चर्चा नहीं होने देते जबकि भाजपा ने पांच सालों में 47.45 लाख किसानों से धान खरीद की है जबकि सपा ने अपने कार्यकाल में 19 लाख किसानों से ही धान खरीदा था। इससे पहले किसानों की दुर्दशा का आरोप लगाते हुए सपा के लाल बिहारी यादव, नरेश उत्तम, आशुतोष सिन्हा और अन्य सदस्यों ने सरकार को कार्यस्थगन की नोटिस देकर कहा कि फसल की लागत खाद, डीजल समेत बहुत ज्यादा हो चुकी है लेकिन किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। इस मुद्दे पर कार्यरोक कर चर्चा की जाए। जिसका जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हम इस बार 70 लाख मीट्रिक टन धान खरीद रहे हैं। फसलों का रकबा बढ़ गया है। किसानों का अनाज एमएसपी पर खरीद जा रहा है। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर दिया। सपा सदस्यों ने विरोध स्वरूप नारेबाजी की और सदन का त्याग कर दिया। बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने प्रदेश में मनरेगा में कार्यरत मजदूरों की मजदूरी 213 की जगह 500 रुपये करने और 100 दिन की जगह 200 दिन कार्यदिवस करने के लिए काम रोककर चर्चा करने की मांग की। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि हम मजदूरों के जीवन स्तर उठाने पर लगातार काम कर रहे हैं। 90 दिन का काम करने वाले मजदूरों को हम श्रम विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत करते हुए उन्हें कौशल सिखाते हैं। हमारी सरकार गरीबों के प्रति संवेदनशील है।शिक्षक दल के नेता सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने वित्तविहीन शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने पर सरकार को नोटिस दिया तो नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि वित्तविहीन स्कूलों के शिक्षकों की स्थिति पर हमारी सरकार भी चिंतित हैं और हम उचित जगह पर इसकी चर्चा करेंगे लेकिन सपा सरकार ने उन्हें तब मानदेय दिया जब चुनाव निकट थे और मात्र 200 करोड़ का बजट दिया। वह मात्र चुनावी स्टंट था। हमने प्रबंधतंत्रों के शोषण से शिक्षकों को निजात दिलाई और अब सीधे उनके बैंक खातों में वेतन जा रहा है। अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर प्रभावी आदेश के साथ सरकार को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया। निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चन्देल व आकाश अग्रवाल ने छात्रों के जनशक्ति के आधार पर वर्ग व शिक्षक का निर्धारण कराए जाने के संबंध में नोटिस देते हुए कार्यस्थगन की मांग की। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर प्रभावी कार्यवाही के साथ सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किये जाने के निर्देश दिए।

## विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है यूपी: केशव प्रसाद मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● आधा दर्जन विधेयक ध्वनिमत से हुए पारित, विधान परिषद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**विधान** परिषद में नेता सदन व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि यूपी विकास के पथ पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। देश ही नहीं पूरी दुनिया में यूपी की छवि ऐसी बनी है कि सर्वाधिक आबादी के साथ ही वह विकास में भी नंबर वन बन सकता है। आज दुनिया भर में यह संदेश गया है यूपी निवेश के लिए सबसे अच्छा स्थान है।

मौर्य ने कहा कि यह बजट एक संतुलित बजट है जिसमें कृषि क्षेत्र का विकास हुआ है। किसानों के हालात सुधरें हैं। नलकूपों व नहरों का विकास हुआ है तथा चिकित्सा एंव स्वास्थ्य मिशन में आयुषमान कार्ड से दवाइयों और नई-नई तकनीकि का उपयोग हो रहा है। हमारी सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन कराया जिसके द्वारा बहुराष्ट्रीय कम्पनियां प्रदेश में निवेश के लिए इच्छुक है और व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है, कानून व्यवस्था में सुधार है। यह अनुपूरक बजट प्रदेश को एक नई ऊंचाई की ओर ले जाने में सक्षम है। मैं इस बजट का पुरजोर समर्थन करता हूँ। वित्तीय वर्ष 2022-23 के अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के श्री लक्ष्मण आचार्य, हरी सिंह ढिल्लो, डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, नरेन्द्र कश्यप, इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह, निर्मला पासवान,



अश्वनी त्यागी, मानवेन्द्र प्रताप सिंह एवं सुरेन्द्र चौधरी, सपा के स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ. मान सिंह यादव एवं मुकुल, बसपा के भीमराव अम्बेडकर, शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी, निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चन्देल ने भी बजट पर अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात् प्रमुख सचिव, विधान परिषद ने विधानसभा द्वारा पारित उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक 2022-13, इंटरमीडिएट शिक्षा (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2022, उप्र श्री नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद् विधेयक, 2022 और उप्र क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (संशोधन) विधेयक 2022, उप्र अग्निशमन तथा आपात सेवा विधेयक, 2022, उप्र निरसन विधेयक, 2022 को सदन की मेज पर रखा। सभी विधेयक ध्वनिमत से पारित हुए। इसके बाद सभापति ने सदन के संचालन में उन्हें सहयोग देने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। अंत में राष्ट्रगान के पश्चासत नेता सदन के प्रस्ताव पर सदन की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई।

# विभिन्न दलों के नेता कांग्रेस में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भाजपा**-सपा-बसपा के कई नेता मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से फर्रुखाबाद के समाजवादी पार्टी के जिला सचिव रोहित शाक्य, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष आशीष कुशवाहा, विजय यादव, गौमत शाक्य, अमन यादव, समाजवादी पार्टी के सदस्य राहुल पाल, शिवम पाल, अजीत पाल, संजय पाल, रंजीत यादव, राजेन्द्र यादव, बीजेपी सदस्य अभिषेक राजपूत, हिरदेश कुमार, आशीष राजपूत, अखिलेश राजपूत, सनी तिवारी, जिलाध्यक्ष युवा पाल महासभा अनुपम पाल के साथ आए तमाम लोगों ने आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही पूर्व बसपा लखनऊ कैंट प्रत्याशी अनिल पाण्डेय, पूर्व बसपा पार्षद प्रत्याशी अरुण सोनकर, यतीन्द्र नाथ धनगर राष्ट्रीय महासचिव एवं जिलाध्यक्ष पवन कुमार रावत भारतीय किसान श्रमिक जन समिति यूनियन, जिलाध्यक्ष लखनऊ सतीश पाल, छोटे लाल पाल, सीमा पाल सरोजनीनगर ने भी आज कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों का स्वागत करते हुए खाबरी पक कहा कि आप सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत है आप सभी आज से हमारे परिवार का हिस्सा है। आप लोगों के सहयोग से हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को गति मिलेगी तथा यात्रा का मूल उद्देश्य जन जनों तक पहुंचेगा। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि आप कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा पर चलते हुए कांग्रेस संगठन को गतिशीलता प्रदान करेंगे।

# सीबीआई ने उत्तर रेलवे के उप मुख्य अभियंता से जब्त की 1.38 करोड़ से अधिक की नकदी

● ठेकेदार से रिश्वत लेने के आरोप में पांच दिन पूर्व गिरफ्तार किया गया था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सीबीआई** ने लखनऊमें तैनात उत्तर रेलवे के उप मुख्य अभियंता अरुण कुमार मित्तल के पास से 1.38 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त की है। सीबीआई के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अरुण कुमार मित्तल को एक ठेकेदार से रिश्वत लेने के आरोप में पांच दिन पूर्व गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक एजेंसी ने पिछले हफ्ते मित्तल को गिरफ्तार करने के बाद उसके ठिकानों की तलाशी ली, जिसमें उसके और उसके परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में मिले 1.13 करोड़ रुपए की जानकारी के अलावा 1.38 करोड़ रुपए की नकदी बरामद की गई। अधिकारियों ने कहा कि कुल 1.38 करोड़ रुपए में से 38 लाख उसकी गिरफ्तारी के तुरंत बाद तलाशी के दौरान जब्त किए गए। सीबीआई ने उसके परिसरों में और तलाशी ली, जिससे एक करोड़ रुपए की अतिरिक्त नकदी बरामद हुई। अधिकारियों ने कहा कि बैंक खातों में जमा ज्यादातर पैसा समय के साथ नकदी के रूप में जमा किया गया था। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, लगभग 11 लाख के सोने के आभूषण, रेलवे विक्रेताओं, ठेकेदारों सहित विभिन्न पार्टियों से कथित रूप से संबंधित विभिन्न संपत्ति और भौतिक लेनदेन से संबंधित दस्तावेजों का भी पता लगाया गया है। सीबीआई ने मित्तल को चारबाग, लखनऊ में परियोजना के काम में लगी एक फर्म के बिल पास करने के लिए उसके ठेकेदार से रिश्वत मांगने के आरोप में एक दिसंबर को गिरफ्तार किया था।

# सीबीसीआईडी का सर्विलांस व साइबर सेल होगा और अधिक अपग्रेड

● प्रमुख सचिव गृह ने गुणवत्तापरक विवेचना सुनिश्चित किए जाने के लिए हर संभव प्रयास करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश की अपराध शाखा, अनुसंधान विभाग (सीबीसीआईडी) की कार्यप्रणाली को और अधिक चुस्त-दुरूस्त बनाते हुए उसे और अधिक साधन सम्पन्न बनाया गया है। उसे नवीनतम तकनीकों से लैस किया गया है ताकि इस विभाग द्वारा की जाने वाली विवेचना एवं जांच संबंधी कार्यों में और अधिक गुणवत्ता का समावेश किया जा सके और अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाई जा सके। सीबीसीआईडी के अन्तर्गत सर्विलांस सेल का गठन किया गया है। इसके माध्यम से आपराधिक घटनाओं एवं विवेचनाओं के अनावरण के लिए काल डिटेल्स एवं लोकेशन संबंधी जानकारी प्राप्त की जा रही है। संदिग्ध मोबाइल नंबरों तथा व्हाट्सएप कॉल से संबंधित डाटा एनॉलिसिस की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। इसके साथ ही इंटरनेट प्रोटोकॉल डाटा रिकार्ड्स (आईपीडीआर) डेटा एनॉलिसिस तथा कॉल डायवर्जन समान्तर लिसनिंग की सुविधा भी सर्विलांस सेल को उपलब्ध कराई गई है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने मंगलवार को लोक भवन स्थित कमांड सेंटर में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सर्विलांस सेल को और अधिक अपग्रेड किए जाने संबंधी कार्य योजना भी तैयार कराई गयी है। इसके तहत सीडीआर एनॉलिसिस साफ्टवेयर, आप्टिकल फ इबर नेटवर्क सहित अत्याधुनिक इंटरनेट सुविधा, समान्तर लिसिनिंग के लिए व्यवस्था सहित अन्य सभी जरूरी उपकरण व संसाधन उपलब्ध कराए जाने पर विचार किया जा रहा है। सीबीसीआईडी के अन्तर्गत साइबर सेल की स्थापना भी कराई गई है। जिसकी मदद से साइबर अपराधों संबंधी विवेचनाओं के अनावरण, साइबर मार्फिंग व साइबर स्टॉकिंग संबंधी तथ्यों की जांच की कार्रवाई की जा रही है। इसके माध्यम से सन्दर्भित विवेचना के मध्य आए फिशिंग व आईडेन्टिटी थेफ्ट संबंधी तथ्यों की जांच व घटना में प्रयोग किए गए मोबाइल व लैपटॉप आदि का परीक्षण किए जाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि शासन द्वारा साइबर सेल को और अधिक अत्याधुनिक संसाधन व जरूरी अन्य उपकरणों आदि की व्यवस्था भी की जाएगी।

# जिन पर अपराध करने का लगा आरोप वही जेल में रहकर बन रहे हुनरमंद

- सीतापुर जिला जेल के बंदी, कैदी बनाए जा रहे हुनरमंद
- महिला बंदी बना रहीं अचार, भगवान के आसन, हैंडिल बैग
- पुरूष बंदी बुन रहे दरियां, तैयार कर रहे मिट्टी के बर्तन
- जिला उद्योग केन्द्र दे रहा सहयोग, जेल प्रशासन ने सुलभ कराए अवसर
- कारागार में निरुद्ध है 2 हजार बंदी और कैदी
- 77 महिला बंदियों और कैदियों को बनाया जा रहा हुनरमंद

संवाददाता। सीतापुर

**जेल की** ऊंची-ऊंची चहार दीवारी के अंदर बंद कैदी और बंदी कैसे रोजगार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जिन हाथों के जरिए उनसे अपराध करने का आरोप लगा है, उन्हीं हाथों को हुनरमंद बनाकर सरकार के राजस्व को बढ़ाने के साथ खुद की आमदनी पैदा करने के लिए कैसे उन्हें स्वावलंबी बनाया जा रहा है। जिला जेल की महिला बैरिक में बंद 77 महिला बंदी और कैदी अपने हाथों से किस तरह उत्पाद तैयार कर रहे है, यह देखा जा सकता है और इनके हाथों से तैयार किए गए यह उत्पाद जो बाजार में उतरने की तैयारी में है, इसे भी देखा जा सकता है। इसी तरह 2 हजार पुरूष बंदियों और कैदियों में से काफी संख्या में कैदियों और बंदियों को प्रशिक्षण देकर यह जो दरियां तैयार की गई हैं, और मिट्टी से बने हुए बर्तन तैयार हुए है, इन्हें भी बाजार में उतारने की तैयारी है। सरकार के आत्मनिर्भर भारत को साकार करते हुए, लोकल फॉर वोकल उत्पाद को बनाकर सीतापुर जिला कारागार की महिला कैदियों और बंदियों के साथ ही पुरूष कैदी बंदी सरकार की आमदनी बढ़ाने के साथ ही खुद को आत्मनिर्भर कर, मिसाल पेश कर रहे है। ऐसा मुस्कान फाउंडेशन की पहल पर जिला उद्योग केन्द्र के सहयोग और जिला जेल प्रशासन द्वारा अवसर प्रदान किए जाने से संभव हो रहा है। सीतापुर जिला कारागार में करीब दो हजार कैदी और बंदी बंद हैं। महिला और पुरूष प्रशिक्षण पाकर अपने हुनरमंद हाथों से उत्पाद तैयार करने में जुटे हुए है। महिला बंदी और कैदी पुरानी साड़ियों से भगवान के आसन बना रही है। हैंडिल बैग और लिफाफे आदि उत्पाद तैयार कर रहीं है। जेल के अंदर ही अचार भी तैयार किया जा रहा है। महिला बंदियों और कैदियों के व्यस्त हो जाने से उनका मानसिक विकार भी दूर हो रहा है। दूसरी तरफ पुरूष बंदी मशरूम की खेती करने के साथ ही दरी बनाने और मिट्टी से बर्तन तैयार करने में जुटे हुए है। बहुत जल्द ही जेल प्रशासन कैदियों, बंदियों द्वारा बनाए गए उत्पाद की एक दुकान भी खोलने की तैयारी में है। जिला उद्योग केन्द्र के डिप्टी कमिश्नर आशीष गुप्ता कैदियों और बंदियों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद की बैंडिंग करने की योजना बना रहे है। तो जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह बंदियों और कैदियों के उत्पाद से सरकार का राजस्व बढ़ाने के साथ ही बंदियों और कैदियों की आमदनी को बढ़ाने की दिशा में एक अभिनव प्रयोग कर रहे है। उत्तर प्रदेश की सीतापुर जिला जेल इस अभिनव प्रयोग का पायलेट प्रोजेक्ट है, जो बाद में अन्य जेलों में भी लागू हो सकता है।

# अभिषेक उपाध्याय बनाए गए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव

- सुदेश कुमारी बनीं सिविल जज सीनियर प्रथम, पहले थीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव

**सचिव अभिषेक उपाध्याय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की शक्तियों पर डाला प्रकाश**

संवाददाता। सीतापुर

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण को उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट से एक नहीं तमाम शक्तियां प्रदान की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पास 75 पीएलवी हैं और 128 लीगल काउंसेल्स हैं। जहां जहां भी कानून का उल्लंघन होता है, वहां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का हस्तक्षेप रहता है। उक्त उद्गार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के नव नियुक्त सचिव अभिषेक उपाध्याय ने व्यक्त किए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय सीतापुर में सचिव अभिषेक उपाध्याय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़ी तमाम महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने नाल्सा और साल्सा पर अलग-अलग से व्याख्या की प्राधिकरण सचिव ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से कानूनी परामर्श और सहायता प्राप्त कर सकता है। फोन से भी कानूनी सहायता प्राप्त करने की व्यवस्था कर रखी गई हैं। समस्या होने पर पीड़ित व्यक्ति प्राधिकरण के पास आएं। उन्हें उनकी समस्या का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कराएगा। बता दें कि पूर्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुदेश कुमारी थीं, हाई कोर्ट की तरफसे अब नियुक्ति सिविल जज सीनियर प्रथम पद पर की गई है। वह मजिस्टेऊ्रट बन गई हैं। जिसके बाद 12 नंबर के एडीजे अभिषेक उपाध्याय को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सचिव बनाया गया है। सचिव बनने के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों और अधिकारों की उन्होंने जानकारी दी।

## क्विक न्यूज

### आईएमसी ने की सरकारी खर्चे पर बंदर पकड़वाने की मांग

**बरेली।** इत्तेहाद ए मिल्लत कौंसिल पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हाजी मोहम्मद इकबाल के नेतृत्व में बंदरों की समस्या को लेकर कचहरी स्थित चेंबर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया हाजी मोहम्मद इकबाल एडवोकेट ने बताया ग्राम सिमरा अजूबा बेगम खंड विकास बिथरी चौनपुर में लगभग 500 बंदर उनके क्षेत्र में आतंक मचाए हुए हैं जिन को पकड़वाने के लिए ग्राम वासियों ने प्रधान सोनू और संजय तथा हमारे नेतृत्व में 4 सूत्री ज्ञापन जिलाधिकारी को 10 नवंबर को दिया था और मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भी भेजा था और आईजीआरएस पर भी इसकी शिकायत की थी जिस पर प्रभागीय वन अधिकारी को निस्तारण करने और आख्या देने को निर्देशित किया गया था और उन्होंने अपने खर्चे पर बंदर पकड़ने का निर्देश जारी कर दिया किसानों की फसल बंदर बर्बाद कर रहे हैं फसल खराब हो रही है केंद्र व राज्य सरकार को अनेक बार लिखा जा चुका है कोई भी सरकारी खर्च पर बंदर नहीं पकड़ रहा है बंदरो के पकड़े जाने से गांव व कृषि क्षेत्र मुक्त हो जाएगा महिलाएं घरों में भी लौकी , तुरई , मिर्च , टमाटर , प्याज आदि फसल उखाड़ कर खराब कर देते है । अधिकारियों से जब बात की अधिकारियों ने बताया सरकारी खर्चे से बंदर नहीं पकड़ जाएंगे आप अपने खर्चे से बंदर पकड़वाये मोहम्मद मोहम्मद इकबाल एडवोकेट ने मांग की है कि बंदरों को सरकारी खर्चे पर ही पकड़ा जाए और फसलों को बचाया जाए।

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**बरेली ।** बड़े भाई के विवाह समारोह के बाद विदाई में घर वापस लौट रहे मोटरसाइकिल सवार युवक की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बदायूं के दिनावर थाना क्षेत्र के गांव मई रजऊ निवासी 20 वर्षीय अभिषेक पुत्र वेदपाल की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अभिषेक के बड़े भाई रवि का 2 दिन पूर्व विवाह हुआ था और वह कल सुबह बरात की विदा के बाद अपने घर मोटरसाइकिल से लौट रहा था उसके साथ उसका मौसेरा भाई सूरज भी मौजूद था लेकिन बिनावर स्थित मधुसूदन डेयरी के पास उसकी बाइक को पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी जिससे अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया और मौसेरे भाई को मामूली चोटें आई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने अभिषेक को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को सूचना दे दी जो अस्पताल पहुंचे और उसे इलाज के लिए बरेली ले आए जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया ।

### ट्रेन की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

**बरेली ।** ट्रेन की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बदायूं के दातागंज थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी 40 वर्षीय मीही लाल पुत्र कल्लू की भमोरा के देवचरा इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया मीही लाल देवचरा निवासी अपने किसी रिश्तेदार के घर आने के लिए कल सुबह अपने घर से चला था लेकिन देवचरा पहुंचने से पहले ही रेलवे लाइन पार करते समय वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से घटना की जानकारी उसके घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली मृतक 5 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम भूरी देवी है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### बेकाबू बस पलटी, कई घायल

**बरेली।** यात्रियों को ले जा रही बस अचानक स्टेरिंग फेल होने के बाद सड़क किनारे पलट गई जिससे एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये दो को मामूली चोटें आई पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मढीनाथ स्थित सुदेश भूषण गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास रहने वाली प्रिया पाठक पत्नी दीपक मिश्रा आज सुबह उनके ससुर सुदेश चंद्र ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उन्होंने बताया कि प्रिया पाठक अलीगंज स्थित एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका है और आज सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी वह सुभाष नगर गन्ना मिल के पास स्थित प्राइवेट बस स्टैंड से सिरौली जाने वाली एक प्राइवेट बस पर सवार हुई थी लेकिन जब उसकी बस भमोरा के गांव कोडारिया स्थित रमपुरा मोड़ पर पहुंची तभी अचानक बस का स्टेरिंग फेल हो गया और वह बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई जिससे प्रिया पाठक समेत तीन लोग घायल हो गए पुलिस ने प्रिया को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा।

# सरकारी धन के दुरुपयोग मामले में डीएम ने प्रधान के अधिकार किए सीज

- रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत तुलापुर का मामला

**सीतापुर।** सरकारी धन के दुरूपयोग के एक मामले में डीएम अनुज सिंह ने ब्लाक रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत तुलापुर के प्रधान नूरूल के अधिकार सीज कर दिए है। जिलाधिकारी ने डीडीओ हरीश चंद्र प्रजापति को जांच अधिकारी नामित करते हुए एक माह के अंदर साक्ष्यों सहित जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। तब तक के विकास कार्यों के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति में ग्राम पंचायत सदस्य रेशमा पत्नी अब्दुल अजीज, रामू पुत्र भगौती, ममता देवी पत्नी अमित कुमार को नामित किया गया है। ग्राम प्रधान नूरूल पर यह कार्रवाई समय पर जवाब प्रस्तुत न करने पर की गई है। बताया जाता है ग्राम प्रधान नूरूल ने एक लाख 3 हजार 300 रूपए की धनराशि व्यक्ति विशेष के खाते में हस्तांतरित की। इसी मामले में उचित समय पर उत्तर न देने पर कार्रवाई की गई है। प्रधान को गबन के मामले में दोषी पाए जाने पर उन्हें, कारण बताओं नोटिस 19 सिंतबर 2022 को जारी की गई थी। प्रधान ने यह नोटिस 21 सितंबर 2022 को प्राप्त की थी, जबकि नोटिस का जवाब ग्राम प्रधान ने 3 दिसंबर 2022 को प्रस्तुत किया है। उत्तर समयावधि के बाद कार्यालय में प्राप्त कराए जाने पर उन्हें आदेश की अवहेलना का दोषी पाया गया। बता दें कि ग्राम प्रधान ने 9 सितंबर 2022 को विकास कार्य के लिए 4 लाख 46 हजार रूपयों में 4 लाख 38 हजार की एमबी कराई थी। जिसमें मजदूरी अंश में एक लाख 3 हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत हुई। यह स्वीकृत धनराशि ग्राम प्रधान ने व्यक्ति विशेष के खाते में स्थानांतरित की थी।

# बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर हुई गोष्ठी

**बरेली ।** संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शाहमत गंज चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर एक विचार गोष्ठी हुई ।जिसका संचालन जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा ने किया ।विचार गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने समाज से भेदभाव खत्म किया उनका सपना था एक ऐसे भारत का जिसमें सभी लोग मिलजुल कर एक साथ बैठकर खाना खाए एक साथ रहे ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर के0 बी0 त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने इतने खूबसूरत संविधान का निर्माण किया जिसमें सभी को अधिकार दिए गए हैं ऐसी शख्सियत को शत शत नमन उन्होंने भारत देश का नाम विदेशों में भी रोशन किया ।उत्तर प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ के महासचिव प्रोफेसर यशपाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा आज इस परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर हम देश की एक ऐसी शख्सियत भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को याद कर रहे हैं जिन्होंने सभी के दर्द को समझा और उसको दूर करने का प्रयास किया उनका सपना था एक ऐसे भारत का जहा सभी लोग एक साथ रहे ।कार्यक्रम के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह ने बरेली महापौर पद के लिए अपना आवेदन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी को दिया ।उपस्थित कांग्रेस जनों में पूर्व विधायक मास्टर छोटे लाल गंगवार, जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा, जिला महासचिव जिया उर रहमान, जिला उपाध्यक्ष सुरेश बाल्मीकि, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ब्रह्मानन्द शर्मा, सुनील मनचंदा, दत्त राम गंगवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# ससुराल से लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** ससुराल से लौट रहे मोटरसाइकिल सवार एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सिरौली थाना क्षेत्र के गांव चंदू पुरा निवासी रामसिंह कल शाम आंवला थाना क्षेत्र के गांव बालरपुर और चंदू पुरा के बीच हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि रामसिंह कल दिन में बालरपुर स्थित अपनी ससुराल गया था जहां से शाम को घर वापस लौटते समय कुछ दूर चलने के बाद ही उसकी बाइक को पीछे से आए किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने राम सिंह को जिला अस्पताल भेजा।

# हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, असलहा बरामद



**लखीमपुर-खीरी।** थाना ईसानगर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ एक नफर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त चोखे उर्फ जोखे पुत्र रामदत्त को गिरफ्तार किया गया। एसपी संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शस्त्रों के निर्माण/बिक्री व परिवहन पर रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज छह दिसम्बर थाना ईसानगर पुलिस द्वारा ग्राम चन्द्रासा कलां मोड़ पानी की टंकी के पास दीवार के पास से अभियुक्त चोखे उर्फ जोखे पुत्र स्व. रामदत्त निवासी ग्राम दामूबेहड़ मजरा चन्द्रासां कलां थाना ईसानगर खीरी को एक अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त चोखे उर्फ जोखे के विरुद्ध थाना ईसानगर पर मुकदमा अपराध संख्या 623/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।चोखे उर्फ जोखे पर बीस मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक विद्या सागर शुक्ला थाना ईसानगर, हेड कांस्टेबल तिलेश्वर सिंह व कांस्टेबल शिवचन्द कुमार शामिल रहे।

# दुलही के बच्चों ने विज्ञान शिक्षण में भी दिखाया दमखम





संवाददाता। निघासन खीरी

**राष्ट्रीय आविष्कार** अभियान अंतर्गतब्लाक संसाधन केंद्र रमियाबेहड़ में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही के बच्चों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए जनपद स्तर पर प्रत्येक विकास क्षेत्र से चयनित उत्कृष्ट 6 मॉडल व क्विज प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रथम पांच स्थान अकेले उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने प्राप्त किया। इन बच्चों में प्रिया राजपूत कक्षा 7, बादल राजपूत कक्षा आठ, नैंसी चक्रवर्ती कक्षा 8, प्रिया कक्षा 7 और अजीत शाक्य कक्षा 8 उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में विकास क्षेत्र के एआरपी आशीष श्रीवास्तव, अजय वर्मा,राम मोहन, अनीता मिश्रा व खंड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड हृदय शंकर लाल जी के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के कारण बच्चों को बधाई एवम भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इन बच्चों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं विज्ञान शिक्षक ओमप्रकाश के द्वारा तैयार किया जाता है। विद्यालय में भी उन्होंने विज्ञान से संबंधित विज्ञान कक्ष में इस तरीके से सजाया है कि बच्चे अपने आप आकर्षित हो जाते हैं। विज्ञान कक्षा में विज्ञान प्रयोगशाला से संबंधित उपकरण, विज्ञान किट, मॉडल तथा स्पेसिमेन उपलब्ध हैएम विभिन्न प्रकार के विज्ञान विषय संबंधित ज.स.उ. का निर्माण व उनका उपयोग विज्ञान शिक्षक एवम इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश के द्वारा बच्चों के सहयोग से कराया जाता है। बच्चों को विजेता होने के कारण प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। उधर जनपद स्तर पर भी बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया, और स्टॉल का निरीक्षण जिलाधिकारी महोदय महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा भी किया गया,जिस कारण से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी कांत पांडे एवं प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जेपी मिश्र जी के द्वारा भी इन बच्चों को प्रमाण पत्र खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा इंचार्ज प्रधानाध्यापक एवं विज्ञान शिक्षक ओमप्रकाश के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाया। विज्ञान शिक्षक ओम प्रकाश की तारीफ करते हुए कहा कि इसी प्रकार बच्चों को तैयार कराते रहें,जिससे बच्चों का समग्र विकास हो सके और उनके अंदर वैज्ञानिक सोच उत्पन्न हो सके।

# जीएसटी सेल का बड़े दुकानदारों यहां पड़ा छापा, मचा हड़कंप



संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**सेल** टैक्स जीएसटी का मोहम्मदी के नगर के बड़े दुकानदारों पर छापा पड़ा। दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदार दुकानें बंद कर भाग गए। जानकारी के अनुसार कमिश्नर के निर्देश पर असिस्टेंट कमिश्नर जीएस वर्मा, डिप्टी कमिश्नर ललित कुमार उपाध्याय और सीटीओ राम प्रसाद की 3 सदस्य टीम ने आज नगर के दो दुकानों पर जीएसटी न जमा करने पर छापा मारा जहां पर उन्होंने जीएसटी संबंधी कागजात देखें, डिप्टी कमिश्नर ललित कुमार उपाध्याय ने बताया कि कमिश्नर के निर्देश पर यह जांच की जा रही है। हमारी 3 सदस्य टीम है अभी तक दो दुकानों की जांच हमने की है तथा यह रूटीन जाचो में मानी जाती है।

# पेज एक का शेष

## महंगाई, बेरोजगारी...

मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, बैठक में कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों ने सत्र के दौरान महंगाई, बेरोजगारी, संवैधानिक पदों से जुड़े मुद्दे उठाने और पेश किए जाने वाले विधेयकों पर पर्याप्त चर्चा कराने की मांग की है। गौरतलब है कि संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू होगा और यह 29 दिसंबर को समाप्त होगा। गुजरात व हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों के नतीजे आठ दिसंबर को आएंगे, ऐसे में संसद सत्र में इसका असर देखने को मिल सकता है। इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार की शाम कार्य मंत्रणा समिति की बैठक करेंगे। इस बार उन्होंने पारंपरिक तौर पर सत्र से पहले आयोजित की जाने वाली सर्वदलीय बैठक की बजाए कार्य मंत्रणा समिति की बैठक बुलाने का निर्णय किया है। सरकार ने पिछले सप्ताह शीतकालीन सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले 16 विधेयकों की सूची जारी की थी।

## भारत का...

जहां तक मुझे लगता है कि यह बहुत मददगार साबित हो सकता है। जयशंकर की टिप्पणी पर कुलेबा ने कहा यूरोपीय संघ पर अंगुली उठाना और यह कहना कि वे भी तो यही कर रहे हैं, पर्याप्त नहीं है। कुलेबा के मुताबिक रूस से सस्ता तेल खरीदने के भारत के फैसले को यूक्रेन में चल रही मानव त्रासदी के नजरिये से देखा जाना चाहिए। यूक्रेनी विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारत खासतौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युद्ध को खत्म कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## विशाखापत्तनम में...

ने कहा कि उक्त मामला रविवार को विशाखापत्तनम के मदुरवदा में सामने आया है जब मकान मालिक घर में फरार किरायेदार के सामान को हटाने के लिए जबरदस्ती घर में घुसा। जबकि जून 2021 में किराएदार ने पत्नी के गर्भवती होने का हवाला देकर बकाया चुकाए बिना मकान खाली कर दिया था। लेकिन कहा जाता है कि वह एक बार पिछले दरवाजे से घर आया था, लेकिन अभी तक मालिक को भुगतान नहीं किया था।

## महाराष्ट्र-कर्नाटक...

चार से पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं, सीमा की दूसरी ओर महाराष्ट्र के पंजीकरण वाले ट्रकों और वाहनों को निशाना बनाया गया। शक्ति प्रदर्शन के तहत कन्नड भाषा समर्थक संगठनों ने बेलगावी में प्रदर्शन किया और पड़ोसी राज्य के मंत्री स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का विरोध किया। कन्नड संगठनों के नेताओं ने महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रकांत पाटिल और शंभूराज के प्रस्तावित दौरे का विरोध किया जिसे बाद में स्थगित कर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने तख्ती, पोस्टर, बैनर के साथ प्रदर्शन किया और मुद्दे को उठाने के लिए महाराष्ट्र के खिलाफ नारेबाजी की। खबर है कि कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के पंजीकरण वाले ट्रकों की नंबर प्लेट पर काला रंग पोत दिया। प्रदर्शनों के मद्देनजर पुलिस ने वृहद पैमाने पर शहर में सुरक्षा के उपाय किए थे ताकि किसी अवांछित घटना को रोका जा सके। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को एहतियातन हिरासत में ले लिया। कर्नाटक रक्षाना वेदिका के अध्यक्ष टी ए नारायण गौड़ा ने एहतियातन हिरासत में लिए जाने पर नाखुशी जताई। बेलगावी में प्रदर्शन की वजह से आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ। सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित हुए हैं जिनमें कुछ लोग बेलगावी के हीरेबागौड़ी टोल बूथ पर महाराष्ट्र से कर्नाटक में दाखिल होते वाहनों पर पत्थरबाजी करते दिख रहे हैं। यह घटना सामने आने के बाद फडणवीस ने बोम्मई से बात की और वाहनों की सुरक्षा का भरोसा लिया। फडणवीस के करीबी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को फोन कर हीरेबागौड़ी में हुई घटना पर नाखुशी जताई। उन्होंने बताया, कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने फडणवीस को भरोसा दिया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी भरोसा दिया कि महाराष्ट्र से आने वाले वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। बोम्मई ने इससे पहले अधिकारियों को महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल के संभावित दौरे के मद्देनजर कदम उठाने को कहा था और स्पष्ट किया था कि सरकार कानूनी कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकेगी। कर्नाटक के साथ सीमा विवाद को देखते हुए महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) ने मंगलवार दोपहर पुलिस की सलाह पर पड़ोसी राज्यों के लिए बस सेवा स्थगित कर दी।

## आशीष मिश्रा...

307 (हत्या का प्रयास), 326 (खतरनाक आयुधों या साधनों द्वारा स्वेच्छापूर्वक नुकसान पहुंचाना), 427 (आर्थिक नुकसान पहुंचाना) और 120 (ख) (साजिश रचना) और मोटर वाहन अधिनियम की धारा 177 के तहत आरोप तय किए गए। त्रिपाठी ने बताया कि इसके अलावा आशीष मिश्रा, अंकित दास, नंदन सिंह बिष्ट, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, लतीफ काले और सुमित जायसवाल के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत भी आरोप तय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अदालत ने अभियोजन पक्ष से आगामी 16 दिसंबर को न्यायालय में सबूत पेश करने को कहा है। गौरतलब है कि तीन अक्टूबर 2021 को निघासन क्षेत्र के तिकोनिया गांव में किसानों के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टिनी के बेटे आशीष मिश्रा को मुख्य अभियुक्त बनाया गया है। मंगलवार को जिन 14 अभियुक्तों पर आरोप तय हुए उनमें से 13 आरोपी इस वक्त लखीमपुर खीरी जिला जेल में बंद हैं। वहीं एक आरोपी वीरेन्द्र शुक्ला जमानत पर है। आरोप तय करने का बुनियादी मकसद अभियुक्त को यह बताना है कि अभियोजन पक्ष उसके खिलाफ कौनकौन से आरोप साबित करना चाहता है। उच्चतम न्यायालय ने पिछली 11 नवंबर को कहा था कि तिकोनिया कांड मामले के मुख्य अभियुक्त आशीष मिश्रा द्वारा दाखिल जमानत की अर्जी पर उन्हीं न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई करे जिन्होंने पूर्व में इस मामले को सुना था। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री को इस मामले को समुचित पीठ के समक्ष रखने के लिए प्रधान न्यायाधीश से निर्देश प्राप्त करने के आदेश दिए थे। इससे पहले, पिछली 26 जुलाई को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आशीष मिश्रा की जमानत याचिका निरस्त कर दी थी।

## कोई भूखा...

तेजी से नीचे आ गया है। केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि एनएफएसए के तहत 81.35 करोड़ लाभार्थी हैं जो भारतीय परिप्रेक्ष्य में भी काफी बड़ी संख्या है। भूषण ने कहा कि 14 राज्यों ने हलफनामे दाखिल कर कहा है कि उनका खाद्यान्न का कोटा खत्म हो चुका है। मामले में अब आठ दिसंबर को सुनवाई होगी।

## विवेक अग्निहोत्री...

से पछतावा व्यक्त करने में क्या उन्हें कोई दिक्कत है? पछतावा हमेशा हलफनामे के रूप में नहीं किया जा सकता है। अग्निहोत्री के अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि फिल्म निर्माता ने हलफनामे में बिना शर्त माफी मांगी और कहा है कि उन्होंने स्वयं न्यायमूर्ति के खिलाफ किया गया वह ट्वीट डिलीट (हटाया) किया था। हालांकि, न्याय मित्र द्वारा अदालत को सूचित किया गया कि उपरोक्त कथन गलत है और अग्निहोत्री द्वारा किए गए ट्वीट को ट्विटर ने हटाया था। इसपर पीठ ने अग्निहोत्री के अधिवक्ता से कहा, वह अदालत के समक्ष पेश हो जाएं, फिर उसी वक्त आप यह सारी बातें कह सकते हैं। पीठ ने कहा कि इस अदालत के समक्ष पेश होना कोई तकलीफ की बात नहीं है और कहा कि उन्हें पेश होने दें। क्या इस अदालत के समक्ष पेश होने में कोई दिक्कत है? आशा करते हैं कि ऐसा नहीं है। गौरतलब है कि अदालत अग्निहोत्री की अर्जी पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने अदालत द्वारा स्वत: संज्ञान लेकर चलाए जा रहे अवमानना के आपराधिक मामले में स्वयं को पक्ष बनाने का अनुरोध किया था। पीठ ने मंगलवार को अग्निहोत्री को आगे से इस मुकदमे का हिस्सा बनने की अनुमति दे दी और उनसे 16 मार्च, 2023 को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने को कहा। गौरतलब है कि अग्निहोत्री ने 2018 में दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस. मुरलीधर के खिलाफ ट्वीट किए थे। न्यायमूर्ति मुरलीधर फिलहाल ओडिशा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं।

# पशु चिकित्साधिकारी बिंवार को मिली प्रतिकूल प्रविष्टि

**● डीएम ने सभी डिप्टी सीवीओ व बीडीओ से स्पष्टीकरण मांगा**

संबाददाता। हमीरपुर

**जनपद के** अस्थाई गौ आश्रय स्थलों के प्रबंधन संबंधी बैठक में जिलाधिकारी ने बिवार अस्पताल के पश चिकित्साधिकारी को काम में लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित रूप से बैठक न करने तथा इससे संबंधित अन्य कार्यो में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने समस्त उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियो एवं समस्त खंड विकास अधिकारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी डा.चंद्रभूषण ने कहा कि गौशालाओं में ठंड से बचाव को देखते हुये समुचित प्रबंध रखे जाएं तथा सभी पशु आश्रय स्थलो में शेड आदि की व्यवस्था कर ली जाए। सड़को , नगर क्षेत्रों में इधर उधर घूमने वाले पशुओं को कैटल कैचर से पकड़कर उन्हें गौशालाओ में छोड़ा जाय।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शत प्रतिशत अन्ना गौवंश का गौशालाओं में संरक्षण हो जाना चाहिए । कोई भी अन्ना गोवंश सड़क पर दिखाई देने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी, नगरीय क्षेत्र में ईओ,पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम सचिव एवं अन्य संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अन्ना पशुओं के सड़कों पर घूमने से दुर्घटनाएं होती हैं जिससे लॉ एंड ऑर्डर की समस्या उत्पन्न होती है अत: सड़कों पर किसी भी दशा में अन्ना गोवंश इधर-उधर घूमते नहीं पाए जाने चाहिए ,उनकी देखरेख में चरवाहे अनिवार्य रूप से लगे होने चाहिए तथा चरवाहों का समय से भुगतान हो जाना चाहिए अन्यथा की स्थिति में संबंधित पशु चिकित्साधिकारी , ग्राम पंचायत सचिव ,एडीओ पंचायत एवं बीडीओ सहित अन्य सभी संबंधित की जिम्मेदारी तय होगी ,तदनुसार कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि समस्त एसडीएम द्वारा गोवंश संरक्षण के संबंध में तहसील स्तरीय अनुश्रवण समिति की नियमित रूप से बैठक कर उसकी अच्छे ढंग से मॉनिटरिंग करें जिलाधिकारी ने कहा कि अस्थाई गौ आश्रय स्थलों के प्रबंधन हेतु जो धनराशि दी गई है उसका उपभोग कर उपभोग सर्टिफिक्रेट शीघ्र दे दिया जाए ताकि भरण पोषण हेतु आगे के लिए धनराशि स्वीकृत की जा सके ।

## पांच साल में हरेक गांव की तस्वीर होगी शहरनुमा

संवाददाता। हमीरपुर



ग्राम गिमुहा में योजना के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते सचिव नीरज सचान

**भारत सरकार** ने सतत विकास लक्ष्य के तहत प्रदेश के गांवों को पांच साल में आत्मनिर्भर व बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का फैसला किया है। इसके लिये पूरी योजना तैयार कर स्वच्छ भारत अभियान के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिला पंचायत राज अधिकारी(डीपीआरओ) राजेंद्र प्रकाश ने आज बताया कि भारत सरकार ग्रामीण ढांचे को पूरी तरह सशक्त करने के लिये एक नयी रुप रेखा पहली मर्तवा तैयार की है,अभी तक जिले के कुछ गांवों को ओडीएफ प्लस के रुप में चयनित किया गया था मगर अब पूरा जिले को विकसित कर गांवों की तस्बीर बदलने का काम किया जायेगा। गांवों को गरीबी से मुक्त करने के लिये कौशल विकास लागू कर अकुशल श्रमिकों का पंजीकरण किया जायेगा। आपदा प्रबंधन पर टास्क फोर्स का गठन,कृषि विज्ञान केंद्रों के साथ समन्यव स्थापित करने के साथ साथ स्वयं सहायता समूहों की कार्ययोजना विकसति किया जायेगा। इसी प्रकार बाल हितैषी गांव के तहत जल एवं सुविधा युक्त आगनवाड़ी,बाल सभा गठन, पौष्टिक युक्त भोजन,पोषण वाटिका का निर्माण करने का फैसला किया गया है। यही नही शासन ने फैसला किया है कि बालश्रम,बाल विवाह,बाल उत्पीडन,बालशोषण तस्करी को पूरी तरह समाप्त किया जायेगा। एमडीएम की पूरी तरहनिगरानी की जायेगी। इसी प्रकार सुरक्षित रुप से सुरक्षित गांव के तहत प्रवासी श्रमिकों को रोजगार व राशनकार्ड उपलब्ध कराना,ग्राम सभाओं का मजबूत,दिव्यागों का विकास किया जायेगा। गावों में ग्राम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति का गठन किया जायेगा।

## नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन की तैयारियां शुरू

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा विकास भवन सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2022 की तैयारियों को दृष्टिगत आयोजित आरओ एवं एआरओ प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रशिक्षण के दौरान सभी को निर्वाचन के अंतर्गत नामांकनए स्क्रूटनीए आदि बिंदुओं पर की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में विस्तार से बताया गया एवं प्रशिक्षण में जानकारी करते हुए उनके द्वारा बताई गई समस्याओं का समाधान भी देते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जानेए उनकी जांच व निर्विरोध निर्वाचन किये जाने हेतु अध्यक्ष व सदस्य नगर पालिका व पंचायत पद हेतु प्रथक प्रथक की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी गयी एवं प्रश्नोत्तरी की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन जनतंत्र का महत्वपूर्ण अंग हैए जिसमें सभी का पूर्ण निष्पक्ष सहयोग अनिवार्य हैए एवं इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही की जायेगी।

## सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव उर्फ जग्गू के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव उर्फ जग्गू के खिलाफ कोतवाली फतेहगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया। फतेहगढ़ कोतवाली के मोहल्ला बंधोआ निवासी राहुल परमार ने सपा नेता व उसकी पत्नी प्रीती यादव व पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया । पीड़ित राहुल परमार का आरोप है कि सपा नेता देवेंद्र यादव उर्फजग्गू की पत्नी प्रीती यादव से उसने प्लाट का बैनामा कराया था। भुगतान करने के बाद भी सपा नेता बार.-बार पैसों को लेकर बना रहे थे दबाव । पीड़ित ने दी गयी तहरीर में कहा कि रविवार शाम को हिसाब का पर्चा बनाकर सपा नेता के घर गया था । तभी सपा नेता देवेंद्र यादव उर्फ जग्गू ने उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। सुनने में आया है कि बीते बरसों में सपा नेता देवेंद्र यादव उर्फजग्गू यादव के खास गुर्गा रह चुका है राहुल परमार। वही देवेंद्र यादव उर्फजग्गू की पत्नी ने भी एसपी अशोक कुमार मीणा को राहुल परमार के खिलाफ शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है।शिकायती पत्र के अनुसार राहुल परमार ने रुपयों का गबन किया और उधार लिए 50,000 रुपए भी नहीं दिए ,मांगने पर बहानेबाजी व गाली गलौज करता है।

## सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष व डीएम ने किया नि:शुल्क कृत्रिम अंग-सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**सांसद मुकेश** राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर मूक बधिर विद्यालय जे0एन0बी0 रोड़ फतेहगढ़ में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा नि: शुल्क कृत्रिम अंग-सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि पिछले 4 वर्षों में 1906 उपकरण वितरित किए गए हैं। इस प्रकार से दिव्यांगों के लिए और कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेंगे। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में बताया कि इस उपकरण वितरण कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के सहायतार्थ 190 ट्राईसाइकिल, 10 दिव्यांगजनों को बैशाखी एवं अन्य उपकरण प्रदान किये जा रहे है। मुझे आशा है कि यह उपकरण आपके जीवन में निश्चित तौर पर एक दैनिक क्रियाकलापों को सुचारू रूप से संचालन करने में आपकी सहायता करेंगे। इस परिसर में यदि ऐसे भी कोई दिव्यांगजन हैं, जिनके पूर्व में विभाग में उपकरण के लिए पंजीयन न कराने के कारण आज उपकरण नहीं प्राप्त हो पा रहे है तो वह बिल्कुल निराश न हो। आज ही विभाग में अपना पंजीकरण करा दें और आगामी माह में उनको भी उपकरण उपलब्ध करा दिये जायेगें। धनराशि की कोई कमी नहीं है। दिव्यांगजनों से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि वह अपने आपको बिल्कुल कमजोर न समझें। उन्होंने कहा कि आप हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं और हम आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर हैं। दिव्यांगजनों को विभागीय योजनाओं के साथ यदि कोई समस्या है जो जिला दिव्यांगजन कार्यालय या विभाग से हल नहीं हो सकती तो उसके लिए हमारे कार्यालय में किसी भी दिन कार्यालय समय में आकर अवगत करा सकते हैं। हम पूरा प्रयास करेंगे कि आपकी समस्या का तत्काल निराकरण हो सके। अंत में उन्होंने उपस्थित उपकरण प्राप्त करने वाले समस्त दिव्यांगजनों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, सीडीओ एम0 अरुन्मोली, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अनिल चन्द्र ने दिव्यांगजनो को माला पहनाकर स्वागत किया और ट्राई साइकिल वितरण किया।

## सपा ने मनाया डा. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय आवास विकास में भारतीय संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद पार्टी के कार्यकर्ताओंए नेताओं ने बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, निवर्तमान जिला महासचिव मन्दीप यादव एडवोकेट, महेंद्र सिंह कटियार, ओम प्रकाश शर्मा, वेचेलाल यादव, आलोक यादव, मोहम्मद यूनुस अंसारीए हरगोविंद सिंह यादव, मतीन खान, अवधेश पांडे, अनुराग यादव, नागेंद्र यादव, अंशुल यादव, मुजिबुल हसन, आशुतोष दीक्षित, आदित्य यादव, इलियास मंसूरी, अमित यादव, छोटे सिंह यादव, कुलदीप यादव, अजय यादव, अजीत सिंह यादव, नितिश पाल, बृजेश सिंह यादव, बृजेश पाल, योगेश पाल सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही नगर शमशाबाद में निवर्तमान जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान दीपक श्रीवास्तव, शाजेव मियां, रामकुमार कश्यप, दीपक यादव, अनुज राजपूत, आनंद यादव, मनीराम दिवाकर, रामसनेही माथुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाई बाबा साहब की पुण्यतिथि

**पहाड़ी ( चित्रकूट )।** डा भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने स्व. रघुबीर बालिका इंटर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन कर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की। भारतीय संविधान निर्माता डा भीम राव अम्बेडकर जी का परिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर स्व रघुवीर प्रसाद कन्या इन्टर कालेज पहाड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत डा अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कालेज की प्रधानाचार्या द्वारा किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के नगर मंत्री नितेश त्रिपाठी,जिला महामंत्री जान्हवी अवस्थी आदि ने अपने उद्बोधन में संविधान निर्माता के व्यक्तित्व एवम् कृतित्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता राजकरन गुप्ता ने किया।

## पुलिस ने अंतरजनपदीय गिरोह के चार शातिरों को दबोचा, 14 बाइक बरामद



**चित्रकूट ।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर सरधुआ थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने अंतर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के चार चोरों को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी की 14 मोटरबाइकें व दो तमंचे, कारतूस बरामद किये हैं। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने बताया कि एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर एसपी सोनकर की देखरेख में सरधुआ थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि लमियारी गांव के पास बंधे के पास कुछ बदमाश मौजूद हैं। पुलिस टीम ने बदमाशों को मुठभेड में दबोचा। दबोचे बदमाशों में अंकित सिंह पुत्र दिनेश सिंह, दिलीप सिंह पुत्र जगजीत सिंह, सुनील सिंह पुत्र श्यामलाल निवासी मऊ थाना मर्का जिला बांदा व मोहित सिंह पुत्र देवनारायण निवासी नुनमई थाना रैपुरा शामिल हैं। बदमाशों के कब्जे से चोरी की तीन मोटरबाइक, दो जिन्दा कारतूस और तमंचा बरामद हुए। पूंछताछ में बदमाशों की निशानदेही पर लमियारी गांव के पुल के नीचे नदी किनारे सामुदायिक शौचालय के पास बबूल के जंगल से दस चोरी की मोटरबाइकें व एक स्कूटी बरामद की गई। वाहन चोरों के खिलाफ चित्रकूट, बांदा, कौशाम्बी, फतेहपुर व प्रयागराज में मोटरबाइक चोरी के मामले दर्ज हैं। बरामद बाइकों के वाहन स्वामियों की जानकारी की जा रही है। टीम में थानाध्यक्ष सरधुआ प्रवीण कुमार सिंह, दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही अमित सिंह, राहुल पुरी, वीरेन्द्र कुमार व शफीक अहमद शामिल रहे।

## बेटियों की सुरक्षा और सम्मान के प्रति संकल्पित है मोदी-योगी सरकारः अशोक जाटव

संवाददाता। चित्रकूट



जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव मनाते भाजपा नेता व डीएम आदि

**बेटी बचाओ-बेटी** पढाओ योजना के तहत बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कन्या जन्मोत्सव संयुक्त जिला चिकित्सालय सोनेपुर में मनाया। उन्होंने कहा कि पहले बेटियों की उपेक्षा कर बेटों के जन्म को खुशी मनाई जाती थी। अब ऐसा नहीं है, बेटा-बेटियों में कोई अन्तर नहीं है। बेटियों के जन्म पर केक काटकर खुशियां मनाई जाती हैं।

मंगलवार को जिला अस्पताल में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि पीढियां तो बेटियां चलाती हैं। अब लोगों की भावनायें बदल रही हैं। सीएमओ से कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कन्या के जन्म लेने पर जन्मोत्सव मनाया जाये। सरकार बेटियों के जन्म पर पूरी मदद करती है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि बेटियां पढ-लिखकर आगे बढें। बेटी-बेटा में कोई फर्क नहीं मानना चाहिए। सरकार स्कॉलरशिप के साथ कन्या सुमंगला योजना के तहत तमाम सुविधायें दे रही है। जिला प्रशासन व सरकार सहयोग कर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कन्या सुमंगला योजना से लेकर तमाम योजनायें चलाई हैं। भारत स्त्री प्रधान देश था। सरस्वती, लक्ष्मी आदि कन्या के रुप में जन्म हुआ है। जो कार्य बेटा नहीं कर पा रहे, वह बेटियां कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने बेटियों को रक्षा क्षेत्र में प्रवेश कराया है। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि शासन-प्रशासन की नजरों में बेटी-बेटा में कोई अन्तर नहीं है। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि सरकार ने बेटियों और बेटों को बराबर का दर्जा दिया है। लिंगानुपात गिरता जा रहा है। अनुपात को बराबर लाने को कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस मौके पर प्रीती देवी, कमरुल निशा, सुशीला, नीलम पटेल, प्रिया, सावित्री की नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव बनाकर बेबीकिट भेंट दी गई। सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## डीएम के न्यामतपुर गांव में औचक निरीक्षण से मची रही खलबली



न्यामतपुर गांव का औचक निरीक्षण करती डीम चांदनी सिंह

**कालपी ( जालौन )।** जनपद जालौन की तेज तर्रार जिलाधिकारी चांदनी सिंह द्वारा महेवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत न्यामतपुर मे अचानक औचक निरीक्षण करने पहुँच जाने से विभाग मे खलबली मच गई। गौरतलब हो कि जनपद की तेजतर्रार जिलाधिकारी चांदनी सिंह द्वारा उरई मुख्यालय से अचानक ओचक निरीक्षण हेतु महेवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत न्यामतपुर पहुंच जाने से संबंधित विभाग के जिम्मेदारों मे खल बली मच गई जंहा जिलाधिकारी चांदनी सिंह कम्पोजिट विद्यालय पहुंची वंहा मौजूद छात्र-छात्राओं से सबाल जबाब तलब किये जंहा छात्रों द्वारा सही जबाब देने पर वंहा के अध्यपकों से भी वार्ता की। इसके बाद गौशाला का निरीक्षण किया जंहां भूसा स्टॉक की जानकारी लेते हुये पानी व साफ-सफाई के अलावा सर्दी से गोवंश वचाव हेतु सचिव महेन्द्र सिंह को निर्देश दिये इसके बाद पशु अस्पताल का भी निरीक्षण किया जंहा दवा आदि की स्पारीडेट व दवा कौन दवा उपलब्ध है का अवलोकन कर मौजुद लोगो से समय से खुलने की जानकारी ली। अंत मे ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंची जंहा सर्व प्रथम पंचायक सहायक के कक्ष मे रखे मनरेंगा व ग्राम निधि की फाईले देखी और पंचायत सहायक प्रमिला देवी से भी वार्तालाप कर कई विन्दुओ की जानकारी इसी प्रकार जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने लगभग 1 घन्टा 20 मिनट ग्राम पंचायत न्यामतपुर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी चादंनी सिह ने उपस्थित विभाग से संबंधित अधिकारियों से स्पष्ट कंहा है कि किसी भी दिन किसी भी समय किसी गांव का ओचक निरीक्षण किया जा सकता है।

## शादी से इंकार करने पर प्रेमिका फांसी के फंदे पर झूली, मौत

**फतेहपुर।** चचेरी बहन के देवर से प्रेम संबंधो के चलते युवती ने अपनी ससुराल और पति छोड़ दिया।जब प्रेमी ने शादी करने से इनकार कर दिया तो धोखा खाई प्रेमिका मायके मे फांसी के फंदे में झूल गयी। बेटी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के कोण्डार के मजरे चौराहा डेरा गांव में दोपहर कोमल देवी (20) पुत्री पंचा निषाद घर के अंदर खपरैल के बांस में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। जब मृतका के भाई बहन स्कूल से पढ़कर वापस घर आये तब घटना की जानकारी परिजनों को हुई। बेटी की मौत से मां फूला देवी और पिता पंचा निषाद बेहाल हैं। मृतका से छोटी बहन रोशनी व भाई विपिन व अखिलेश हैं जो स्कूल पढ़ने चले गए थे और पिता पंचा निषाद व माता फूला देवी घटना के समय बंधवा स्थित अपने समोसे की दुकान में थे।

## एसडीएम ने अनशनकारियों को जूस पिलाकर समाप्त कराया धरना

**● वकीलों की मांगों को प्रशासन ने माना, 49 दिन से लगातार दे रहे थे धरना**

**खागा ( फतेहपुर )।** बढ़े सर्किल रेट को वापस किए जाने की मांग को लेकर 48 दिन से दे रहे वकीलों का धरना मंगलवार को समाप्त हो गया है। 49वें दिन धरने के मंच मे एस डी एम व तहसीलदार पहुंचे। उन्होंने अनशनकारियों को जूस पिलाकर धरना समाप्त करा दिया है। वकीलों ने मंच से ऐलान किया कि प्रशासन ने मांगो को मान लिया है। इसलिए धरना प्रदर्शन अब नहीं होगा। बुधवार से सभी अधिवक्ता पहले के तरीके सभी कामकाज करेंगे। मंगलवार को संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारी माडल बार के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता मे धरने पर बैठे। संघर्ष समिति के सहसंयोजक मोतीलाल ने मंच से ही प्रशासन द्वारा जो मांगे मानी गई है उनको विस्तृत रूप से सभी अधिवक्ताओं को जानकारी दी। वहीं संयोजक अशोक गुप्ता ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय मे रिट डाला गया था जिसकी आज सुनवाई हो गई। आगे जो भी न्यायालय का आदेश आएगा उसके बारे मे सभी को अवगत कराया जाएगा। एसडीएम मनीष कुमार ने कहा कि तहसील परिषर की बाउंड्री के अंदर रहने वाले सभी लोग एक ही परिवार के है। अधिवक्ता और तहसील अफसर कर्मचारी एक दूसरे के पूरक है। हम सभी लोग मिलकर काम करेंगे। अधिवक्ताओं की जो भी शिकायतें होगी सभी का निस्तारण कराया जाएगा। हालांकि संयोजक ने एसडीएम को आश्वस्त किया कि हम पहले जैसे काम करेंगे और आपके सम्मान मे कोई भी आंच नही आएगी। इस मौके पर राजा राजेंद्र सिंह, अशोक गुप्ता, मोतीलाल, पूर्व महामंत्री धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, कपिल यादव, पूर्व महामंत्री राजकुमार दुबे, पूर्व अध्यक्ष केशचंद्र मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष हरिशंकर सिंह, महामंत्री भूपाल सिंह सहित अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## सपा के आधा सैकड़ा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

**फर्रुखाबाद।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी अमृतपुर शुभम तिवारी ;एडवोकेट के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी एवं भाजपा के जिला फर्रुखाबाद के पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष ब्रजलाल खाबरी जी के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव रोहित शाक्य, सदर विधानसभा उपाध्यक्ष आशीष कुशवाहा, युवा पाल महासभा के जिलाध्यक्ष अनुपम पाल, राजेन्द्र यादव,अजीत पाल, राहुल पाल, हिर्देश कुमार,विनय यादव,शिवम पाल सहित लगभग आधा सैकड़ा सपा के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में सम्मिलित हुए। रोहित शाक्य ने कहा सपा में रहना मेरी बड़ी भूल थी क्योंकि सपा और भाजपा सिर्फ कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न करती है । श्री राहुल गांधी जी की युवाओं और बेरोजगारों के प्रति सोच और भारत को जोड़ने और नफरत के माहौल को समाप्त करने की सोच से प्रभावित होकर अब अंतिम समय तक कांग्रेस में काम करेंगे।

## क्विक न्यूज

### हार्ट अटैक से मंडी सहायक की मृत्यु

**मुस्करा (हमीरपुर)।** मुस्करा गल्ला मंडी में तैनात मंडी सहायक की हृदय गति रुक जाने से अचानक मृत्यु हो गई। नवीन गल्ला मंडी मुस्करा में मंडी सहायक के पद पर नेम सिंह लोधी(57) तैनात थे कल देर रात अचानक उन्हें हार्ट अटैक आ गया तुरंत ही उनका पुत्र हरीश कुमार अपने पिता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा ले गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ शिवजी गुप्ता ने उन्हें मृत घोषित कर दिया पुत्र हरीश कुमार ने बताया कि उनके पिता मूल रूप से ग्राम चंदौली बुजुर्ग जनपद अलीगढ़ के रहने वाले थे यहां पर मंडी सहायक के पद पर नौकरी कर रहे थे उनकी मां की मृत्यु भी कोरोना काल के दौरान हो गई थी अब पिता की मृत्यु हो जाने से वह अनाथ हो गए हैं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर कार्रवाई की।

### चार मौतों पर दोनों पक्षों ने लिखाया मुकदमा

**राठ (हमीरपुर)।** चार दिन पूर्व बुंदेखंड एक्सप्रेस वे पर जखेड़ी गांव के पास दो गाड़ियों की आमने सामने टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई थी। दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। फतेहपुर के हरिहर गंज निवासी रविंद्र पाल सिंह ने बताया 3 दिसंबर को उनके पुत्र आशीष सिंह अपनी रिश्तेदार सत्या व अंजू सिंह के साथ दतिया के पीतांबरा माता मंदिर में दर्शन करने गए थे। कार देवीगंज फतेहपुर निवासी दीपक मिश्रा चला रहे थे। लौटते समय बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर कार की टक्कर से आशीष सिंह व सत्या की मौत हो गई। वहीं घायल दीपक मिश्रा व अंजू का मेडिकल कालेज झांसी में इलाज चल रहा है। इसी प्रकार मध्य प्रदेश के न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी मुरैना निवासी उत्सव शर्मा ने बताया 3 दिसंबर को पिता रविंद्र शर्मा, मुरैना जिले के खनेता निवासी मुकेश यादव के साथ चित्रकूट से दर्शन कर लौट रहे थे। एक्सप्रेस वे पर विपरीत दिशा से आ रही स्कार्पियो गाड़ी की टक्कर से दोनों की मौत हो गई थी। कोतवाली प्रभारी तारासिंह पटेल ने बताया दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### 72 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 72 जोड़ों का सामूहिक विवाह हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा। जिसको लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर चल रहीं हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रसूलाबाद क्षेत्र के असालतगंज में स्थित गैलेक्सी गार्डन में सामूहिक विवाह हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा। उक्त संदर्भ में खंड विकास अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि आगामी 9 दिसंबर को 72 जोड़े एक दूसरे का हाथ थामेंगे। जिनको मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अनुदान भी दिया जाएगा। 72 जोड़ों में 3 जोड़े मुस्लिम समुदाय के हैं। इस बार पूरे 72 जोड़े रसूलाबाद विकास खंड क्षेत्र के ही हैं। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### टैंकर की टक्कर से होमगार्ड घायल



**घाटमपुर।** नगर के मुख्य चौराहे पर तैनात एक होमगार्ड डीजल टैंकर की टक्कर से घायल हो गया जिसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है, द्वारिका नामक उक्त होमगार्ड की तैनाती इस माह कोतवाली में है, होमगार्ड ने बताया कि आज उसकी डियुटी यातायात नियंत्रण के चौराहे पर लगी थी दोपहर बाद करीब 1 बजे जब वो यातायात नियंत्रण कर रहा था कि तभी उसने भोगनीपुर कीओर से आये वाहनों को निकालने के लिय हमीरपुर की ओर से आ रहे वाहनों को रोकने का इसरा किया लेकिन डीजल टैंकर का चालक तेज रफ्तार से आकर टक्कर मार दी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि पकड़े गये टैंकर के चालका व होमगार्ड द्वारिका के बीच समझौता हो गया है जिसके चलते टैंकर को जाने दिया गया है।

### तहसील व कुष्माण्डा देवी मंदिर में बनाए गए रैन बसेरे



**घाटमपुर।** सर्दी का मौसम शुरु होते ही नगर पालिका ने रात्रि में ठहरने वाले यात्रियों और साधन बिहीन निराश्रित लोगों के लिये सर्दी से बचाव के लिये दो रैन बसेरा बनाये है इनमें एक कानपुर रोड पर स्थित कुष्मॉण्डा देवी मंदिर और दूसरा तहसील परिसर में है। सोमवार को उप जिलाधिकारी अमित ओमर जिनके पास नगर पालिका के ई0ओ0 का भी चार्ज है दोनों रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहॉ तैनात कर्मचारियों से ओढ़ने-बिछाने के लिये बिस्तर तथा अन्य व्यवस्थाओं के बावत पूछताछ कर आवश्यक निर्देश दिये। एक ओर जहॉ नगर में रैन बसेरा बनाये गये हैं वही दूसरी ओर आने वाले दिनों में ठन्ड का प्रकोप बढ़ने की सम्भावना को देखते हुए एसडीएम अमित ओमर ने नगरीय क्षेत्र में अलाव जलवाने के लिये प्वाइन्ट चिन्हित करने का आदेश दिया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी अंबेडकर को श्रद्धांजलि



**फतेहपुर।** शहर के राधा नगर इलाके में वार्ड नंबर 3 बक्सपुर में निकाय चुनाव प्रभारी राम किशोर साहू एवं भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने पहुंचकर बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 67वे पर निर्माण दिवस पर बक्सपुर मलिन बस्ती में भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अंबेडकर के बारे में विस्तार से चर्चा की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी गई। वार्ड नंबर 22 के संभावित सभासद प्रत्याशी सुनील गुप्ता, ज्ञानू सचान, अक्षय लोधी, पंकज त्रिपाठी, डॉ देवाशीष चौधरी, सुशीला मौर्या, अर्चना त्रिपाठी, शैलेंद्र शरण सिंपल, अमित शिवहरे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### परिनिर्वाण दिवस पर सपाइयों ने बाबा साहब को किया याद



**फतेहपुर।** संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने खागा नगर स्थित वाचनालय पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात अंबेडकर के संविधान में रहकर लोगों को आगे बढ़ाने की शपथ ली गई। समाजवादी पार्टी के खागा नगर अध्यक्ष कलीम शेख की अगुवाई में पदाधिकारी व कार्यकर्ता वाचनालय पहुंचे। जहां स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि देने का काम किया। तत्पश्चात सभी ने डा. भीमराव अंबेडकर के संविधान में रहकर लोगों को आगे बढ़ाने की शपथ ली। नगर अध्यक्ष श्री शेख ने कहा कि बाबा साहब सभी वर्गों को साथ लेकर चलने के हिमायती थे। शोषित, वंचित एवं पिछले समाज के लिए उन्होने कई सराहनीय कार्य किये। संविधान में एकता का पाठ पढ़ाया। उन्होने कहा कि आज उनके मार्ग पर चलने की जरूरत है। तभी राष्ट्र को आगे बढ़ाया जा सकता है। इस मौके पर इंदल सिंह, अखिलेश मौर्या, शिव सिंह यादव, अंकित यादव, अंशू यादव, प्रेम शर्मा, प्रभु सभासद, आसिफखान उपस्थित रहे।

### गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री को लेकर हिन्दूवादी संगठनों ने दिया धरना

**जालौन (उरई)।** नगर में गोमांस और गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए गोरक्षा अभियान, गोसंपदा संरक्षण शोध संस्थान व हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में धरना देकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एक सप्ताह में गोमांस की दुकानें बंद न होने पर कार्यकर्ताओं ने गोमांस की दुकानों सामने धरना देने की चेतावनी दी। हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजासिंह सेंगर गधेला, गौसंदा संरक्षण शोध संस्थान के संस्थापक अनिल शिवहरे, गोरक्षा अभियान महिला इकाई की अध्यक्ष मधु पांडेय के नेतृत्व में करीब एक सैंकड़ा लोग तहसील परिसर में पहुंचे और वहां नगर में गोमांस व गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए तहसील परिसर में धरना दिया। धरना देकर हिंदू संगठनों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सना अख्तर को सौंपकर बताया कि नगर में बड़े पशुओं को काटने के लिए कोई अधिकृत वधशाला नहीं है और न ही उनका मांस बेचने का कोई लाइसेंस नहीं है।

### डॉ. अंबेडकर को 67 वीं पुण्यतिथि पर अनुयायिओं ने दी श्रद्धांजलि

**जालौन (उरई)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 67वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्माण दिवस के रूप में मनाई गई। जन अधिकार पार्टी ने नगर पालिका परिषद कार्यालय में लगी मूर्ति का माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। जन अधिकार पार्टी के मंडल सचिव बृजमोहन कुशवाहा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को संविधान का जनक कहा जाता है। 6 दिसंबर 1956 को उनकी मृत्यु हुई थी। हर साल 6 दिसंबर के दिन उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए काम किया और दबे, कुचले वशोषित समाज को उचित सम्मान व स्थान दिलाया। उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मंडल उपाध्यक्ष बालकराम दोहरे ने डॉ. अंबेडकर को शोषित समाज का मसीहा बताते हुए कहा कि समाज में जो बदलाव दिख रहा है वह उनके ही प्रयासों का नतीजा है।

# ड्रोन हमले के एक दिन बाद रूसी हवाई ठिकाने पर लगी आग

एपी। कीव

**रूस** के दक्षिण कुरस्क इलाके में स्थित हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले की वजह से आग लगी। क्षेत्रीय गवर्नर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक दिन पहले रूस ने उसके क्षेत्र में दो सैन्य हवाई अड्डों पर यूक्रेन द्वारा ड्रोन हमले किए जाने का आरोप लगाया था। इसके बाद रूस ने यूक्रेन में कई मिसाइल दागीं थीं।

कुरस्क के गवर्नर रोमन स्टारोवॉय ने टेलीग्राम संदेश में बताया कि ड्रोन हमले की वजह से कुरस्क हवाई अड्डे पर मौजूद तेल डिपो में आग लग गई और वहां मौजूद कर्मियों द्वारा आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। यूक्रेन के अधिकारियों ने अबतक औपचारिक रूप से ड्रोन हमले की पुष्टि नहीं की है। हालांकि, वह अतीत में भी रूस को निशाना बनाकर किए गए ऐसे हमलों को लेकर जानबूझकर अस्पष्टता की नीति अपनाता रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति के सलाहकार मिखाइल पोडोलिक ने ट्वीट कर मॉस्को पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अगर कोई चीज दूसरे देश की हवाई सीमा में दागी जाती है तो देर-सबेर अज्ञात हवाई वस्तु वापस वहां जरूर पहुंचती है जहां से दागी गई थी, दुनिया गोल है।



यूक्रेन की सीमा से करीब 500 किलोमीटर दूर रूस में हुए अप्रत्याशित हमले से नौ महीने से जारी जंग के विकराल रूप लेने का खतरा और बढ़ गया है क्योंकि जिन हवाई ठिकानों पर हमला किया गया है उनमें से एक परमाणु हथियारों से हमला करने में सक्षम है। इस हमले ने रूस के सबसे अहम रणनीतिक सैन्य ठिकाने की सुरक्षा खामी को भी उजागर कर दिया है और उसकी वायु रक्षा के प्रभावी होने पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि तीन रूसी सैनिक मारे गए हैं और चार अन्य मलबे से घायल हुए हैं जबकि दो विमानों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। मंत्रालय ने हालांकि, यह नहीं बताया कि किसने ड्रोन से हमले किए हैं, लेकिन रूसी सैन्य ब्लॉगर के मुताबिक बहुत संभव है कि यूक्रेनियन स्काउट ने इन्हें अंजाम दिया है। मंत्रालय ने बताया कि वोल्गा नदी किनारे सारातोव क्षेत्र स्थित ईगल ठिकाने और पश्चिमी रूस के रेयजान क्षेत्र स्थित दियागिलेवो ठिकाने को यूक्रेन निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है।

## उत्तरी अफगानिस्तान में सड़क किनारे बम विस्फोट में छह लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** उत्तरी अफगानिस्तान में मंगलवार सुबह लोगों के काम पर जाने के दौरान, सरकारी कर्मचारियों से भरी एक बस के पास सड़क किनारे बम विस्फोट हुआ। विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई। तालिबान के एक सदस्य ने यह जानकारी दी।

बल्ख प्रांत में पुलिस प्रमुख के तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजीरी ने कहा कि प्रांतीय राजधानी मजार-ए शरीफ में हुए बम विस्फोट में सात लोग घायल हो गए।

बम को सड़क के किनारे एक छकड़ा गाड़ी के अंदर लगाया गया था। विस्फोट उस समय हुआ जब हिराटन गैस और पेट्रोलियम विभाग की कर्मचारियों से भरी बस वहां से गुजर रही थी। विस्फोट के लिए किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली।

## इंडोनेशिया की संसद ने विवाहेतर यौन संबंधों पर रोक लगाने के लिए मतदान किया

एपी। जकार्ता

**इंडोनेशिया** की संसद ने अपनी दंड संहिता में एक बहु-प्रतीक्षित संशोधन मंगलवार को आम-सहमति से पारित कर दिया, जिसके तहत विवाहेतर यौन संबंध दंडनीय अपराध है और यह देश के नागरिकों तथा देश की यात्रा करने वाले विदेशी नागरिकों पर समान रूप से लागू होगा। यह कानून गर्भ निरोधकों के प्रचार पर रोक लगाने वाला तथा राष्ट्रपति और सरकारी संस्थाओं के अपमान को प्रतिबंधित करने वाला भी है। संशोधित संहिता मौजूदा ईशनिंदा कानून का भी विस्तार करती है और इसमें इंडोनेशिया के छह मान्यताप्राप्त धर्मों-इस्लाम, प्रोटेस्टैंट, कैथलिक, हिंदू, बौद्ध और कन्फ्यूशियस वाद के केंद्रीय सिद्धांतों से हटने पर पांच साल की कैद का प्रावधान है। नागरिकों को मार्क्सवादी-लेनिनवादी विचारधारा का पालन करने वाले संगठनों से जुड़ने पर 10 साल की कैद की सजा और साम्यवाद फैलाने में संलिप्त रहने पर चार साल की कैद का सामना करना पड़ सकता है। संहिता के अनुसार, गर्भपात एक अपराध है, हालांकि इसमें उन महिलाओं को अपवाद माना गया है जिन्हें गर्भ बरकरार रखने से उनकी जान को खतरा हो, या जो बलात्कार के बाद गर्भवती हो गई हों।

लेकिन गर्भ 12 सप्ताह से कम का हो, जैसा कि 2004 के मेडिकल प्रैक्टिस कानून में पहले से ही विनियमित है। मानवाधिकार समूहों ने कुछ प्रस्तावित संशोधनों की व्यापक स्तर पर निंदा की और आगाह किया कि उन्हें नई दंड संहिता में शामिल करने से सामान्य गतिविधियों को दंडित किया जा सकता है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व गोपनीयता के अधिकारों को खतरा हो सकता है। हालांकि, कुछ ने इसे देश के एलजीबीटीक्यू (समलैंगिक समुदाय) अल्पसंख्यकों की जीत करार दिया है। सांसद एक गहन विचार-विमर्श के बाद अंततः इस्लामी समूहों द्वारा प्रस्तावित एक अनुच्छेद को निरस्त करने पर सहमत हुए, जिसमें समलैंगिक यौन संबंधों को अवैध घोषित किया गया था। दंड संहिता में अपराध न्याय प्रणाली के तहत मृत्युदंड को बरकरार रखा गया है, जबकि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और अन्य समूहों ने इसे निरस्त करने की मांग की थी जैसा कि अन्य कई देशों ने भी किया है। हालांकि, नई संहिता के तहत मृत्युदंड की एक परीवीक्षा अवधि निर्धारित है। यदि 10 साल की अवधि में दोषी अच्छा व्यवहार रखता है तो मृत्युदंड को आजीवन कारावास या 20 साल की कैद में बदला जा सकता है। इंडोनेशियाई नियमों के तहत संसद द्वारा पारित विधेयक राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बन जाता है। लेकिन राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बिना भी यह स्वतः ही 30 दिन बाद प्रभावी हो जाता है, भले ही राष्ट्रपति इसे निरस्त करने का नियम जारी कर दें।

## पाक चुनाव आयोग ने की इमरान को पार्टी अध्यक्ष पद से हटाने की पहल

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष पद से हटाने की पहल की। आयोग ने यह कदम तोशखाना मामले में उनको संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद उठाया है।

डॉन अखबार ने ईसीपी के एक शीर्ष अधिकारी के हवाले से खबर दी कि पूर्व प्रधानमंत्री को नोटिस जारी किया गया है और मामले की सुनवाई के लिए 13 दिसंबर की तारीख तय की गई है। इमरान खान (खान) पर प्रधानमंत्री रहते हुए महंगी घड़ियों सहित मिले अन्य उपहारों को तोशखाना से रियायती दरों पर खरीदने के बाद मुनाफे पर बेचने का आरोप है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इस संबंध में गलत बयानी और झूठी घोषणा का आरोप लगाते हुए संविधान के अनुच्छेद 63(ट)(पी) के तहत इमरान खान को अयोग्य ठहरा दिया है।

चुनाव आयोग के दस्तावेजों के मुताबिक वर्ष 1974 में स्थापित तोशखाना से 2.15 करोड़ मूल्य के सामान खरीदे गए जबकि उनका वास्तविक मूल्य 10.8 करोड़ रुपए था। गौरतलब है कि पाकिस्तानी कानून के तहत विदेश से सरकारी अधिकारियों और मंत्रियों को मिले उपहार अपने पास रखने से पहले तोशखाना या कोषागार में मूल्यांकन के लिए जमा कराने होते हैं।

## हम पर चीन द्वारा प्रायोजित साइबर हमले किए गए

एपी। टोरंटो

**एमनेस्टी** इंटरनेशनल की कनाडा की शाखा ने सोमवार को कहा कि उस पर चीन द्वारा प्रायोजित साइबर हमले किए गए।

मानवाधिकार संगठन ने कहा कि पहली बार पांच अक्टूबर को इसका पता चला और इसकी जांच के लिए फोरेंसिक जांचकर्ताओं तथा साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों को नियुक्त किया।

एमनेस्टी इंटरनेशनल कनाडा की महासचिव केटी निव्याबंदी ने बताया कि उनकी प्रणालियों पर हुए साइबर हमले विशेष रूप से व पूरी तरह से चीन और हांगकांग के साथ-साथ कुछ प्रमुख चीनी कार्यकर्ताओं से संबंधित थे। इस हैकिंग के कारण संगठन करीब तीन सप्ताह के लिए ऑफलाइन हो गया था।

AMNESTY INTERNATIONAL

● मानवाधिकार संगठन ने कहा कि पहली बार पांच अक्टूबर को इसका पता चला और इसकी जांच के लिए फोरेंसिक जांचकर्ताओं तथा साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों को नियुक्त किया।

अमेरिकी साइबर सुरक्षा कंपनी सिक्योरवर्क्स के अनुसार, इसके लिए पैसे वसूलने की कोशिश नहीं की गई। इस हमले के पीछे संभवतः एक ऐसा समूह था जो चीन द्वारा प्रायोजित था या उसके कहने पर काम कर रहा था क्योंकि जिस तरह से इस हमले को अंजाम दिया गया और विशिष्ट उपकरणों का इस्तेमाल किया गया, उसके लिए चीन द्वारा प्रायोजित समूह ही पहचाने जाते हैं।

निव्याबंदी ने कार्यकर्ताओं और पत्रकारों से इस हमले के मद्देनजर अपनी साइबर सुरक्षा अद्यतन करने की अपील की।

निव्याबंदी ने कहा, विश्व स्तर पर मानवाधिकारों की वकालत करने वाले एक संगठन के रूप में, हम इस बात से वाकिफ हैं कि हमारे काम को बाधित करने या उन पर नजर रखने के लिए हमें किसी राष्ट्र द्वारा प्रायोजित हमले का निशाना बनाया जा सकता है। हम इससे डरेंगे नहीं और हमारे कार्यकर्ताओं, कर्मचारियों, दानदाताओं तथा हितधारकों की सुरक्षा व निजता हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।

ओटावा में चीन के दूतावास से इस संबंध में सम्पर्क किया गया, लेकिन वहां से अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

## उत्तर कोरिया ने लगातार दूसरे दिन समुद्र में तोपों से फिर गोले दागने का दिया आदेश

एपी। सियोल

**उत्तर** कोरिया की सेना ने कहा कि उसने सीमावर्ती इकाइयों को अंतर्देशीय सीमा क्षेत्र में दक्षिण कोरियाई गोलीबारी के अभ्यास के जवाब में लगातार दूसरे दिन समुद्र में तोपों से फिर गोले दागने का आदेश दिया है। उत्तर कोरिया के उसकी पश्चिमी व पूर्वी समुद्री सीमा में तोपों से करीब 130 गोले दागने के एक दिन बाद उत्तर कोरियाई पीपुल्स आर्मी जनरल स्टाफ ने यह बयान दिया है।

उत्तर कोरिया के इस कदम से दोनों पड़ोसियों के सबंध और तनावपूर्ण होने की आशंका है। उत्तर कोरिया के एक अज्ञात सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर कोरिया को सीमा क्षेत्र में दक्षिण कोरियाई तोपों के अभ्यास के संकेत मिले हैं और इसलिए तोपों से मंगलवार को गोलाबारी की योजना दक्षिण कोरिया के लिए एक चेतावनी है।

तटीय शहर चीयोवान के नजदीक दक्षिण कोरिया सोमवार से बुधवार तक सैन्य अभ्यास कर रहा है, जिसके जवाब में उत्तर कोरिया की ओर से यह कार्वाई की गई। उत्तर कोरिया की सेना ने सोमवार को कहा कि उसने अपनी पश्चिमी व पूर्वी तटीय इकाइयों को चेतावनी के तौर पर तोपों से गोले दागने का निर्देश दिया है, क्योंकि चीयोवान क्षेत्र से दक्षिण-पूर्व में दक्षिण कोरिया के दर्जनों प्रक्षेप्य (प्रोजेक्टाइल) दिखने की बात सामने आई है।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of HDFC Bank Ltd. that Mrs. Pooja Uppal widow of late Mr. Rakesh Uppal is owner of Entire Second floor (said floor) built on Property No. 10, admeasuring 272.2 sq. yds., in Block K-2, Situated at Model Town, Delhi, "Said Property". (½ share by virtue of Registered Relinquishment deed dated 20.09.2020, registration No. 8732, executed by Mr. Abhishek Uppal for himself and on behalf of Ms. Palak Uppal & Mrs. Kuldeep Uppal, and remaining ½ share by virtue of sale deed dated 25.09.2009, registration No. 8830, executed by Mr. Pawan Kumar Chhajer,) has lost / misplaced SMC certificate stating legal heirs of Late Mr. Rarkesh Uppal, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, GAURAV MAKHIJA S/O LATE SHRI DHARAM PAL MAKHIJA R/O B-3/G-2,BLOCK-B,DILSHAD GARDEN,DELHI-110095 has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA.The original documents i.e.Demand letter of the above flat have been lost. An NCR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch in vide S.O.No.430/2014 LR No.10540 59/2022 dated 06.12.2022. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No.9811855774 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director(H)-1, D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

PUBLIC NOTICE

Flat No- CTB-261/PB-B-2076/ PB-B-2077/ PB-B-2078, DLF The Crest, DLF Phase 5, Sector 54, Gurugram, Haryana 122002, was purchased by and stand in the name of Late Smt. Surjit Kaur w/o Shri Hari Singh who has expired on 3rd August 2022 leaving behind the following successors.

| Name | Age | Relationship with Deceased |
|---|---|---|
| Sardar Hari Singh | 89 years | Husband |
| Ripdaman Kaur Chandok | 62 years | Daughter |
| Amardeep Kaur Singh | 58 years | Daughter |
| Devinder Jot Singh | 56 years | Son |
| Bobby Singh | 53 years | Son |

Who are all Relinquishing the Flat / apartment in the name of Ripdaman Kaur Chandok, W/o Sardar Lakhinder Singh Chandok.

Sardar Hari Singh
R/o 8236 firenze Blvd Orlando, FL 32836, U.S.A

## संयुक्त राष्ट्र में चार राजनयिकों, अमेरीकी सांसद को 2022 दीवाली- पावर ऑफ वन अवार्ड

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**शांतिपूर्ण** और सुरक्षित विश्व के लक्ष्य को लेकर काम करने और इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए चार अनुभवी राजनयिकों और अमेरिका के एक सांसद को इस साल का वार्षिक दीवाली- पावर ऑफ वन अवार्ड दिया गया।

कूटनीति का ऑस्कर कहा जाने वाला यह पुरस्कार सामान्य तौर पर पूर्व स्थाई प्रतिनिधियों या संयुक्त राष्ट्र सचिवालय के पूर्व उच्चाधिकारियों या सदस्य देशों या निवर्तमान अधिकारियोंराजनयिकों आदि को दिया जाता है। यह ऐसे राजनयिकों को दिया जाता है जिन्होंने सभी के लिए दुनिया को और बेहतर, शांतिपूर्ण तथा सुरक्षित बनाने की दिशा में निस्वार्थ रूप से प्रयास किया है।

संयुक्त राष्ट्र में सोमवार को संयुक्त राष्ट्र में जॉर्जिया के पूर्व स्थाई प्रतिनिधि व कनाडा के वर्तमान राजदूत काहा इमनाजे, संयुक्त राष्ट्र में ग्रेनाडा की पूर्व स्थाई प्रतिनिधि केशा मैगुइरे को यह अवार्ड दिया गया।

यह पुरस्कार संयुक्त राष्ट्र में बुल्गारिया के पूर्व स्थाई प्रतिनिधि और पूर्व अंतरिम रक्षा मंत्री और अमेरिका में वर्तमान राजदूत जॉर्जी वेलीकोव पनायोतोव, संयुक्त राष्ट्र में बेनिन के पूर्व स्थाई प्रतिनिधि और अमेरिका में वर्तमान राजदूत जीन-क्लाउल दो रेगो और अमेरिका में प्रतिनिधि सभा में विदेश मामलों की समिति के पूर्व अध्यक्ष एलियट लांस इंगल को भी दिया गया।

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित समारोह में इंगल को दीवाली स्टांप पावर ऑफ वन अवार्ड के अलावा 2022 का लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड भी दिया गया।

## मेक्सिको के अकापुल्को रिजॉर्ट के बार में गोलीबारी, पांच लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के प्रशांत तटीय रिजॉर्ट अकापुल्को के एक बार में सोमवार को हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई। अभियोजकों ने कहा कि हमले के एक संभावित संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। तीन लोगों की बार के अंदर और दो लोगों की बाहर अथवा अस्पताल में मौत हो गई।

अभियोजकों ने सोमवार को पुष्टि की कि एक अन्य हमले में अकापुल्को में एक अन्य क्षेत्र में तीन अन्य लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

अकापुल्को की छवि वर्षों से वहां होने वाले हिंसक अपराधों के कारण खराब हुई है। अकापुल्को अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के बीच अब पहले जैसा लोकप्रिय नहीं रहा है। लेकिन सप्ताहांत में कारोबार पर उस समय इसका असर पड़ने लगा जब रिसॉर्ट को राजधानी से जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग के किनारे कारों पर लूट के प्रयास की खबरें आईं।

दक्षिणी गुएरेरो राज्य के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने उन खबरों के बाद पुलिस गश्त बढ़ा दी है। एक वाहन चालक ने कहा कि बदमाशों ने कारों को रुकने के लिए मजबूर करने की कोशिश करने के लिए राजमार्ग पर उपर से पत्थर फेंके या टायर गिराए।

## जर्मनी में चाकू से किए हमले में एक छात्रा की मौत, एक अन्य घायल

एपी। बर्लिन

**जर्मनी** में एक व्यक्ति ने 14 वर्षीय एक छात्रा पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी और 13 वर्षीय एक अन्य छात्रा इस हमले में घायल हो गई। घटना के समय दोनों छात्राएं स्कूल जा रही थीं। पुलिस ने यह जानकारी दी। दक्षिण-पश्चिमी शहर उल्म की पुलिस ने बताया कि इलेरकिर्चबर्ग में सुबह करीब साढ़े सात बजे हमला किया गया और इसके बाद दोनों लड़कियों को अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस ने एक बयान में कहा, चिकित्सकों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि 13 वर्षीय लड़की भी गंभीर रूप से घायल हुई है, लेकिन उसकी जान को खतरा नहीं है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों लड़कियों जर्मनी की नागरिक हैं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के पास एक शरणार्थी आश्रय से 27 वर्षीय एक व्यक्ति को मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह व्यक्ति इरीट्रिया का नागरिक है और उसके पास से चाकू भी बरामद हुआ है। यह व्यक्ति भी घायल है। मामले में दो अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। जांचकर्ता हमले के पीछे का मकसद और यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि लड़कियां व हमलावर परिचित थे या नहीं। जर्मनी की गृह मंत्री नैन्सी फेज़र ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, एक लड़की की मौत की खबर से दुखी हूं और घायल लड़की के जल्द स्वस्थ होने की कामना करती हूं। परिवारों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं।

PUBLIC NOTICE

To be Known to all that I S. Kedarnath S/o N.V.Subramanian R/o A-214, Mangal CGHS LTD Plot No. 16 Vasundhara Enclave, Delhi-110096, Allottee of flat No. A-214, Mangal CGHS LTD Plot No. 16, Vasundhara Enclave, Delhi-110096, have applied for conversion of the aforesaid flat from leasehold to freehold vide application LD17073GH/CON/10022022 in DDA Original documents i. e. Share Certificate of the above flat issued by Mangal CGHS LTD has been lost. An FIR to this effect has been lodged in the Police Station Crime Branch, New Delhi, vide FIR/NCR No. LR979253/2021 dated 26/11/2021.

Any person (S) Claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9674374345 within seven days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to the Dy. Director, (GH) or Director(RL), Vikas Sadan, INA, New Delhi.

सार्वजनिक सूचना

एलएलपी (एलएलपी का समावेश) नियम, 2009 के नियम 17 के साथ पठित सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 की धारा 13 और सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 के अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के मामले में

तथा

रेमॉन्क इंजीनियर्स एलएलपी (एएवी-2275) जिसका पंजीकृत कार्यालय । 17, विजय चौक लक्ष्मी नगर, देसु कार्यालय के पास दिल्ली नई दिल्ली 110092 भारत के मामले में

इसके द्वारा आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि एलएलपी, कंपनी रजिस्ट्रार, उत्तर प्रदेश को सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 की धारा 13 (3) के तहत एक आवेदन करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें राज्य से अपने पंजीकृत कार्यालय को बदलने की अनुमति मांगी गई है। "दिल्ली" (I 17, विजय चौक लक्ष्मी नगर, डेसू कार्यालय के पास दिल्ली नई दिल्ली दिल्ली 110092) राज्य "उत्तरप्रदेश" (केसी -7, कवि नगर, गाजियाबाद, यूपी, भारत 201001)

कोई भी व्यक्ति जिसका हित एलएलपी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह अपने हितों की प्रकृति बताते हुए एक हलफनामे द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियों को पंजीकृत डाक से भेज सकता है या वितरित कर सकता है या भेज सकता है। इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिनों के भीतर कंपनियों के रजिस्ट्रार, कानपुर उत्तर प्रदेश को एक हलफनामे द्वारा समर्थित विरोध के आधार पर

एलएलपी हेतु और उसकी ओर से
कृते रेमोंक इंजीनियर्स एलएलपी

हस्ता/- संजय गर्ग (पद पार्टनर)
हस्ता/- उषा रानी (पद पार्टनर)

दिनांकः 03-12-2022
स्थानः गाजियाबाद

## सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट, 208 अंक और टूटा

भाषा। मुंबई

**वैश्विक** स्तर पर कमजोर रुख और कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 208.24 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62,626.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 444.53 अंक तक लुढ़क गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 58.30 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,642.75 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील, डॉ. रेड्डीज, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और मारुति प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड और नेस्ले शामिल हैं।



जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, प्रतिकूल वैश्विक रुख के बीच धातु और आईटी शेयरों में बिकवाली के साथ मंदड़ियों ने बाजार को नीचे रखा। अमेरिका में बेहतर आर्थिक आंकड़ों के साथ फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को कड़ा किए जाने की आशंका से धारणा प्रभावित हुई है। हालांकि, चीन में कोविड से जुड़ी पाबंदियों में ढील से मांग परिदृश्य में सुधार की उम्मीद है। रूस पर ताजा पाबंदी से वैश्विक तेल बाजारों में उतार-चढ़ाव बढ़ा है। घरेलू स्तर पर निवेशकों को बुधवार को होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा की प्रतीक्षा है।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा, बाजार में कारोबार सुस्त रहा और वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ यह करीब आधा प्रतिशत नीचे आया। शुरुआत गिरावट के साथ हुई और निफ्टी कारोबार के अंत तक सीमित दायरे रहा और अंत में 18,642.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप क्रमशः 0.53 प्रतिशत और 0.32 प्रतिशत के नुकसान में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट सोमवार को नुकसान में रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को।,139.07 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ नडेला से मिले भारत के राजदूत संधू

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को सिएटल में माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला से मुलाकात की। इस बैठक के दौरान सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज कंपनी के भारत में शिक्षा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उद्यमिता के क्षेत्रों में कामकाज पर विचार-विमर्श किया गया। अक्टूबर में नडेला (55) को सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. टी वी नागेंद्र प्रसाद ने प्रतिष्ठित पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किया था।

## विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत का वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 6.9% किया

भाषा। नई दिल्ली

**विश्व** बैंक ने चालू वित्त वर्ष (2022-23) के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने कहा है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल घटनाक्रमों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है।

इससे पहले अक्टूबर में विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के वृद्धि दर अनुमान को 7.5 प्रतिशत से एक प्रतिशत घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया था। अब उसने वृद्धि दर के अनुमान को फिर बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी भारत से संबंधित अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और दूसरी तिमाही के जीडीपी के आंकड़े उम्मीद से बेहतर रहे हैं। इस वजह से पूरे वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया जा रहा है।



पिछले वित्त वर्ष (2021-22) में भारत की वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत रही थी। चालू वित्त वर्ष की दूसरी जुलाई-सितंबर की तिमाही में अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। वहीं जून तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रही थी। वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती के बीच यह किसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसी का भारत की वृद्धि दर के बारे में पहला अनुमान है। विश्व बैंक की तूफान में आगे बढ़ना शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक हालात खराब होने का असर भारत की वृद्धि संभावनाओं पर पड़ेगा। हालांकि, अन्य उभरते बाजारों की तुलना में भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक झटकों से निपटने के लिए बेहतर स्थिति में है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर मौद्रिक नीति चक्र में सख्ती, सुस्त पड़ती वैश्विक अर्थव्यवस्था और जिंस कीमतों के ऊंचे दामों की वजह से 2022-23 में भारत की वृद्धि दर 2021-22 के 8.7 प्रतिशत की तुलना में कम रहेगी। हालांकि, इसके साथ ही विश्व बैंक का मानना है कि इन चुनौतियों के बावजूद भारत मजबूत वृद्धि दर्ज करेगा और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था रहेगा।

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमित सोनी/नीमा जलाल सोनी- LBJAI00003368110 | फ्लैट नंबर एस 101, फ्लोर नंबर-1, खसरा नंबर 9, पिंक प्राइड- द सूट्स, विलेज जयसिंहपुरा बास भांकरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान- 303902/ 05 दिसंबर, 2022 | सितंबर 27, 2022 रु. 48,66,677.00/- | जयपुर/ नोएडा |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसंबर 07, 2022
स्थान : नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# पटनायक को तटस्थता खत्म कर जनता परिवार में शामिल होना चाहिए: त्यागी

**भाषा।** भुवनेश्वर



**जनता दल (यूनाइटेड)** के वरिष्ठ नेता के सी त्यागी ने कहा कि समय आ गया है कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक अपनी तटस्थता खत्म करें और देश का नेतृत्व करने के लिए बृहद जनता परिवार में शामिल हों। दिग्गज नेता बीजू पटनायक के लिए भारत रत्न की मांग करते हुए त्यागी ने कहा कि बीजू जनता दल (बीजद) को 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का विकल्प बनाने के लिए समान विचारधारा वाले दलों को एक साथ लाने में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों में हाथ बंटाना चाहिए। उन्होंने कहा, समय आ गया है कि नवीन बाबू अपनी तटस्थता समाप्त कर जनता परिवार में शामिल होकर देश का नेतृत्व करें।

उन्होंने कहा कि पटनायक को सामाजिक न्याय के समर्थन के लिए जाना जाता है और नीतीश कुमार के मिशन फॉर 2024 में शामिल होने के लिए उनका स्वागत है। त्यागी ने कहा, नवीन-बाबू को स्थिति को समझना चाहिए और अपने पिता बीजू बाबू के पुराने दोस्तों के साथ मिलकर एक नया भारत बनाने के लिए समाजवादी ताकतों से हाथ मिलाना चाहिए। उन्होंने कहा, बीजद को लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का विकल्प प्रदान करने के लिए समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के बीच एकता बनाने के नीतीश कुमार के प्रयास में भी हाथ बंटाना चाहिए।

त्यागी ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के नेताओं के साथ यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बयान दिया। उन्होंने कहा, हम विपक्ष में अपने दोस्तों - ममता (बनर्जी) दीदी, केसीआर (के चंद्रशेखर राव) से कहना चाहते हैं - जो गैर-कांग्रेसी और गैर-भाजपा विकल्प की बात कर रहे हैं, उन्हें समझना चाहिए कि हमें भाजपा को हराने के लिए एक साथ आना होगा। कांग्रेस के बिना ऐसा संभव नहीं है।

# फर्जी सोशल मीडिया विमर्श चुनाव निकायों के लिए साझा चुनौती: आयुक्त

**नई दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि फर्जी सोशल मीडिया विमर्श से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रभावित हो सकता है तथा यह ज्यादातर चुनाव प्रबंधन निकायों के लिए साझा चुनौती है। जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक की अध्यक्षता वाले प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान कुमार ने यह भी कहा कि लोकतंत्र की अवधारणा भारत के ऐतिहासिक प्रसंगों और परंपराओं में बहुत गहराई तक निहित है।

जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने आज निर्वाचन सदन पहुंचकर आयोग से मुलाकात की। भारत के चुनाव की व्यापकता का उल्लेख करते हुए कुमार ने जर्मन प्रतिनिधिमंडल को सूचित किया कि निर्वाचन आयोग कैसे पूरे देश में 95 करोड़ से अधिक मतदाताओं और 11 लाख से अधिक मतदान केंद्रों को लेकर पूरी चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी बयान के अनुसार, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि एक करोड़ से अधिक चुनाव कर्मियों को इस प्रक्रिया में शामिल किया जाता है और राजनीतिक दलों की हर स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित की जाती है।

उनका कहना था कि फर्जी सोशल मीडिया विमर्श से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रभावित हो सकता है तथा यह ज्यादातर चुनाव प्रबंधन निकायों के लिए साझा चुनौती है। जर्मन प्रतिनिधिमंडल को निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी के उपयोग के संदर्भ में भी जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, जर्मन विदेश मंत्री ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में निर्वाचन आयोग द्वारा किए जाने वाले चुनावी प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने आयोग की ओर से ईवीएम के काम करने को लेकर दी गई प्रस्तुति के दौरान इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के माध्यम से वोट भी डाला।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार और केन्द्रीय मंत्री रामदास अठवले संसद भवन में अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि देते हुए।

# नवाब मलिक का आक्षेपित संपत्ति पर अब भी कब्जा: अदालत ने पूर्व मंत्री की जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा

**मुंबई।** एक भूमि सौदे से जुड़े कथित धनशोधन के एक मामले में पिछले हफ्ते महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को जमानत देने से इनकार करते हुए एक विशेष अदालत ने कहा कि उनका अपने परिवार के स्वामित्व वाली एक फर्म के माध्यम से दागी संपत्ति पर कब्जा बना हुआ है। इस भूमि सौदे में भगोड़ा गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम व उसके सहयोगी शामिल थे। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश आर.एन. रोकाडे ने कहा कि प्रथम दृष्टया, यह इंगित करने के लिए सबूत थे कि हसीना पारकर (इब्राहिम की बहन), सलीम पटेल (इब्राहिम का कथित सहयोगी) और मलिक के बीच मुनिरा प्लंबर और उनकी मां मरियम गोवावाला के स्वामित्व वाली भूमि को हथियाने के लिए एक साजिश हुई। न्यायाधीश ने 30 नवंबर को मलिक की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। फैसले से संबंधित विस्तृत आदेश मंगलवार को उपलब्ध हुआ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता नवाब मलिक को इस साल फरवरी में गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में हैं और फिलहाल यहां एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। अदालत ने अपने आदेश में कहा, पीएमएलए की धारा 50 के तहत दर्ज किए गए बयानों के संबंध में, मैं यह मानता हूं कि आवेदक का सॉलिडस इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से दागी संपत्ति पर निरंतर कब्जा है। सॉलिडस इन्वेस्टमेंट्स कंपनी का स्वामित्व मलिक के परिवार के सदस्यों के पास है।

# सीबीआई ने टीआरएस नेता के. कविता को पूछताछ के लिए 11 दिसंबर को तलब किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में पूछताछ के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने टीआरएस की विधान पार्षद के. कविता को 11 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। सीबीआई ने कविता को नोटिस जारी कर उन्हें हैदराबाद स्थित कार्यालय में तलब किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऐसा प्रतीत होता है कि एजेंसी ने 11 से 15 दिसंबर के बीच किसी भी तारीख पर पूछताछ के कविता के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। के. कविता तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव की बेटी हैं। केन्द्रीय एजेंसी द्वारा दो दिसंबर को जारी पहले नोटिस के जवाब में कविता ने कहा था कि उन्होंने प्राथमिकी की प्रति को पढ़ा है और वेबसाइट पर उपलब्ध शिकायत को भी देखा है लेकिन उनका नाम कहीं भी किसी भी रूप में नजर नहीं आया।

# प्रधानमंत्री के दौरे से जुड़े ट्वीट को लेकर गुजरात पुलिस ने टीएमसी के प्रवक्ता को हिरासत में लिया

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रवक्ता साकेत गोखले को एक ट्वीट को लेकर हिरासत में लिया है, जिसमें उन्होंने पुल हादसे के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मोरबी दौरे से जुड़ी कथित फर्जी खबर का समर्थन किया था। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध) जितेंद्र यादव ने मंगलवार को बताया कि अहमदाबाद साइबर अपराध प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने गोखले को राजस्थान की राजधानी जयपुर से आज सुबह हिरासत में ले लिया। यादव ने कहा, एक व्यक्ति से मिली शिकायत के आधार पर गोखले के खिलाफ प्रधानमंत्री के मोरबी दौरे को लेकर फर्जी खबर फैलाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। हमने उन्हें आज सुबह जयपुर में हिरासत में लिया और आगे की कानूनी कार्वाई के लिए उन्हें यहां लाया गया है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 संबंधी जांच किए जाने के बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिफ्तार किया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 465, 469, 471 (सभी फर्जीवाड़े से संबंधित) और 501 (मान हानिकारक मानी जाने वाली चीजों के प्रकाशन) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सूत्रों ने बताया कि ममता बनर्जी नीत टीएमसी के प्रवक्ता गोखले (35) की हाल ही में दिल की सर्जरी हुई थी और वह निजी यात्रा पर जयपुर गए थे। गोखले ने हाल में एक खबर ट्विटर पर साझा की थी जो एक प्रमुख गुजराती समाचार पत्र में प्रकाशित हुई प्रतीत होती है। इसमें दावा किया गया था कि सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में पता चला है कि अक्टूबर में एक पुल गिरने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के मोरबी दौरे पर गुजरात सरकार ने 30 करोड़ रुपए खर्च किए थे। मोरबी पुल हादसे में 135 लोगों की जान चली गई थी।

गोखले ने यह खबर साझा करते हुए लिखा था, आरटीआई में पता चला है कि मोदी के मोरबी दौरे पर कुछ ही घंटे में 30 करोड़ रुपए खर्च किए गए... मोदी के कार्यक्रम प्रबंधन और पीआर की कीमत 135 मासूम लोगों की जान से अधिक है। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध) यादव ने कहा, हमने जब गुजरात समाचार से संपर्क किया तो उसके प्रबंधन ने बताया कि यह खबर कभी प्रकाशित ही नहीं की गई और यह पूरी तरह से फर्जी है जिसे किसी ने वास्तविक दिखाने के लिए ऐसा बनाया है। इसलिए हमने गोखले को फर्जी खबर फैलाने के आरोप में हिरासत में लिया है।

## क्विक न्यूज

### विधायकों के त्यागपत्र मामले में जनहित याचिका पर विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस

**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने मंगलवार को प्रतिपक्ष के उपनेता राजेन्द्र राठौड़ की ओर से विधायकों के त्यागपत्र मामले में दायर याचिका पर विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया। राठौड़ ने सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के 90 विधायकों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को दिए गए त्यागपत्र पर उच्च न्यायालय में उन्हें निर्देशित करने के लिए पिछले सप्ताह एक जनहित याचिका दायर की थी। अदालत में आज बहस करते हुए राठौड ने कहा कि यह मामला सुशासन का है और चूंकि विधानसभा अध्यक्ष पिछले 90 दिनों से इस मुद्दे पर डटे हुए है और अभी तक कोई फैसला नही आया है, इसलिए अदालत का इस मामले में दखल देना जरूरी है। न्यायमूर्ति एम एम श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति विनोद कुमार बहरवानी की खंडपीठ ने विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया। गौरतलब है कि 25 सितंबर को विधानसभा के 90 से अधिक कांग्रेस विधायकों ने मुख्यमंत्री के रूप में गहलोत के उत्तराधिकारी का नाम तय करने के लिए बुलाई गई विधायक दल की बैठक का विरोध करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी को अपना इस्तीफा सौंपा था। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के नामांकन में अशोक गहलोत सबसे आगे थे। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में भाजपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी 18 अक्टूबर को मामले में विधानसभा अध्यक्ष से मिला था और मंत्रियों सहित कांग्रेस विधायकों के इस्तीफे स्वीकार करने का अनुरोध किया था।

### बीजद ने महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की मांग की

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल (बीजद) ने संसद के शीतकालीन सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की सरकार से मांग की। बीजद के राज्यसभा सदस्य डॉ. सस्मित पात्रा ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी बीजद ने सर्वदलीय बैठक में इस सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के विषय पर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक बार बार अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर चुके है। पात्रा ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण देश के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है, ऐसे में संसद सत्र के दौरान इस विधेयक को पारित कराया जाना चाहिए। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने के प्रावधान वाला उक्त विधेयक 15वी लोकसभा मे पारित नही हो सका था और 15वी लोकसभा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद इस संविधान संशोधन विधेयक की मियाद समाप्त हो गई। सस्मित पात्रा ने कहा कि सत्र के दौरान हम कॉलेजियम के मुद्दे से जुड़ा विषय भी उठाएंगे जिसका प्रभाव देखा जा रहा है। हम केंद्र राज्य संबंध से जुड़ा विषय भी उठाना चाहते हैं।

### बलात्कार के मामले में नेताम को अदालत से मिली राहत

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिया कि जमदेशपुर मे बलात्कार के एक मामले मे जांच के दायरे में आए छत्तीसगढ़ विधानसभा उपचुनाव मे भाजपा के उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई न की जाए। नेताम छत्तीसगढ़ मे कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव मे भाजपा के उम्मीदवार है। इस सीट पर उपचुनाव के लिए सोमवार को मतदान हुआ था। न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को निर्देश दिया कि नेताम के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नही उठाया जाए। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में 15 वर्षीय लड़की से कथित दुष्कर्म के मामले में नेताम के खिलाफ जांच की जा रही है। प्राथमिकी में नेताम का नाम नही है, लेकिन जांच के दौरान उनकी कथित मिलीभगत सामने आई। इस मामले मे मानव तस्करी का आरोप भी शामिल है। नेताम के वकील ने अदालत के सामने दलील दी कि उनके मुवक्किल को राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते फंसाया जा रहा है।

### साकेत गोखले ने कोई गलती नहीं की: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक ट्वीट को लेकर गुजरात पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए पार्टी प्रवक्ता साकेत गोखले का मंगलवार को समर्थन किया और भाजपा सरकार के प्रतिशोधी रवैए की निंदा की। राजस्थान के दौरे पर गईं ममता ने दावा किया कि गोखले ने कोई गलती नही की है। साकेत (गोखले) एक प्रतिभावान व्यक्ति है। वह सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय है। उन्होने कोई गलती नही की है। उन्होंने पुष्कर रवाना होने से पहले कहा, मै इस प्रतिशोधी रवैए की निंदा करती हूं। उन्हे (साकेत को) इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि उन्होने प्रधानमंत्री के खिलाफ ट्वीट किया। लोग मेरे खिलाफ भी ट्वीट करते है...हमें इस स्थिति पर वाकई अफसोस हो रहा है। गुजरात पुलिस ने टीएमसी के प्रवक्ता साकेत गोखले को एक ट्वीट को लेकर हिरासत मे लिया है, उन्होने पुल हादसे के बाद प्रधानमंत्री के मोरबी दौरे से जुड़ी कथित फर्जी खबर का समर्थन किया था। मोरबी मे पुल ढहने से 135 लोगो की मौत हो गई थी। गोखले ने हाल मे एक खबर ट्विटर पर साझा की थी जो एक प्रमुख गुजराती समाचार पत्र मे प्रकाशित हुई प्रतीत होती है। बनर्जी ने दिन मे अजमेर और पुष्कर का दौरा किया।

# उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन ले जाने पर लगेगी रोक

**उज्जैन।** मप्र के उज्जैन शहर में प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के दर्शनार्थियों को 20 दिसंबर से सुरक्षा कारणों से परिसर के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी, जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं डीएम आशीष सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय किया गया। सिंह ने बताया कि सुरक्षा कारणों से 20 दिसंबर से मंदिर के अंदर मोबाइल फोन लेकर जाना प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि होटल और ठहरने के अन्य स्थानों पर यह सूचना लगाने का निर्देश दिया गया है ताकि श्रद्धालु बिना मोबाइल फोन के मंदिर पहुंचे। महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसके अलावा कई अन्य फैसले भी मंदिर प्रबंधन की ओर से लिए गए। सिंह ने कहा कि पर्यटकों के लिए शहर में लग्जरी वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा।



चिकमंगलूर में दत्ता जयंती और अनसुइया जयंती की धार्मिक संकीर्तन यात्रा निकालती हुई व्रती महिलाएं।

# आप उदाहरण होंगी आने वाले पीढ़ियों के लिए: गिरिराज सिंह

## लालू की बेटी की तारीफ

**भाषा।** पटना

**राष्ट्रीय जनता दल** के प्रमुख लालू प्रसाद के धुर विरोधी रहे केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पिता को किडनी देने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी रोहिणी आचार्य की दिल खोल कर तारीफ की है। बेगूसराय लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद सिंह ने ट्विटर पर अपने विचार साझा किए और पिता लालू प्रसाद को किडनी देने के बाद सिंगापुर के एक अस्पताल के बिस्तर पर लेटी रोहिणी की तस्वीर भी साझा की है।

गिरिराज सिंह ने लिखा है, बेटी हो तो रोहिणी आचार्य जैसी। लालू प्रसाद की बेटी की तारीफ करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने लिखा है, गर्व है आप पर। आप उदाहरण होंगी आने वाले पीढ़ियों के लिए। गौरतलब है कि चारा घोटाला मामले में सजा काट रहे लालू प्रसाद को अदालत ने स्वास्थ्य कारणों से विदेश यात्रा के लिए जमानत दी है।

वहीं राजद सुप्रीमो की सबसे बड़ी बेटी मीसा भारती ने लालू के किडनी प्रतिरोपण सर्जरी के बाद पिता के साथ कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने आज कुछ सेंकेंड का एक वीडियो क्लिप भी पोस्ट किया है जिसमें लालू ने सभी को धन्यवाद दिया है। इस वीडियो के साथ मीसा ने ट्वीट किया है, आप सब की दुआओं ने ही पापा का मनोबल बढ़ाया, उन्हें बेहतर महसूस करवायाउ आज पापा ने आप सभी को बहुत बहुत धन्यवाद कहा है। वहीं कुछ सेकेंड के इस क्लिप में लालू कह रहे हैं, आप लोगों ने सब दुआ किया। अच्छा फील कर रहे हैं हम।

# विवादास्पद लेखक को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दलों का गठन

**भाषा।** भोपाल

**मध्यप्रदेश** के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्र ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश पुलिस ने उस विवादास्पद पुस्तक के लेखक को गिरफ्तार करने के लिए टीमों का गठन किया है जिसके खिलाफ पिछले सप्ताह इंदौर में मामला दर्ज किया गया था। इस बीच प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की है। सात सदस्ईय जांच समिति को तीन दिन में जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा गया था। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की एक शिकायत और विरोध के बाद इंदौर पुलिस ने शनिवार को सामूहिक हिंसा और आपराधिक न्याय प्रणाली पुस्तक के लेखक, प्रकाशक, कॉलेज के प्रिंसिपल और एक प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। यह पुस्तक सरकार द्वारा संचालित एक विधि कॉलेज में पढ़ाई जा रही थी और पुस्तकालय में उपलब्ध थी। पुलिस ने बताया कि विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

मिश्रा ने भोपाल में संवाददाताओं से कहा, लेखक डॉ फरहत खान और विवादास्पद पुस्तक के प्रकाशक को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दलों का गठन किया गया है... डॉ फरहत खान की डॉक्टरेट की डिग्री वापस लेने के लिए संबंधित विभाग को भी पत्र लिखेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने आरोप लगाया कि किताब में हिंदू समुदाय और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक सामग्री है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार खान और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# गोवा: मोपा हवाईअड्डे के नामकरण पर केंद्र सरकार का समर्थन करेगी एमजीपी

**पणजी।** महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) ने मंगलवार को कहा कि वह उत्तरी गोवा के मोपा में नए हवाईअड्डे के नामकरण पर केंद्र सरकार के फैसले का समर्थन करेगी। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 दिसंबर को मोपा में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। 2,870 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा यह हवाईअड्डा, डाबोलिम में मौजूदा हवाईअड्डे के अलावा राज्य में दूसरा (हवाईअड्डा) होगा। तटीय राज्य में राजनेता इस बात को लेकर आपस में भिड़े हुए हैं कि इस हवाईअड्डे का नाम किसके नाम पर रखा जाए। एमजीपी सचिव अनंत नाइक ने बताया कि पार्टी की केंद्रीय समिति ने एक प्रस्ताव पारित किया है कि मोपा हवाईअड्डे का नाम राज्य के पहले मुख्यमंत्री और संस्थापक अध्यक्ष दयानंद बंदोदकर के नाम पर रखा जाए।

# महाराष्ट्र में है पूरी तरह असंवैधानिक सरकार : उद्धव गुट

**नई दिल्ली।** उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना के धड़े ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि महाराष्ट्र में पूरी तरह असंवैधानिक सरकार काम कर रही है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिंह की पीठ ने कहा कि वह महाराष्ट्र के राजनीतिक प्रकरण से संबंधित याचिकाओं पर 13 जनवरी को सुनवाई करेगी क्योंकि पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के लिए अगले सप्ताह बैठना संभव नहीं होगा। इसने कहा, अगले सप्ताह इस मुद्दे को लेना संभव नहीं होगा क्योंकि यह विविध विषयों वाला सप्ताह होगा। पांच न्यायाधीशों के लिए अगले सप्ताह संविधान पीठ में बैठना संभव नहीं होगा। हम मामले पर 13 जनवरी, 2023 को विचार करेंगे।

शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी उद्धव गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत के यह कहने के बाद की कि इस मामले में कुछ तात्कालिकता है क्योंकि राज्य में पूरी तरह से असंवैधानिक सरकार चल रही है।

पीठ ने कहा कि वह 13 जनवरी को मामले की सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने एक नवंबर को कहा था कि वह ठाकरे और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुटों द्वारा महाराष्ट्र राजनीतिक प्रकरण पर दायर याचिकाओं पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगी, जब उसके द्वारा कुछ निर्देश जारी किए जाने की संभावना है। प्रधान न्यायाधीश के नेतृत्व वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने दोनों पक्षों को अपने लिखित अभिवेदन दाखिल करने और संविधान पीठ द्वारा तय किए जाने वाले मुद्दों पर एक संयुक्त संकलन दाखिल करने को कहा था। गत 23 अगस्त को, तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी रमण की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कानून संबंधी कई प्रश्न तैयार किए थे और याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की पीठ को भेज दिया था।

# राज्यों के चुनावों का एक-दूसरे से कोई संबंध नहीं सिद्धरमैया ने गुजरात चुनाव के एग्जिट पोल पर कहा

**भाषा।** बेंगलुरु

**गुजरात विधानसभा** चुनाव के परिणाम को अगले साल अप्रैल-मई में कर्नाटक में होने वाले चुनाव के नतीजों का संकेतक बताने वाले दावों को खारिज करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि इन चुनावों में स्थानीय मुद्दे हावी रहते हैं। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र पर आरोप लगाया कि वह राजनीतिक कारणों से सीमा विवाद को तूल दे रहा है। सिद्धरमैया ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए अब तक सर्वदलीय बैठक बुला लेनी चाहिए थी।

गुजरात चुनाव के एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया देते हुए सिद्धरमैया ने कहा, देखते हैं कि आठ दिसंबर को चुनाव परिणाम आने पर क्या होता है। कुछ समाचार चैनलों ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के आगे रहने, जबकि कुछ अन्य ने भाजपा के आगे रहने का अनुमान जताया है, और कांटे की टक्कर रहने की बात कही है।

सिद्धरमैया ने कहा, समाचार चैनलों के अनुसार गुजरात में भाजपा आगे है। परिणाम आने दीजिए। किसी भी चुनाव में हमें जनादेश का सम्मान करना होगा। यहां, पत्रकारों से बातचीत में हालांकि उन्होंने इन दावों को खारिज कर दिया कि गुजरात चुनाव के परिणाम अगले साल होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव नतीजों के संकेतक होंगे। उन्होंने सवाल किया कि पंजाब विधानसभा चुनाव के परिणामों का असर क्यों नहीं पड़ेगा, जहां भाजपा को करारी शिकस्त मिली थी।

पंजाब में इस साल की शुरूआत में विधानसभा चुनाव हुए थे। सिद्धरमैया ने कहा, एक राज्य के चुनाव का दूसरे राज्य से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि स्थानीय मुद्दे, प्रशासन और लोगों की भावनाएं अलग-अलग होती हैं। संसदीय चुनाव में अलग बात होती है, क्योंकि वहां राष्ट्रीय मुद्दे प्रमुख होते हैं। विधानसभा चुनाव में राज्य विशेष के मुद्दे महत्वपूर्ण होते हैं।

गुजरात चुनाव के एग्जिट पोल में राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी का अनुमान जताया गया है, ऐसे में बोम्मई ने विश्वास जताया है कि कनार्टक में सत्तारूढ़ दल के पक्ष में जनादेश की लहर संभव है। सोमवार को विभिन्न एग्जिट पोल में गुजरात में भाजपा की वापसी होने और हिमाचल प्रदेश में कांटे की टक्कर का अनुमान जताया गया है। दोनों राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना आठ दिसंबर को होगी।

# दक्षिण कोरिया को हराकर ब्राजील क्वॉर्टर फाइनल में

एपी। दोहा



**चोट के** बाद वापसी कर रहे नेमार पूरी तरह से फिट नजर आए और उनके गोल से ब्राजील ने सोमवार को यहां दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर फीफा विश्व कप के क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई। नेमार ने चोट के बाद वापसी करते हुए कोरिया के खिलाफ पेनल्टी को गोल में बदला। इस गोल के साथ वह ब्राजील की ओर से सर्वाधिक गोल दागने के पेले के रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए।

नेमार राष्ट्रीय टीम की ओर से 76 गोल कर चुके हैं और वह पेले के रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं। पेले अभी साओ पाउलो के अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। नेमार के अलावा ब्राजील की ओर से अन्य गोल विनिसियस जूनियर (सातवें मिनट), रिचार्लिसन (29वें मिनट) और लुकास पेक्वेटा (36वें मिनट) ने दागे। ब्राजील की ओर से चारों गोल पहले हाफ में हुए। कोरिया की ओर से एकमात्र गोल पेक सेयुंग-हो ने 76वें मिनट में किया। नेमार ने मैच के बाद कहा, मैं बेहद डरा हुआ था। इस तरह की चोट के बाद वापसी करना बेहद मुश्किल होता है। मैं पूरी रात रो रहा था। मेरे परिवार को पता है कि मैं किस चीज से गुजर रहा था। लेकिन अंत में सब कुछ सही रहा। फिजियोथेरेपी कराना सफल रहा। पेले सांस के संक्रमण का इलाज करा रहे हैं जो कोविड-19 के कारण अधिक बढ़ गया है। उनकी हालत को लेकर ब्राजील और दुनिया भर के प्रशंसक चिंतित हैं। मैच के बाद नेमार इस महान फुटबॉल खिलाड़ी की तस्वीर वाला बैनर मैदान पर लाए, जिस पर पेले लिखा था। पूरी टीम ने इसके बाद मिडफील्ड के समीप इस बैनर के पीछे खड़े होकर तस्वीर खिंचाई। नेमार ने कहा, पेले जिस चीज से गुजर रहे हैं उसे देखते हुए उनके बारे में बात करना आसान नहीं है। हम उनके जल्द उबरने की कामना करते हैं। उम्मीद करते हैं कि इस बैनर और जीत से हमने उन्हें थोड़ा अधिक बेहतर महसूस करवाया होगा। दक्षिण कोरिया की टीम 2002 में सह मेजबान के रूप में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पहली बार प्री क्वॉर्टर फाइनल से आगे बढ़ने के लिए चुनौती पेश कर रही थी लेकिन ब्राजील ने उसका सपना तोड़ दिया। ब्राजील की टीम अब क्वॉर्टर फाइनल में शुक्रवार को क्रोएशिया से भिड़ेगी। क्रोएशिया ने प्री क्वॉर्टर फाइनल में नियमित और अतिरिक्त समय में मुकाबला1-1 से ड्रॉ रहने के बाद जापान को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया।

## मनदीप ने विश्व चैंपियन को हराया, नेहल ने जीते दो स्वर्ण

भाषा। नई दिल्ली

मनदीप कौर ने फाइनल में विश्व चैम्पियन ओक्साना कोजिना को हराकर उलटफेर किया जबकि नेहल गुप्ता ने दो स्वर्ण पदक हासिल किए जिससे भारत लीमा में समाप्त हुई पेरू पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 14 पदक जीतने में सफल रहा। भारतीय टीम ने इस प्रतियोगिता में कुल मिलाकर छह स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य पदक जीते। पिछले महीने तोक्यो में पैरा विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में कोजिना से हारने वाली मनदीप कौर ने महिलाओं के एसएल3 में 21-11, 21-11 से जीत दर्ज करके खिताब हासिल किया और यूक्रेन के खिलाड़ी से बदला भी चुकता किया। भारतीय खिलाड़ी ने बाद में कहा, मैंने ओक्साना को हराने के लिए ही विशेष रुप से इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था और मुझे खुशी है कि मैंने उससे बदला चुकता कर दिया।

मनदीप कौर ने इसके अलावा महिलाओं के युगल और मिश्रित युगल में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। मनदीप और केली एडिथ एरी एस्क्लांते महिला युगल फाइनल में पारुल परमार और वैशाली पटेल से 17-21 19-21 से हार गईं। इस बीच 17 वर्षीय गुप्ता ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए पुरुष एकल एसएल3 और पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 में स्वर्ण पदक जीते। गुप्ता ने पहले ब्राजील के योहान ब्रेनो के साथ जोड़ी बनाकर रेन्जो डिकेज़ बेनसेस मोरालेस और पेड्रो पाब्लो डी विनेता की स्थानीय जोड़ी को युगल में 21-16, 21-13 से हराया। इसके बाद उन्होंने फ्रांस के मैथ्यू थॉमस को 21-16, 21-14 से हराकर एकल खिताब जीता। भारत की निथ्या श्रे सुमथी सिवन ने विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पेरू की गिलियाना पोवेदा फ्लोरेस को महिलाओं के एसएच6 एकल के फाइनल में 21-6, 21-13 से हराकर स्वर्ण जीता। पैरा विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सुकांत कदम ने पुरुष एकल एसएल4 के फाइनल में सिंगापुर के ची हियोंग आंग को 21-14, 21-15 से हराया।

## बीडब्ल्यूएफ की साल की सर्वश्रेष्ठ पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी चुनी गई मनीषा, प्रणय और भगत चूके

भाषा। नई दिल्ली



**युवा भारतीय** खिलाड़ी मनीषा रामदास को मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी चुना गया। बीडब्ल्यूएफ ने सोमवार को 17 वर्षीय मनीषा को विजेता घोषित किया। मनीषा ने विश्व चैंपियनशिप के एसयू5 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2022 में कुल मिलाकर 11 स्वर्ण और पांच कांस्य पदक जीते। इस वर्ग में अन्य दावेदारों में भारत की नित्या श्री सुमति और मानसी जोशी, सेरिना सातोमी, गिलियाना पोवेदा फ्लोरेस और पिलार जौरगुई शामिल थीं। पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत और थॉमस कप विजेता एचएस प्रणय हालांकि बीडब्ल्यूएफ पुरस्कारों की दौड़ में पिछड़ गए। इस साल विश्व चैंपियनशिप में चौथी बार एकल स्वर्ण पदक जीतने वाले भगत को बीडब्ल्यूएफ के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी के वर्ग में नामित किया गया था लेकिन यह पुरस्कार डब्ल्यूएच2 वर्ग में विश्व चैंपियन और मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन डिकी काजिवारा को मिला जिन्होंने कुल 10 स्वर्ण और चार कांस्य पदक जीते। काजिवारा और भगत के अलावा इस पुरस्कार के लिए चीह लीक होउ, लुकास माजुर, च्यु मान काई और चोई जुंगमैन नामित थे। सक्षम बैडमिंटन खिलाड़ियों के पुरस्कार में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन को पुरुष एकल में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जबकि झेंग सी वेई और हुआंग या किओंग को सर्वश्रेष्ठ जोड़ी का पुरस्कार मिला। बीडब्ल्यूएफ ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में कहा कि एक्सेलसन ने एक नवंबर 2021 से 31 अक्टूबर 2022 की पात्रता अवधि के दौरान नौ खिताब जीते। उन्होंने इस दौरान दूसरी बार विश्व चैंपियनशिप खिताब भी जीता। साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकल खिलाड़ी जापान की अकाने यामागुची को चुना गया जिन्होंने नौ महीने के भीतर लगातार दो विश्व खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल की। उन्होंने ऑल इंग्लैंड और जापान ओपन का भी खिताब जीता। इस वर्ग में अन्य दावेदार आन से यंग और ताई ज़ू यिंग थे।

### वेस्टइंडीज महिला टीम पर धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना

**दुबई।** इंग्लैंड के खिलाफ एंटीगा में रविवार को खेले गए पहले महिला वनडे में धीमी ओवर गति के कारण वेस्टइंडीज की टीम पर मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पैनल के मैच रेफरी डेवोन हेंस ने यह जुर्माना लगाया क्योंकि वेस्टइंडीज ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे। खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के धीमी ओवर गति से जुड़े अनुच्छेद 2.22 के अनुसार निर्धारित समय में ओवर पूरे न करने पर खिलाड़ियों पर प्रति ओवर की दर से उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 307 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 142 रन से शिकस्त दी। आईसीसी के बयान के अनुसार वेस्टइंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज ने यह जुर्माना स्वीकार कर लिया है और इसलिए इस मामले में आगे सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

### आदित्य मित्तल भारत के 77वें ग्रैंडमास्टर बने

**चेन्नई।** आदित्य मित्तल स्पेन में चल रहे एक टूर्नामेंट के दौरान भारत के 77वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने। मुंबई के सोलह वर्षीय खिलाड़ी ने ग्रैंडमास्टर बनने के लिए जरूरी तीन मानदंड पहले ही हासिल कर लिए थे और स्पेन में चल रहे एलोब्रेगेट ओपन टूर्नामेंट के छठे दौर के दौरान उन्होंने 2,500 ईएलओ अंक का आंकड़ा पार कर लिया। उन्होंने स्पेन के शीर्ष खिलाड़ी फ्रांसिस्को वैलेजो पोंस के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेलकर यह उपलब्धि हासिल की। ग्रैंडमास्टर बनने के लिए, खिलाड़ी को तीन ग्रैंडमास्टर मानदंड को हासिल करने के अलावा लाइव रेटिंग में 2,500 ईएलओ अंकों को हासिल करने की जरूरत होती है। मित्तल ने सर्बिया मास्टर्स 2021 में अपना पहला ग्रैंड मास्टर मानदंड हासिल किया। इसके बाद उन्होंने एलोब्रेगेट ओपन 2021 में अपना दूसरा और फिर सर्बिया मास्टर्स 2022 में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। वह एलोब्रेगट ओपन में अब तक पांच अंक हासिल कर पांच अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर है। भरत सुब्रमण्यम, राहुल श्रीवास्तव, वी प्रणव वी और प्रणव आनंद के बाद मित्तल 2022 में ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाले पांचवें भारतीय हैं।

### स्वेपसन को भारतीय दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाने की उम्मीद

**मेलबर्न।** लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता जब भारत दौरे के लिए टीम का चयन करेंगे तो उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में उनके अनुभव पर भी गौर किया जाएगा। यह 29 वर्षीय स्पिनर 2017 में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ भारत दौरे पर आया था। उन्हें श्रीलंका और पाकिस्तान में भी खेलने का अनुभव है। क्रिकेट.सीओ.एयू के अनुसार स्वेपसन ने कहा, एक चीज जो मुझे अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों पर बेहतर बनाती है वह है उपमहाद्वीप में चार टेस्ट मैच खेलना। मुझे पाकिस्तान और श्रीलंका में खेलने का अनुभव है और उम्मीद है कि चयन के समय मेरे इस अनुभव पर गौर किया जाएगा। उन्होंने कहा, श्रीलंका में मैंने जिस तरह से गेंदबाजी की उससे वे खुश थे इसलिए इसे ध्यान में रखते हुए मुझे पूरा विश्वास है कि कम से कम चयन समिति की बैठक में मेरे नाम पर विचार जरूर किया जाएगा और मैं निश्चित तौर पर दौरा करने वाली टीम का सदस्य बनना चाहता हूं। इसमें कोई संदेह नहीं है। स्वेपसन 2017 में तीसरे स्पिनर के रूप में भारत दौरे पर आए थे।

## हारिस राउफ की चोट के बाद पाकिस्तान टीम से जुड़ेंगे मोहम्मद अब्बास और हसन अलीः सूत्र

भाषा। कराची

**पाकिस्तान क्रिकेट** बोर्ड (पीसीबी) दाएं पैर की जांघ में ग्रेड दो की चोट के कारण तेज गेंदबाज हारिस राउफ के मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर होने के बाद तेज गेंदबाजों मोहम्मद अब्बास और हसन अली को बाकी बचे दो टेस्ट के दौरान टीम से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ रावलपिंडी में पहले टेस्ट के दौरान इस प्रारूप में पदार्पण करने वाले 29 साल के राउफ ने पहले दिन सपाट पिच पर 13 ओवर गेंदबाजी की और वह काफी महंगे साबित हुए। बाद में क्षेत्ररक्षण करते हुए वह चोटिल हो गए। राउफ ने इसके बाद मैच में दोबारा गेंदबाजी नहीं की। इंग्लैंड ने सोमवार को पहला टेस्ट 74 रन से जीता।

पाकिस्तान टीम में अब सिर्फ तीन तेज गेंदबाज बचे हैं जिसमें से मोहम्मद वसीम जूनियर को टेस्ट पदार्पण का इंतजार है जबकि मोहम्मद अली ने भी पहले टेस्ट के दौरान पदार्पण किया। विश्वसनीय सूत्र ने इस बीच कहा है कि टीम प्रबंधन नौ दिसंबर से मुल्तान में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पहले अन्य खिलाड़ियों को टीम से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। सूत्र ने कहा, हसन अली और मोहम्मद अब्बास को टीम से जोड़े जाने की संभावना है क्योंकि टीम के पास नेट में गेंदबाजी करने के लिए भी गेंदबाजों की कमी है। लेकिन योजना संभवतः दूसरे टेस्ट में तीन स्पिनरों और सिर्फ दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने की है क्योंकि मुल्तान में स्पिन की अनुकूल पिच तैयार करने के प्रयास हो रहे हैं। इस बीच एक सूत्र ने कहा कि पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा पहले टेस्ट में पाकिस्तान टीम के प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। सूत्र ने बताया कि पूर्व टेस्ट कप्तान राजा ने मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम और घरेलू क्रिकेट के प्रमुख नदीम खान को बल्लेबाजी कोच मोहम्मद यूसुफ के साथ काम करने के लिए मुल्तान भेजा है जिससे कि दूसरे टेस्ट के लिए नतीजा देने वाली पिच तैयार की जा सके। दूसरा टेस्ट मुल्तान में नौ दिसंबर से जबकि तीसरा टेस्ट कराची में 17 दिसंबर से खेला जाएगा।

## पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली स्थानीय मैच में दर्शकों से भिड़े

भाषा। कराची

**पाकिस्तान टीम** से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज हसन अली रविवार को पंजाब प्रांत के आरिफवाला में आयोजित एक क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान एक दर्शक को मारने के लिए दौड़ पड़े। सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए एक वीडियो में एक दर्शक लगातार हसन अली के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहा है जिसके बाद वह इस दर्शक को पीटने के दौड़ पड़ते है लेकिन आयोजकों ने उन्हें बीच में ही रोककर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। इस घटना ने पाकिस्तान के दो पूर्व कप्तानों, इंजमाम-उल-हक और यूनिस खान के इस तरह की झगड़े की याद दिला दी।

हसन जब सीमा रेखा के पास क्षेत्ररक्षण कर रहे थे तभी एक दर्शक पिछले साल यूएई में खेले गए विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान के सेमीफाइनल मैच में कैच टपकाने को लेकर हसन पर ताना मारना शुरू कर देता है। हसन ने लगातार इस तरह की बातों के छेड़े जाने के बाद भी कुछ देर तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन फिर दर्शक दीर्घा खड़े व्यक्ति के साथ कहासुनी में उलझ पड़े और उसे आक्रामक होकर उसकी ओर दौड़ने लगे। आयोजकों ने हालांकि उन्हें बीच में ही रोक लिया लेकिन भीड़ में कुछ दर्शकों ने उनकी इस हरकत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हसन का रवैया एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के अनुरूप नहीं था। हसन के एक करीबी सूत्र ने कहा कि दर्शक द्वारा अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के बाद गेंदबाज अपना आपा खो बैठा था। उन्होंने कहा, हसन स्थानीय क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए टूर्नामेंट में खेल रहे थे और उनके साथ ऐसी हरकत हुई।

## बीसीसीआई ने मुख्य कोच पोवार को एनसीए भेजा, कानितकर बल्लेबाजी कोच बने

महिला क्रिकेट

भाषा। नई दिल्ली



**महिला टी20** विश्व कप के आयोजन में जब सिर्फ दो महीने बचे हैं तब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत मंगलवार को मुख्य कोच रमेश पोवार को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) भेज दिया। बीसीसीआई ने महिला टीम के लिए मुख्य कोच के नाम की घोषणा नहीं की है लेकिन पुरुष ए और अंडर-19 टीम से जुड़े ऋषिकेश कानितकर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ दिसंबर से मुंबई में शुरू हो रही घरेलू श्रृंखला से पहले नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है।

बीसीसीआई ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, सीनियर महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश पोवार राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के क्रिकेट प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के साथ जुड़ेंगे और बीसीसीआई की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत पुरुष क्रिकेट के साथ काम करेंगे। इसके अनुसार, बीसीसीआई सोमवार (मंगलवार) को ऋषिकेश कानितकर को सीनियर महिला क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा करता है। कानितकर मुंबई में नौ दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए टीम के साथ जुड़ेंगे। पोवार को मई 2021 में दूसरे कार्यकाल के लिए महिला टीम के साथ जोड़ा गया था और उनके मार्गदर्शन में टीम बर्मिघम में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक के अलावा अधिक प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाई। भारतीय टीम इस साल न्यूजीलैंड में हुए 50 ओवर के विश्व कप के सेमीफाइनल में भी जगह नहीं बना पाई थी। कानितकर ने अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मुझे इस टीम में जबर्दस्त संभावनाएं दिख रही हैं और हमारे पास युवाओं तथा अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। मेरा मानना है कि यह टीम आगे की चुनौती के लिए तैयार है। हमें कुछ बड़ी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना है और यह टीम के लिए तथा बल्लेबाजी कोच के रूप में मेरे लिए रोमांचक होने वाला है। पोवार एनसीए के साथ स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में जुड़ेंगे। एनसीए प्रमुख लक्ष्मण ने कहा, पोवार के जुड़ने (स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में) से, हमें यकीन है कि वह अपनी विशेषज्ञता और अनुभव को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लाएंगे। घरेलू, आयु-वर्ग क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में काम करने के बाद मुझे यकीन है कि वह खेल की बेहतरी में सक्रिय भूमिका निभाएगा। मैं एनसीए में उनकी नई भूमिका में उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। पोवार ने महिला टीम को कोचिंग देने के अपने अनुभव पर कहा, इन वर्षों में मैंने खेल के कुछ दिग्गजों और देश की उभरती प्रतिभाओं के साथ मिलकर काम किया है। एनसीए में अपनी नई भूमिका के साथ मैं भविष्य के लिए प्रतिभाओं को तैयार करने में मदद करने के लिए अपने अनुभव का इस्तेमाल करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा, मैं खेल और बैंच स्ट्रैंथ के विकास के लिए लक्ष्मण के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। बीसीसीआई ने इस महीने की शुरुआत में नई क्रिकेट सलाहकार समिति का गठित की है और अब देखना होगा कि मुख्य कोच की नियुक्ति जल्द की जाती है या नहीं।

## रणजी ट्रॉफी में नजर आएंगी तीन महिला अंपायर

भाषा। नई दिल्ली

**रणजी ट्रॉफी** के दौरान भारतीय क्रिकेट में एक नई पहल की शुरुआत होगी जब तीन महिला अंपायर वृंदा राठी, जननी नारायण और गायत्री वेणुगोपालन अंपायरिंग करती हुई नजर आएंगी। भारतीय क्रिकेट में यह पहला अवसर होगा जबकि महिला अंपायर पुरुष क्रिकेट मैच में मैदानी अंपायर के रूप में काम करेंगी। गायत्री पूर्व में रणजी ट्रॉफी में रिजर्व यानी चौथे अंपायर की भूमिका निभा चुकी हैं।

रणजी ट्रॉफी 13 दिसंबर से शुरू हो रही है और संयोग से इसी दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भाग लेगी। ऐसे में इन तीन महिला अंपायरों को रणजी ट्रॉफी में चुनिंदा मैचों में ही अंपायरिंग करने का मौका मिल पाएगा। चेन्नई की रहने वाली नारायण और मुंबई की रहने वाली राठी मंझी हुई अंपायर हैं और उन्हें 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अंपायरों के विकास पैनल में शामिल किया गया था।

जननी और वृंदा के साथ दिल्ली की रहने वाली गायत्री भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पैनल में शामिल तीन पंजीकृत महिला अंपायर हैं। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि इन तीनों महिला अंपायर के लिए पुरुष खिलाड़ियों से निपटना बड़ी चुनौती होगी। रणजी ट्रॉफी में काफी कुछ दांव पर लगा होता है और मैदान पर खिलाड़ी अपनी आक्रामकता दिखा सकते हैं। बीसीसीआई अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई से कहा, अंपायर के रूप में आप मैदान पर नरम रवैया नहीं अपना सकते हैं अन्यथा खिलाड़ी आपको डराने का प्रयास करेंगे। आपको सख्त रवैया अपनाना होगा और नियमों को अच्छी तरह से लागू करना होगा। खिलाड़ियों के साथ संवाद महत्वपूर्ण होता है। लेकिन ए तीनों अंपायर अच्छा काम कर रही हैं और उम्मीद है कि वे रणजी ट्रॉफी में भी अच्छा काम करेंगी।

बत्तीस वर्षीय राठी ने मुंबई के मैदानों में अपनी अंपायरिंग निखारी जबकि 36 वर्षीय नारायण ने अंपायरिंग के लिए सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी छोड़ दी थी। वेणुगोपालन 43 साल की हैं और उन्होंने बीसीसीआई परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 2019 में अंपायरिंग शुरू की थी। महिला अंपायरिंग के मामले में बीसीसीआई को अभी बहुत कुछ करना है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में पुरुष क्रिकेट में महिलाएं पहले ही अंपायरिंग का जिम्मा संभाल चुकी हैं। बीसीसीआई के 150 पंजीकृत अंपायरों में केवल तीन महिला अंपायर शामिल हैं। बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, रणजी ट्रॉफी में हम उनके मैचों के लिए योजना नहीं बना सकते हैं लेकिन हम उनकी उपलब्धता के अनुसार उन्हें मैच देंगे। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम भारत आ रही है और उसके बाद न्यूजीलैंड ए टीम का दौरा होगा। इसके अलावा घरेलू महिला क्रिकेट भी है। हमें उसमें भी उनकी जरूरत पड़ेगी।

## खराब फॉर्म में चल रहे धवन की निगाह स्वीप शॉट में महारत हासिल करने पर

भाषा। मीरपुर



**पिछले कुछ** समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे अनुभवी भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अगले साल स्वदेश में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों के तहत स्वीप शॉट और रिवर्स हिट पर काम कर रहे हैं। धवन पिछले नौ मैचों में केवल एक अर्धशतक बना पाए हैं और विश्व कप से पहले इस 37 वर्षीय बल्लेबाज का टीम में स्थान खतरे में लगता है। बांग्लादेश श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किए गए शुभमन गिल को विकल्प में कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे वनडे से पहले धवन के साथ विशेष अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया।

धवन ने भारत के लिए करो या मरो जैसा बने इस मैच की पूर्व संध्या पर कहा, अधिक अभ्यास करना अच्छा होता है। इन परिस्थितियों में इन शॉट (स्वीप शॉट और रिवर्स हिट) को खेलने से मदद मिलती है। यहां तक की विश्व कप भी भारत में होगा जहां स्पिनर अपना प्रभाव छोड़ेंगे, वहां भी ए शॉट मददगार होंगे। मुझे इस तरह के शॉट खेलने में मजा आता है। इन परिस्थितियों में अभ्यास करना अच्छा रहा। धवन के रन बनाने के लिए जूझने के कारण भारत को हाल में पावर प्ले में नुकसान हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे में धवन ने 17 गेंदों पर सात रन बनाए और भारतीय टीम 41.2 ओवर में 186 रन पर आउट हो गई। धवन ने कहा, यह पहला अवसर नहीं है जबकि हमने श्रृंखला का पहला मैच गंवाया। यह सामान्य बात है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में वापसी कैसे करनी है। हम वापसी करने को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है। बांग्लादेश का स्कोर एक समय नौ विकेट पर 136 रन था लेकिन मेहंदी हसन और मुस्तफिजुर रहमान ने आखिरी विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। धवन ने कहा, ऐसा अक्सर नहीं होता है लेकिन उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। इसमें कोई शक नहीं कि बांग्लादेश ने अच्छी क्रिकेट खेली। उन्होंने कहा, हमने समीक्षा की है कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है। निश्चित तौर पर आगामी मैचों में हम अधिक प्रभाव छोड़ेंगे। हम बेहद सकारात्मक हैं और अगला मैच खेलने के लिए उत्सुक हैं। धवन ने स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर के बारे में कहा, जब से उसने वापसी की है वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। यहां तक कि न्यूजीलैंड में भी उसने एक शानदार पारी खेली थी और अच्छी गेंदबाजी की थी। वह बहुत अच्छा ऑलराउंडर है। प्रभाव छोड़ने वाला एक स्पिनर और निचले क्रम में बल्लेबाजी करने वाला उपयोगी बल्लेबाज। वह जितने अधिक मैच खेलेगा उतना उसके खेल में निखार आएगा।

## स्कूल एक्टिवेशन प्रोग्राम से हॉकी के सुनहरे दिनों को वापस लाने की कोशिश

भाषा। भुवनेश्वर

**हॉकी इंडिया** ने अगले महीने शुरू होने वाले एफआईएच पुरुष विश्व कप 2023 से पहले युवाओं को इस खेल की ओर आकर्षित करने के लिए स्कूल एक्टिवेशन प्रोग्राम शुरू किया है। तोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम की सफलता ने बड़ी संख्या में युवाओं को हॉकी की ओर आकर्षित किया है। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक प्रशंसकों एवं खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को ध्यान में रखकर भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 से पहले हॉकी इंडिया इस खेल को अपने स्कूल एक्टिवेशन प्रोग्राम के जरिए विभिन्न स्कूलों तक ले जा रहा है।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस कार्यक्रम के बारे में कहा, इसके पीछे हमारा मकसद युवाओं को यह अनुभव करने का अवसर देना है कि हॉकी खेलकर कैसा लगता है और इसमें कितना मजा आता है। इसका उद्देश्य उनकी रुचि को जगाना भी है क्योंकि इनमें से कुछ छात्र पेशेवर रूप से हॉकी खिलाड़ी बन सकते हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक, इस कार्यक्रम के तहत हॉकी इंडिया का एक दल मध्यप्रदेश के 100 स्कूलों में जाएगा और हॉकी से जुड़े कौशल का सत्र का आयोजन करेगा। इसके बाद, फाइव-ए-साइड प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा जिससे बच्चों को हॉकी स्टिक पकड़ने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस कार्यक्रम के शुरूआती दौ मध्य प्रदेश के पांच क्षेत्रों नर्मदापुरम, उज्जैन, इंदौर, भोपाल और जबलपुर में 500 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। स्कूल एक्टिवेशन प्रोग्राम को आने वाले हफ्तों में अन्य राज्यों में भी ले जाया जाएगा।